





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 126
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 17 फरवरी, 2024



# किसान आंदोलन में दो मौत

## किसान आंदोलन: चौथा दिन, शंभू बॉर्डर पर फिर हंगामा, आंसू गैस के गोले छोड़े, पंजाब में दुकानें बंद, हाईवे ब्लॉक, हरियाणा में टोल-फ्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच का शुक्रवार को चौथा दिन अंबाला में एक तैनात जीआरपी के एसआई हीरालाल की मौत हो गई। इसकी वजह आंसू गैस के गोले से दम घुटना बताई जा रही है। संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संघ ने शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद बुलाया है। इसमें गांवों में दुकानें बंद करने और किसानों के खेतों में काम न करने को कहा गया है। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल में बाजार बंद हैं। रोडवेज की बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर है। बीकेयू (चढ़ूनी) के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के कई टोल नाकों को 3 घंटे के लिए फ्री कराया। वहीं, गुरुवार 15 फरवरी को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच तीसरे दौर की बातचीत भी बेनतीजा रही। बैठक देर रात में करीब साढ़े 5 घंटे चली। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने एमएसपी पर कानून बनाने के लिए कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें किसान और सरकार दोनों के प्रतिनिधि होंगे। किसान नेता एमएसपी गारंटी पर अड़े रहे। मीटिंग में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, नित्यानंद राय के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। अब रविवार 18 फरवरी शाम 6 बजे फिर से बैठक होगी। तब तक दोनों पक्षों ने शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया है।

### शंभू बॉर्डर पर तैनात जीआरपी के एसआई की मौत

हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर पर तैनात जीआरपी के एसआई की मौत हो गई। कर्मचारी की पहचान हीरालाल (निवासी गांव चुलकाना, पानीपत) के रूप में हुई है। इनकी पोस्टिंग जीआरपी समालखा चौकी में थी। इनकी ड्यूटी हाल ही में किसान आंदोलन के चलते अंबाला में लगी थी। बताया जा रहा है कि आंसू गैस के गोलों से दम घुटने से उनकी मौत हुई। अमृतसर में कांग्रेस की जिला इकाई की तरफ से किसानों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हॉलगेट को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया। वहीं, पुलिस भी चौक पर मौजूद है और ट्रेफिक को दूसरे रास्तों पर डाइवर्ट किया जा रहा है।

### किसान नेता बोले, हमें भड़काया ना जाए

किसान नेता सरवण सिंह ने कहा कि हमें भड़काया ना जाए। हमें सपोर्ट मिल रहा है। ये संघर्ष बढ़ता जा रहा है। हरियाणा में तीन धरने चल रहे हैं। वहां इंटरनेट बंद है, इसलिए उनकी सूचनाएं मिल नहीं रही। गाजीपुर से भी किसान दिल्ली की तरफ बढ़ रहे हैं। हमें एंटी नेशनल और खालिस्तानी बोला जा रहा है। दरअसल, हमारी छवि खराब की जा रही है। पीएम मोदी को पता है कि अगर पूरे देश के किसान खड़े हो गए तो मांगें माननी पड़ेंगी। इसके साथ ही स्पष्ट करना चाहते हैं कि किसान अपना फोरम किसी भी पार्टी को नहीं देंगे, जो लोकसभा चुनाव लड़ने वाली हैं।

### हार्ट अटैक से किसान की मौत

शंभू बॉर्डर पर एक किसान ज्ञान सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे गुरदासपुर के चाचौकी गांव के रहने वाले थे। गांव के सरपंच जगदीश सिंह ने इसकी पुष्टि की है। ज्ञान सिंह 11 फरवरी को किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के जत्थे के साथ शंभू बॉर्डर पर गए थे। उधर, पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने भी एक्स पर ज्ञान सिंह की जानकारी दी। खैहरा ने लिखा- एक तरफ भाजपा सरकार मांगों को हल करने के लिए किसान नेताओं से बात कर रही है और उसी समय दिल्ली पुलिस किसानों से निपटने के लिए आंसू गैस के गोले दागने का आदेश दे रही है। किसानों के मामले में हरियाणा भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे पंजाब कांग्रेस के नेताओं को चंडीगढ़ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस का तर्क है कि चंडीगढ़ में धारा-144 लगी हुई है। ऐसे में वहां पर इस तरह प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के सारे नेताओं को एक बस में सेक्टर-11 के थाने लेकर पुलिस जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में बंद का असर नहीं दिखा

- अंबिकापुर में कांग्रेस ने बंद से दूरी बनाए रखी। कांग्रेसी न तो दुकान बंद कराने निकले और न कहीं सक्रिय दिखे। दुकानें आम दिनों की तरह खुली रहीं।
- कोरिया जिले में भारत बंद का असर दिखा। कांग्रेसी सुबह दुकानें बंद कराने सक्रिय रहे। कांग्रेसियों के आह्वान पर दुकानें बंद रहीं।
- बलरामपुर जिले में भी भारत बंद का असर नहीं दिखा। बलरामपुर और रामानुजगंज में दुकानें सुबह से खुली रहीं। बंद को लेकर कांग्रेसियों ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई।
- मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में भी भारत बंद का असर नहीं दिखा। मनेंद्रगढ़ में दुकानें आम दिनों की तरह खुली रहीं। कांग्रेसी भी सक्रिय नहीं दिखे।

### राकेश टिकैत बोले, जल्द दिल्ली जाने पर लेंगे फैसला

किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा दिए गए भारत बंद की अपील पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। टिकैत ने कहा, हम फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने, किसानों की कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी दिल्ली जाने की कोई योजना है, टिकैत ने कहा, शनिवार को सिसौली (मुजफ्फरनगर) में एक मासिक पंचायत है, उसमें आगे की रणनीति तय करेंगे।

### गली बैठक में किसानों के मुद्दे सुलझाने की दिशा में काम होगा: अनुराग ठाकुर

किसान के साथ बैठक को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, किसानों से चर्चा के लिए अगला दिन रविवार तय किया गया है। मुझे उम्मीद है कि सकारात्मक माहौल में होगी और हम किसानों के मुद्दे को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने किसानों के लिए कई कदम उठाए हैं।

### अखिलेश ने साधा मोदी सरकार पर निशाना


शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसान की मौत के मामले में अखिलेश सरकार ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी गुरदासपुर के सरदार ज्ञान सिंह की मौत बेहद दुखद समाचार है। श्रद्धांजलि! सुप्रीम कोर्ट भाजपा से इलेक्टोरल बॉन्ड के साथ-साथ किसान आंदोलनों में हुई किसानों की मौत का हिसाब भी मांगे। जीवन देनेवाले का जीवन लेनेवाले लोगों का अब अंत समय आ गया है।

### किसानों की मौत पर बीजेपी ने एक शब्द नहीं बोला: सुखपाल सिंह

ऑल इंडिया किसान कांग्रेस चेयरमैन सुखपाल सिंह ने कहा, एक तरफ से उनको पीट रहे हैं। दूसरी तरफ किसानों को बातचीत के लिए बुला रहे हैं। फिर भी किसान बातचीत के लिए रात 1 बजे जा रहे हैं। किसान कभी बात से पीछे नहीं हटे। मेरा मानना है कि देश की सरकार अपने वादों से पीछे हट रही है। किसानों ने एक महीने पहले आंदोलन का ऐलान किया, आपको तब बात करनी चाहिए थी। पिछले आंदोलन में 600 से ज्यादा किसान मर गए लेकिन बीजेपी सरकार ने एक भी शब्द नहीं बोला।

### पंचकूला के चंडी मंदिर टोल पर आवाजाही शुरू

हरियाणा में 3 बजे के बाद किसान टोल प्लाजा से वापस लौटने लगे हैं। पंचकूला के चंडी मंदिर टोल पर वाहनों की आवाजाही दोबारा शुरू हो गई है। शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों के समर्थन में बीकेयू (चढ़ूनी गुट) ने दोपहर 12 से 3 बजे टोल फ्री करने का ऐलान किया था। पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक ने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत से उगाई सब्जियां, अनाज, दूध दिल्ली में आ सकते हैं। फिर उसे पैदा करने वाले किसान अपना हक मांगने दिल्ली क्यों नहीं आ सकते?



# यूपी में महंगा होगा एक्सप्रेसवे पर सफर

## पांच से 10 फीसदी के बीच बढ़ोत्तरी की जा सकती है

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे हो या बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे या फिर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे इन सभी के टोल रेट बढ़ेंगे
- टोल रेट बढ़ाने से पहले पूरे वर्ष की गणना व खर्च का पूरा पूरा आकलन किया जाएगा
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे को भी इस दायरे में रखा गया है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** एक्सप्रेस वे पर फर्राटा भरना आराम देह होने के साथ ही खर्चीला भी हो जाएगा। नए वित्त वर्ष से ही एक्सप्रेस वे टोल टैक्स बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे हो या बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे या फिर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे इन सभी के टोल रेट बढ़ाने से पहले पूरे वर्ष की गणना व खर्च का पूरा पूरा आकलन किया जाएगा। इस काम के लिए एक्सपर्ट को चुना जा रहा है। पिछली वृद्धि को देखकर सभी एक्सप्रेस वे के टोल रेट में बदलाव करते हुए पांच से 10 फीसदी के बीच बढ़ोत्तरी की जा सकती है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे को भी इस दायरे में रखा गया है। एक्सप्रेस वे पर टोल रेट वसूलने का अधिकार यूपी एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी के पास है। टोल की दरों में बढ़ोतरी का अधिकार भी प्राधिकरण के पास ही है।

### समीक्षा के लिए एक सलाहकार कंपनी को प्राधिकरण चुनेगा

नए वित्त वर्ष 24-25 की बात करें तो इसमें टोल दरों की समीक्षा के लिए एक सलाहकार कंपनी को प्राधिकरण चुनेगा। जो टोल दरों में वृद्धि के संबंध रिपोर्ट जारी कर देगी। टोल की नई दरें थोक व महंगाई दर के आधार पर ही निर्धारित की जाएगी। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के टोल दरें टोल प्लाजा किस जगह पर स्थिति है, टोल प्लाजा के बीच कितनी दूरी है और लागत कितनी लगी है इसके आधार पर टोल का निर्धारण सलाहकार के द्वारा किया जाएगा।

## यूपी में छह माह हड़ताल पर पाबंदी, सभी विभागों निगमों और प्राधिकरणों में तत्काल प्रभाव से लागू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



देश में चल रहे किसान आंदोलन के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने छह माह के लिए हड़ताल पर पाबंदी लगा दी है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, लोक हित में ऐसा करना आवश्यक है। सरकारी विभागों, राज्य सरकार के अधीन सभी निगमों और प्राधिकरणों पर भी यह नियम लागू होगा।

## राम मंदिर में अरबपतियों के लिए बिछी कालीन, गरीब के लिए कुछ नहीं: राहुल



जन एक्सप्रेस । चंदौली

राहुल ने कहा कि अरबपतियों के लिए कालीन बिछी है, गरीबों के लिए कुछ नहीं। टीवी में ऐश्वर्या राय डांस करते हुए और अभिताभ बच्चन बल्ले बल्ले करते दिखेंगे... किसी गरीब की समस्या नहीं। जनता से पूछा राम मंदिर आयोजन में क्या कोई गरीब दिखा, मजदूर दिखा.... दिखे अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, अडानी और अंबानी। चंदौली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनसभा के में राहुल गांधी ने अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या राय का नाम 6 बार लिया। नेशनल इंटर कॉलेज के ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बॉर्डर पर आते ही पता चल गया कि यूपी में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हम भाषण नहीं देते, आपसे 7-8 घंटे मिलते हैं, आपका दुःख दर्द सुनते हैं फिर आखिर में 15 मिनट बोलते हैं।

### पदयात्रा केवल नाम की

जनसभा स्थल से महज 400 मीटर दूरी पर स्थित शहीद स्मारक के लिए भी राहुल गांधी कार से पहुंचे। जनसभा के मंच तक भी राहुल गांधी ओपन कार से पहुंचे।

### फतेहपुर में दर्दनाक सड़क हादसा: तेज रफ्तार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन लोगों की मौके पर ही मौत, चालक फरार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली स्थित पावर ग्रीड के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने तीन बाइक सवार लोगों को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे का शिकार बने तीनों बाइक सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है।



## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/ चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण में उन्होंने कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया। इसके बाद उन्होंने आदेश-कक्ष में जाकर कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स, कार्यालय, ट्राफिक राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने चित्रकूट इंटर कॉलेज में हुए बुन्देलखण्ड महोत्सव में विस्फोट में मारे गए चार छात्रों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही कहा कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रूपए की आर्थिक मदद दी जानी चाहिए।

### एक वांछित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारण्टी, वाँछित की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक रामवीर सिंह तथा आरक्षी धीरेन्द्र किशोर, लोकेन्द्र सिंह द्वारा वांछित राजेश कुमार द्विवेदी पुत्र शिवसागर निवासी बाल्मीकी नगर को गिरफ्तार किया गया।

### 20 को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 17 फरवरी शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा और 19 फरवरी को ग्राउड ब्रेकिंग सेरेमनी के मद्देजनर शनिवार को होने वाले तहसील दिवस की तिथि बढ़ा दी गयी है। अब 20 फरवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस मानिकपुर में सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहकर जन समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

### युवती समेत दो ने जहर खाया

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर के जवाहर नगर निवासी शालू (18) पुत्री जगदीश ने शुक्रवार की सुबह घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। इसी तरह शहर के खुटला मोहल्ला निवासी रामजी (20) पुत्र लालबहादुर ने गुरूवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मिस्त्री ने महिला से किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मकान निर्माण में लगे मिस्त्री ने महिला को दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की चीखपुकार सुनकर घर के बाहर खेल रहे बच्चे दौड़ पड़े। आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया।
चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक बड़कई उर्फ शारदा प्रसाद पड़ोसी 33 वर्षीय महिला के घर पर मकान निर्माण कर करता है।

# सपा, बसपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियों सहित 850 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सदर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शहर बांदा के मण्डपम मैरिज हॉल में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित हुये मिलन समारोह कार्यक्रम में विभिन्न राजनैतिक दलों से लगभग 850 लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की नितियों में विश्वाश जताते हुये भाजपा का दामन थामा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बडा राजनैतिक दल है तथा भाजपा एक पार्टी नहीं अपितु एक विचार है जहॉ पदाधिकारी पदाधिकारी बदलते है लेकिन विचार नहीं, उन्होने ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहॉ बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच पाता है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर0के0 पटेल ने सभी शामिल हुये सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बताया कि भाजपा इस अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुचेगी, उन्होने पार्टी पदाधिकारियों से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओ को इस अभियान से जुड़ने के लिए संकल्पित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि इस विशेष सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए टोल फ्री नम्बर (8140200200) जारी किया गया है। टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल के अलावा भाजपा की ओर से जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पार्टी की सदस्या ग्रहण कर सकते है। उक्त कार्यक्रम में भाजपा की नितियों व राष्ट्रवाद के साथ साथ देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की कार्यशैली से प्रभावित होकर प्रमुख रूप से अशोक वर्मा पूर्व सचिव बसपा, प्रकाश साहू योगा गुरू, राजेन्द्र विश्वकर्मा पूर्व पोस्टमास्टर, विन्दा प्रसाद सोनी पूर्व प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक, मनीराम यादव जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ सपा, अर्नव प्रताप निगम प्रदेश सचिव छात्र महासभा सभा, छोटे लाल यादव पूर्व लोक सभा प्रत्याशी, अजय पाण्डेय प्राचार्य रामनाथ दुबे बी0एस0 कालेज बांदा, जय किशोर तिवारी प्रवक्ता राजा देवी डिग्री कालेज बांदा, पंकज कुमार, पंकज रावत, राजेश सिंह परिहार पूर्व प्राचार्य कृषि महाविद्यालय जिला परिषद, अमर सिंह यादव, सुरेश कुमार उपध्याय, जुगुल किशोर प्रधान बाबा तालाब, विद्याननन्द राजपूत प्रधान कतरावल, ओम प्रकाश निषाद प्रधान कहला, महेश प्रसाद प्रधान गुमाई, रामबहोरी प्रधान गंन्छा, नर्मदा प्रसाद प्रधान बिसण्डा ग्रामीण, प्रदीप सिंह बिसण्डा युवाजनसभा व दिनेश साहू पिपरी बूथ अध्यक्ष सपा सहित अत्यधिक स्तर में सपा, बसपा, कांग्रेस व अन्य दलो के लगभग 850 लोगो ने भाजपा की सदस्यता गृहण करते हुये भाजपा का दामन थामा इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेकानन्द गुप्ता, कल्लू राजपूत, अखिलेश नाथ दीक्षित, बांदा सदर विधान सभा सदस्यता कार्यक्रम संयोजक राजकुमार राज, बांदा सदर विधान सभा संयोजग पंकज रैकवार, मण्डल अध्यक्ष नगर उत्तरी सन्तोष गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष नगर दक्षिणी राकेश गुप्ता दद्दू, मण्डल अध्यक्ष बिसण्डा रंजीत सिंह, मण्डल अध्यक्ष महुआ रामकृष्ण शुक्ला सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मायके आई गर्भवती युवती ने नदी किनारे लगे बबूल के पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर खुकदुशी कर लिया। खोजबीन करते हुए मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधनकला के मजरा पांडवन डेरा निवासी सुमन (22) पत्नी रामलखन गर्भवती थी। गुरूवार की दोपहर सास और देवर सुमन को उसके मायके कुकुआ खास छोड़ गए थे। कुछ देर बाद सुमन अपने घरवालो की निगाह बचाकर घर से चली गई। घर से करीब पांच सौ मीटर दूर नदी किनारे लगे बाबूल के पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। देर शाम तक जब सुमन अपने घर नही लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन किया। देर शाम नदी किनारे पहुंचे बड़े भाई चद्रबली ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया।

## समाजवादी पार्टी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

समाजवादी पार्टी में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष छात्र सभा यशवंत यादव तथा कुलदीप मिश्रा को प्रदेश सचिव छात्र सभा का सम्मान समारोह का कार्यक्रम समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा के अध्यक्षता में किया गया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छात्रों के हितैषी हैं समाजवादी पार्टी सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा छात्रों को बेरोजगारी भत्ता, लैपटॉप वितरण कन्या विद्या धन आदि महत्वपूर्ण कार्य छात्र छात्र हित किया गया
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विशंभर निषाद राष्ट्रीय संबोधित ने अपने सम्बोधन में छात्रों को अपने अधिकारों को पहचानने तथा अपने दायित्व का निर्वाहन करने सम्बंधित जानकारी दी।
इसी क्रम में छात्र सभा के जिला अध्यक्ष यशवंत यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को एकजुट होकर अपने अधिकारों को पहचान तथा बेरोजगारी के खिलाफ संघर्ष करके आह्वान किया कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव एजाज ने किया कार्यक्रम में नंदकिशोर, अजय श्रीवास, अचिन खरे, सुनील,अशोक कुमार दिगंबर सिंह, सौरभ सिंह, निर्भय द्विवेदी कीरत यादव बबलू निषाद राजू अजय यादव राज कुशवाहा जगराम तेज बहादुर अवधेश यादव हिमांशु आदि आदर्श संगठन के साथ मौजूद रहे।

## भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा व महायज्ञ का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



महर्षि मार्कंडेय ऋषि की तपोस्थली मारकुंडी के किहुंनिया गौशाला स्थित देवी मंदिर मे श्रीमद्भागवत कथा, शिवशक्ति महायज्ञ व देवी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 16 से 24 फरवरी तक होगा। शुक्रवार को किहुनिया गौशाला के देवी मंदिर में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं शिवशक्ति महायज्ञ बड़े धूमधाम से शुरू किया गया। किहुंनिया गौशाला स्थित देवी मंदर से नईबस्ती, डीपू गांव, मारकुंडी कस्बा, शीतलपुरव समेत आधा दर्जन गांवों का पैदल भ्रमण कर कलश शोभायात्रा हुई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने गाजेबाजे के साथ 8 किमी पैदल चलकर शोभायात्रा की। सप्त दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक जबलपुर से पधारे सुदामा महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत कथा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व प्रधान विनय द्विवेदी ने बताया कि 16 से 24 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा, शिवशक्ति महायज्ञ व 21 फरवरी को देवी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है। साथ ही 24 फरवरी को विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में सी0एम0 डैशबोर्ड के अन्तर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये तथा खण्ड विकास अधिकारियों से प्रतिदिन आवासों के निर्माण कार्य को कराये जाने की प्रगति ली जाए तथा शीघ्रता से आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आवेदकों को बैंको से ऋण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के द्वारा आरसीसी सेन्टरों का लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों को लिंकेज कराया जाए।
उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि माइक्रोप्लान तैयार कर आगामी 20 फरवरी से एक माह तक विशेष अभियान चलाकर गौवंशों की ईयर टैगिंग शत-प्रतिशत रूप से करायी जाए तथा गौवंशों को सुपुर्दगी के अन्तर्गत गौवंश पालकों को लक्ष्य के अनुरूप सुपुर्दगी कराते हुए उनकी नियमित निगरानी भी रखी जाए। उन्होंने पर्यटन विकास के अन्तर्गत बेला तालाब के कार्य को तेजी लाकर शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल के अधिकारी को दिये। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा पुराने ऋण की वसूली किये जाने तथा दुग्ध विकास विभाग द्वारा नई सोसाइटियों का पुनर्गठन किये जाने की समीक्षा के अन्तर्गत बताया गया कि 06 नई सोसाइटियों का पुनर्गठन पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय निर्माण तथा मल्टीपर्पज हॉल के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कृषि रक्षा रसायन का शत-प्रतिशत रूप डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराये जाने तथा बेसिक शिक्षाधिकारी को प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने हेतु अध्यापकों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए निपुण टेस्ट के अन्तर्गत बच्चों की क्लास टेस्ट भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत पात्रों को समय से लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित कराये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया।

### एक और सड़क हुई भ्रष्टाचार की शिकार

**जन एक्सप्रेस/ खागा फतेहपुर।** किशनपुर से महावतपुर असहट को जाने वाली सड़क के बीच से दादों यमुना ओवरब्रिज का निर्माण होने के बाद से यह सड़क अनुपयोगी हो गयी है परंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क में मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च कर खानापूर्ति की जा रही है। किशनपुर थाना समीप से महावतपुर असहट गांव के लिए लगभग 200 मीटर की सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा दशको पहले कराया गया था जिसके बीच से बीते साल किशनपुर दादों यमुना ओवरब्रिज का निर्माण हो गया है जिससे सड़क अनुपयोगी हो गयी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने बिना सत्यापन किए सड़क के मरम्मतीकरण का बजट जारी कर बाकायदा टेंडर कर दिया। अब 100 मीटर सड़क ही किशनपुर की तरफ दिख रही है जिस पर ठेकेदार खानापूर्ति कर मरम्मत की जा रही है और धन का बंदरबांट कर रहे हैं। जब गांव क्षेत्र के लोगों ने उपयोगी सड़कों को छोड़ निष्प्रयोजित सड़क को बनाने का कारण पूछा तो कोई जिम्मेदार जवाब नहीं दे सके। यहां तक कि संबंधित जेई सड़क में खर्च होने की धनराशि नहीं बता सके। जेई अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क का निर्माण मानक के अनुसार हो रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के पहले सड़क मरम्मत का बजट जारी हो गया था।

### जिला विद्यालय निरीक्षक का किया घेराव

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** बोर्ड परीक्षार्थियों से लाल बहादुर शास्त्री ग्रामोदय इंटर कालेज बारामील द्वारा किया जा रहा अवैध धन उगाही के अलावा जिले में संचालित अवैध विद्यालय व कोचिंगों के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी किया। कार्यालय के घेराव के तत्पश्चात डीआईओएस को संबोधित ज्ञापन बाबू को सौंपा। जिसमें तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग किया गया। घेराव की अगुवाई कर रहे एबीवीपी के जिला सह संयोजक रामजी ने बताया कि विधार्थी परिषद सदैव छात्रों के साथ खड़ा रहेगा। तहसील संयोजक देवेन्द्र भदौरिया ने बताया कि बोर्ड के परीक्षार्थीयो से 200 से 1000 हजार रूपए की उगाही हो रही है। ऐसी अवैध धन उगाही को बंद कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नगर मंत्री ऋषिका तिवारी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें लिखित आश्वासन दिया है कि कार्यवाही करने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा।

## डीएम व एसपी ने किया उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा -2024 को सकुशल, सुचिता पूर्ण, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, शिवाजी इण्टर कॉलिज चितरागोकुलपुर, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, कालका देवी इण्टर कॉलिज पुरवा तरौंहा, श्री गंगा प्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज कर्वी, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज पहाड़ी एवं जयराम राही इण्टर कॉलिज कर्वी, त्यागी इण्टर कॉलिज ऐंचवारा, राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर एवं कृषक इण्टर कॉलिज भौंरी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केन्द्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं सह केन्द्र व्यवस्थापकों से सीसीटीवी कैमरा की स्थापना, डीबीआर कंट्रोल रूम, प्रश्न पत्र कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, फर्नीचर, परीक्षार्थियों का सीटिंग प्लान शौचालय आदि व्यवस्थाओं की जानकारी की। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों पर पुलिस परीक्षा को संपन्न कराए जाने के लिए जो शासन द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसमें लगे अधिकारियों, कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर अच्छी तरह से जानकारी दें ताकि परीक्षा के समय कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर में चल रही ब्रीफिंग के दौरान कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा संपन्न कराए जाने के विभिन्न प्रश्न भी किया। जिसमें कक्ष निरीक्षको ने सही उत्तर भी दिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा को संपन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सब का दायित्व है। इस मौके पर अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## नशेड़ी पति ने पत्नी की किया निर्मम हत्या

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

फतेहपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। घटना असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव की है। जानकारी के मुताबिक देर शाम कौशिकी उर्फ पारुल (23) से उसके पति मोनू सिंह से झगड़ा हुआ था उसके काफी देर बाद ग्रामीणों को जानकारी हुई की उसकी मौत हो गई है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति की तलाश में जुट गई है।
फतेहपुर के असोथर ंधिया गांव के रहने वाले मोनू सिंह की शादी लगभग 1 वर्ष पूर्व ललौली थाना क्षेत्र थवई में कोशिकी उर्फ पारुल से हुई थी। मोनू शराब और नशे का लती था जिसकी वजह से पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते थे। जानकारी के मुताबिक इसके भाई भी उससे अलग रहते थे और दो महीने पहले उसके माता पिता भी उसे छोड़कर शहर में रहने लगे थे। मोनू नशे और शराब का इतना आदी था कि आस पास के लोगों से भी उसके अक्सर झगड़े होते थे जिसकी वजह से उसका पूरा परिवार बिखर गया। उस दिन भी देर शाम को उसकी पत्नी पारुल के साथ विवाद हुआ था और कुछ देर बाद लोगों को उसकी मौत की खबर मिली।
ग्रामीणों ने करीब साढ़े आठ बजे पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। असोथर थाना प्रभारी विनोद मौर्य ने बताया कि पारुल की मां रेनू सिंह की तहरीर के आधार पर उसके पति मोनू सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मृतका का पति मौके से फरार हो गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत से जुड़ी जानकारी मिल पाएगी।

## विस्फोटक पदार्थ फटने से चार छात्रों की दर्दनाक मौत पर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय व जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश की अगुवाई में शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा।
जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने कहा कि बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। इसमें दोषियों पर कडी कार्यवाही की जाये। जिले में दो दिवसीय बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव चित्रकूट इण्टर कॉलिज में हो रहा था। महोत्सव में आतिशबाजी को भारी तादाद में विस्फोटक पदार्थ महोत्सव मंच के पीछे रखे थे। पूरी तरह लापरवाही बरती गई है। दोपहर के समय विस्फोटक पदार्थ फटने से चार छात्रों की दर्दनाक मौत पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुखी है एवं संवेदन व्यक्त करता है।
परिषद ने मांग उठाई कि विस्फोट में मृत छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाये। भविष्य में किसी भी विद्यालय, कॉलिज, डिग्री कॉलिज मैदान में सार्वजनिक कार्यक्रमों का उपयोग न किया जाये। पर्यटन विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर कडी कार्यवाही की जाये। इस मौके पर अनुज निषाद, बादल, प्रशान्त शुक्ला, राजप्रताप, आयुष सिंह, शिवम, राजेश सिंह, ललक सिंह, नीतेश, आदर्श यादव आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर के चार आरोपियों को चार-चार वर्ष का कठोर कारावास

**उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के 4 आरोपियों को 04-04 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी आरोपियों को 6000-6000 रुपए जुर्माने की सजा से अपर सत्र विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट द्वारा दंडित किया गया**

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद के थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में दोषसिद्धि बता दे कि थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवम समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट) अभियोग के संबन्ध में आरोपी 1= गुड्डु उर्फ इस्लाम पुत्र जफर निवासी गुलाब बाग थाना कोतवाली नगर बांदा 2= शिव प्रसाद उर्फ बौरा पुत्र गेंदा लाल लोधी निवासी किलेदार का पुरवा थाना कोतवाली नगर बांदा 3= अमीर हसन उर्फ कारिया पुत्र इमामी निवासी निम्नी पार थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा 4= परवेज उर्फ विचखापर पुत्र जुम्मन निवासी मयूर टाकीज के पास छावनी थाना कोतवाली नगर बांदा के विरुद्ध मु0अ0सं0 604/2012 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप आज अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट द्वारा आरोपियों 04 - 04 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी



सौरभ सिंह (गैंगस्टर कोर्ट के लोक अभियोजक)

आरोपियों को 6000-6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। कोतवाली नगर थाना में मुकदमा अपराध संख्या 604/2012 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विवेचक निरीक्षक राजीव यादव द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी पैरोंकर दिनेश कुमार कोर्ट मोहर्रिर शांति व विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद आरोपियों को सजा दिलाया गया।
यह फैसला अपर सत्र न्यायालय पंचम विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने सुनाया है इसका एक संगठित गिरोह हैं इस गैंग का गैंग लीडर गुड्डू उर्फ इस्लाम हैं इसके गैंग में 4 सदस्य हैं गैंग लीडर गुड्डू उर्फ इस्लाम एक हिस्ट्री सीटर अपराधी हैं इसके विरुद्ध जनपद में दर्जनों मुकदमें पंजीकृत हैं व गैंग के सक्रिय सदस्य अमीर हसन की भी जनपद का हिस्ट्री सीटर अपराधी हैं इसके विरूद्ध अन्य जनपदों व बांदा में कुल 16 मुकदमे पंजीकृत हैं जिसमे हत्या का प्रयास, लूट, राहजनी, बंद घरों में चोरी जैसे जघन्य अपराध शामिल हैं इसके अलावा इसके गैंग के सक्रिय सदस्य के ऊपर भी जनपद के कई थानों में कई मुकदमें चल रहे हैं ये सभी हिस्ट्री सीटर अपराधी हैं जो गैंग बनाकर अपराध करते हैं अभियुक्तगण का एक संगठित गिरोह है जो अपने आर्थिक भौतिक लाभ के लिए गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर असलहे के बल पर चोरी व लूट जैसे जघन्य अपराध करते हैं इस गिरोह का समाज मे भय व आतंक तथा दहशत व्याप्त हैं जिस कारण इनके विरूद्ध जनता का कोई भी व्यक्ति गवाही नहीं देता और न ही रिपोर्ट लिखता हैं यह गिरोह अन्य जनपदों में भी गैंग बना कर अपराध करते है यह सभी अधतन अपराधी हैं अभियुक्त अमीर हसन को इसी न्यायालय से थाना मतौंध के गैंगस्टर एक्ट के अन्य मुकदमे में 4 वर्ष का कारावास किया जा चुका है यह सभी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी है अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने अपने 38 पेज के आदेश में सभी आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है। लेकिन बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 21.0 (-1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.4 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# राज्य मंत्री के घर बुला व्यापारी को कथित भतीजे द्वारा धमकाने और 51 लाख हड़पने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर में भाजपा के राज्य मंत्री के नाम पद और उनके भवन का इस्तेमाल कर कथित भतीजे के द्वारा केमिकल व्यापारी का 51 लाख रुपए हड़पने और व्यापारी को मंत्री के घर पर बुलाकर धमकाने का आरोप लगा है, पीड़ीत व्यापारी ने राष्टीय अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद आयोग के अवर सचिव ने पुलिस कमिश्नर को पत्र भेज जांच रिपोर्ट मांगी है।

शहर में फजलगंज क्षेत्र स्थित दिलबाग रोज गार्डन के रहने वाले केमिकल कारोबारी हरजीत सिंह ने बताया कि वह केमिकल कारोबारी हैं उनका काकादेव में रहने वाले पीयूष सिंह चौहान से कारोबार के सिलसिले में लेनदेन चलता था,लेकिन पीयूष सिंह ने 20 लाख रुपए नगद और 31 लाख रुपए का माल ले रखा था, रुपए मांगने पर पियूष ने काकादेव में रहने वाले राज्य मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी अजीत पाल के घर पर बुलाया और धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपए के लिए दबाव बनाया या फिर कहीं शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा, यह भी कहा कि अगर बात चाचा तक पहुंच गई तो समझ लो तुम्हारे साथ क्या होगा, पीड़ित व्यापारी हरजीत की माने तो उनके द्वारा मंत्री अजीत पाल को एक पत्र प्रेषित कर पूरी दास्तां भी बताई गई थी कि कैसे पीयूष सिंह जो उनके भतीजे का दोस्त है और सभी को मंत्री अजीत पाल का भतीजा बताता है लेकिन उन्होंने उस पर कोई एक्शन नहीं लिया इसके बाद उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को भी पत्र दिया था कार्रवाई नहीं हुई तो अल्पसंख्यक आयोग का सहारा लिया है, इस मामले में आयोग द्वारा पत्र पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को भेज 19 फरवरी तक जांच रिपोर्ट मांगी गई है। इस मामले में जब मंत्री अजीत पाल जी से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कह दिया कि मेरा पियूष चौहान से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है।

## सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । कोमल सिंह**

**चौबेपुर।** बीते दिन शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अजय त्रिवेदी और चौबेपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे द्वारा शनिवार को आयोजित उ0प्र0आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2024 के परीक्षा केंद्र वी डी के एन इंटर कॉलेज सखरेज के अलावा अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही साथ थाना चौबेपुर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया एवं परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन के अलावा ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बर्ती जाए।

## प्रशिक्षण शिविर में मशरूम उगाने की जानकारी के साथ कराया जाएगा प्रैक्टिकल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय स्थित मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत 19 से 24 फरवरी तक छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस.के.विश्वास ने बताया कि यह मशरूम की खेती का व्यवसाय शुरू करने वाले व्यक्तियों के लिए उत्तम अवसर है। क्योंकि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग ( प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे। डॉ.विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रुपया 1000/- पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पास पोर्ट साइज फोटो देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसके रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को स्वयं खर्चा वहन करना होगा। डॉ.खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मशरूम पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कोई भी युवक/ युवतियां अधिक जानकारी के लिए 9452522504, 9335764410, 9794361496 एवं 9369060041 फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक दिवसीय विशेष उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन आज




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आज एक दिवसीय विशेष उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को प्रदेश में नवाचार की संस्कृति के साथ जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सीएसजेएमयू में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में होने वाले इस कार्यक्रम में यूपी में होने वाले आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी- ञ्च 4.0 के तहत पूंजी निवेश आकर्षण की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वि.वि.के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम में अध्यक्ष भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण लखनऊ, मुख्य वक्ता संजय आर भूसरेड्डी एवं विशिष्ट वक्ता विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उप्र शासन शेषमणि पांडेय होंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से सैंकड़ों की संख्या में युवा शिरकत करेंगे। जिन्हें नवाचार के क्षेत्र में विकसित हो रही कार्य संस्कृति के बारे में एवं उद्यमिता के क्षेत्र में यूपी में हो रहे अभूतपूर्व योजनाओं के बारे में शासन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही किस प्रकार से युवा एक सफल उद्यमी बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकते हैं?

इस पर भी विमर्श किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में शनिवार सुबह 11 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ वेबसाइट पर भी किया जाएगा।

## कल्याणपुर क्षेत्र में बिना पंजीकरण सैकड़ों होटलों का हो रहा संचालन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

- ✻ सराय एक्ट पत्रिका के अनुसार सैकड़ों की तादाद में होटलों का नहीं हुआ है पंजीकरण
- ✻ हर घर में ओयो जिम्मेदार अधिकारी मौन

पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण समेत आम जनमानस के ठहरने की सुविधाओं को देखते हुए कुछ होटलों का संचालन पर्यटन विभाग के पंजीकरण के उपरांत शुरू हुआ था किंतु वर्तमान के परिदृश्य पर यदि नजर डालें तो सैकड़ों की भारी तादाद में कल्याणपुर क्षेत्र में अब अवैध क्रियाकलापों समेत वैश्यावृति के दलदल में पूरी तरह से जकड़ चुका है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि शहर में संचालित हो रहे सैंकड़ों होटल पर्यटन विभाग की सराय एक्ट पंजिका में पंजीकृत ही नहीं हैं जबकि सराय एक्ट अधिनियम के अंतर्गत बिना पंजीकरण के होटल का संचालन क्रिया ही नहीं जा सकता है ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में शहर में भारी तादाद में यह होटल संचालित हो रहे हैं। कल्याणपुर के कई गेस्ट हाउस संचालक ऐसे हैं जिन्होंने गेस्ट हाउस को किराए पर ओयो चलाने के नाम पर दे रखा है हर महीने गेस्ट हाउस संचालक ओयो संचालकों से मोटी रकम लेते हैं। सूत्रों की मानें तो कल्याणपुर में बने कुछ कथित दलाल नाबालिक लड़कियों को घंटे के हिसाब से ओयो संचालक से मोटी रकम लेते हैं। जब इस संबंध में जिलाधिकारी एडीएम सिटी को फोन लगाया गया तो उनके द्वारा फोन उठाया नहीं गया।

## जुमे की नमाज पर अलर्ट मोड में रहा पुलिस प्रशासन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में जुमे की नमाज पर शुक्रवार को भी पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा जहां पुलिस कमिश्नरेट के सभी आला अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रो में पैदल गस्त की और सभी आमजनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया, हर बार की तरह इस बार भी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरिश चन्दर, सहित अन्य अधिकारियों ने बाडी सेफ्टी के साथ पेट्रोलिंग की है मीडिया से बातचीत करते हुए एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चन्दर ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी सहित अन्य पुलिसकर्मी अपने अपने जोन, सर्किल व क्षेत्रो में पैदल गस्त कर रहे हैं साथ ही सीसीटीवी कैमरे ड्रोन कैमरा से निगरानी की जा रही है क्यूआरटी और पीएसी भी तनात है और शहर में पूरी तरह से शांति बनी हुयी है।


## गल्ला व्यापारी के घर को चोरों ने बनाया निशाना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना बिधून क्षेत्र में अज्ञात चोरो द्वारा एक गल्ला व्यापारी के घर को निशाना बनाते हुए व्यापारी के घर पर रखा दहेज का सामान जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब घटना की जानकारी व्यापारी तथा उनके परिजनों को हुई तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार थाना बिधनू क्षेत्र के चैराई गांव के रहने वाले गल्ला व्यापारी मो0 सिददीकी उर्फ मुन्ना के घर चोरो ने धावा बोला और उनके घर से जेवर, दहेज का सामान तथा नकदी लेकर फरार हो गये। घटना के सम्बन्ध में पीडित मुन्ना ने बताया कि तीन महीने पहले ही उन्होने अपने बडे बेटे अजरूददीन की शादी की थी

## नाबालिक छात्र ने फॉर्च्यूनर से आधा दर्जन लोगों को किया घायल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**कानपुर नगर।** शहर में शुक्रवार को उस वक्त अफरा तफ़री मच गई जब एक तेज रफ्तार कार ने कई लोगो को टक्कर मार घायल कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक 16 जनवरी 2024 को थाना बर्रा क्षेत्र में बने पूर्ण चंद्र विद्या निकेतन में फेयरवेल पार्टी का प्रोग्राम चल रहा था तभी अचानक से स्कूल का एक नाबालिक छात्र अपने पिता की फॉर्च्यूनर कार को तेज गति से चलाते हुए गुजरा और कई राहगीरों को टक्कर मार दी,अनियंत्रित कार की चपेट में आकर कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए और कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। इस टक्कर में एक छात्र जशन भाटिया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल छात्र को आईसीयू में भर्ती कर लिया है। मौके पर पहुंची बर्रा पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को कब्जे मे लेकर आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है और कार्रवाई आरंभ कर दी है।

> “ हम लोग कॉलेज से अपने घर जा रहे थे तो फॉर्च्यूनर चलाकर आने वाला छात्र बच्चा ही था उसने हम लोग को टक्कर मारी हम लोग उछल कर दूर जा गिरे हैं और सामने बच्चे लोग की फ्रेशर्स पार्टी चल रही थी उन पर गाड़ी चढ़ा दी है। बच्चा नाबालिक था जो हम लोगों की गाड़ी थी जो कि पूरी तरह से टूट गई है। एक लड़का बुरी तरह से घायल हुआ है।
>
> 
>
> संदीप भदौरिया

## अधिवक्ता से मारपीट मामले में पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर में बीते दिन शुक्रवार को पं.रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष दि लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को घंटाघर चौराहे पर अधिवक्ता बी.के. भरतिया से वाहन चालान के नाम पर होमगार्ड द्वारा अवैध वसूली और की गई मारपीट के मामले में कमिश्नर अखिल कुमार से उनके कार्यालय में जाकर मिला और ज्ञापन पत्र सौंपा है।

जानकारी देते हुए रविंद्र शर्मा ने कमिश्नर को बताया कि अधिवक्ता बी.के. भरतीया साथ होमगार्ड के द्वारा चालान के नाम पर अभद्रता वसूली और मारपीट भी की गई है। उधर से निकल रहे अधिवक्ताओं के रुकने पर कई थानों की पुलिस आ गई और मौके पर तमाम पुलिस बल की मौजूदगी में भरतिया जी की मोटरसाइकिल जिसके चालान को लेकर विवाद हुआ वो भी चोरी हो गई और चोरी की रिपोर्ट भी नही लिखी गई है। यह भी बताया कि शहर भर के चौराहों पर होमगार्डो द्वारा अवैधानिक रूप से वाहनों के फोटो खींच चालान के नाम अवैध वसूली की जाती है और शहर के बाहर की गाड़ियों को रोक कर भी वसूली होती हैं उसी क्रम में गुरूवार को अधिवक्ता के साथ में अभद्रता और मारपीट की गई और उनकी गाड़ी भी चोरी करवा दी गई। इसपर तुरंत करवाही होनी चाहिए, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने तुरंत एफ आई आर का आदेश करते हुए आश्वासन दिया कि होमगार्डों को तत्काल प्रभाव से रोका जाता है कि वह वाहनों की ना तो फोटो खींचे ना चालान का प्रयास करें।

श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा । इस दौरान प्रमुख रूप से विजय सागर अरविंद दीक्षित देश बंधु तिवारी नूर आलम ऋषभ मिश्रा युग अवस्थी नितिन पांडे आयुष शुक्ला श्री कांत मिश्र इंद्रेश मिश्रा अब्बास शिवम गंगवार प्रियम जोशी के के यादव आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ से पहले मां गंगा को करेंगे पूर्ण निर्मल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को कानपुर के नवनिर्मित 20 एमएलडी के सी टी ई बी ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत ने नमामि गंगे परियोजना के तहत निर्मित हो रहे इस ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकियां से रूबरू हुए और अधिकारियों से बात भी की।

मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 2025 प्रयागराज कुंभ के पहले गंगा को आचमन के लायक पूर्ण तरीके से सुध कर लिया जाएगा जिसको लेकर केंद्र सरकार से राज्य सरकार तक नमामि गंगे परियोजना के तहत अलग-अलग ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से गंगा को शुद्ध करने में लगा हुआ है। वही कभी-कभी जो लेदर इंडस्ट्री को स्नान या अन्य वजह से बंद करना पड़ता है उस लेदर इंडस्ट्री को आने वाले 2025 तक पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा और फिर उन टेनरियों को दोबारा से बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस गंगा को शुद्ध करने में जो बचे हुए नाल गंगा में सीधे गिर रहे हैं उनके लिए सरकार 100 करोड़ की परियोजना लकार इन नालों को भी बंद करने का काम करेगी।

### भीतरगांव से घाटमपुर के लिए टू लेन का रास्ता साफ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर के घाटमपुर को भीतरगांव से टू लेन जोने का अब रास्ता साफ हो गया है और जल्द ही इसका निर्माण भी प्रारम्भ हो जायेगा। यह सौगात भीतरगांव सहित अन्य गांवों के लिए बडी बात है कि घाटमपुर को भीतरगांव से टू लेन जोडने का रास्ता साफ हो गया है। घाटमपुर के विधायक सरोज कुरी के अथक प्रयास से मां कुस्मांडा देवी मंदिर से घाटमपुर को भीतरगांव से टू लाइन सडक से जोडा जायेगा। पूर्व में इस सडक के बनने, चैडीकरण तथा सुन्दरीकरण का प्रस्ताव मंत्री जतिन प्रसाद व प्रमुख सचिव पीडब्लूडी अजय चैहान को दिया गया था।

## बेटी को स्कूल से घर ले जा रहे पिता को दबंग ने पीटा




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में शुक्रवार को थाना चकेरी क्षेत्र में स्कूल से बेटी को घर लेकर जा रहे पिता पर एक दबंग ने लोहे की राड मारकर हमला कर दिया, पीड़ित पिता ने चकेरी थाने में तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चकेरी थाना क्षेत्र के न्यू आजाद नगर निवासी टीएस श्रीवास्तव ने बताया कि मरियमपुर शास्त्री नगर से वे अपनी ग्यारह वर्ष की बेटी को घर लेकर जा रहे थे पीएसी मोड़ पुल पर गाड़ी मोड़ते समय एक गाड़ी सामने आ गयी, जब तक वह कुछ कह पाते दबंग युवक ने राड निकालकर मार दी जिससे वे चोटिल हो गए, उन्होंने कहा कि बेटी भी साथ में थी कुछ बड़ी घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता इस पूरे मामले की लिखित शिकायत उन्होंने चकेरी पुलिस से की है।

## क्रीड़ा भारती का सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



सूर्य नमस्कार सप्ताह में 9 फरवरी से 16 फरवरी 2024 क्रीड़ा भारती कानपुर महानगर द्वारा सूर्य सप्तमी के अवसर में शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं पार्कों में सामूहिक सूर्य नमस्कार शिविर का आयोजन अत्यंत उत्साह के साथ किया गया। पूरे सप्ताह में बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष सभी आयु वर्ग के लोगों के द्वारा कुल 1,37150 एक लाख सैंतीस हजार एक सौ पचास सूर्य नमस्कार शिविर लगाए गए।

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों सेठ आनंदराम जयपुरिया, डीपीएस आजाद नगर, बी एन एस डी शिक्षा निकेतन, जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर, जीडी गोयनका, भगवंती एजुकेशन सेंटर, यूपी किराना बालिका विद्यालय, सुरजन सिंह स्कूल महाराजपुर, जी डी किड्स कैंपस दामोदर नगर, वुड वाइन गार्डेनिया, जय नारायण विद्या मन्दिर, जुगल देवी शिशु वाटिका सरस्वती, ज्ञान मंदिर आरडीआरएन विद्या मंदिर, प्राथमिक विद्यालय पुखरायां, कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूल, पंडित लक्ष्मी शंकर इंटर कॉलेज प्राथमिक विद्यालय लवाणी, वीरेंद्र स्वरूप सिविल लाइंस, सुभाष स्मारक पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार सप्ताह के महायोग में मनोयोग से प्रतिभाग किया। इस महायज्ञ में क्रीड़ा भारती के मुख्य रूप से संजीव पाठक, अरुण दुबे, सुमित मिश्रा, सुनील सिंह, आशुतोष सत्यम झा,कमलेश यादव, नीलम गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव, केशव द्विवेदी, संजय पाल, सुनील शुक्ला, अविनाश यादव, आशीष शुक्ला, उत्कर्ष दीक्षित, सुधांशु मिश्रा, अनीता तिवारी, राजकुमार आर्य, राहुल यादव, अजीत आदि लोग विभिन्न विद्यालयों में उपस्थित रहे। क्रीड़ा भारती सभी से आग्रह किया कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनकर स्वस्थ भारत का निर्माण करें। क्रीड़ा भारती के प्रमुख लक्ष्य देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ बने की दिशा में कानपुर द्वारा चला गया एक कदम था।

## किसान नेताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जनपद के किसान संगठन के लोगो ने भी शुक्रवार को घाटमपुर तहसील, नरवल तहसील, सदर तहसील के बाहर घेराव कर अपना विरोध दर्ज कराया है। किसान यूनियन के नेता रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नरवल तहसील के बाहर प्रदर्शन किया और तहसीलदार को प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी दिया। किसान नेताओ ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी को कानून बनाए, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करे, विधुत संसोधित 2020 अधनियम को वापस लिया जाए, किसानों पर आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस हो,और लखीमपुर खीरी कांड दोषियों पर कार्यवाही हो और आवारा पशुवों से किसानों की फसल बचाने के उपाय सरकार करे, और किसान संगठन के लोगो को दिल्ली में प्रवेश दिया जाए जैसी मांगे किसान संगठन की तरफ से रखी गई है।

# स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते नहीं लड़ूंगी लोकसभा चुनाव मेरा मन प्राण हमेशा आपके पास रहेगा: सोनिया गांधी

## ✻ रायबरेली सांसद ने जनता को लिखा भावुक पत्र जनता से की परिवार को संभालने की अपील



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संसदीय दल की वरिष्ठ नेता एवं रायबरेली से पार्टी की लोकप्रिय लोकसभा सांसद सोनिया गांधी ने भावुक पत्र लिखकर रायबरेली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि बढ़ती उम्र के कारण अब वह क्षेत्र के लोगों की सेवा नहीं कर पाएंगी। राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद श्रीमती गांधी ने रायबरेली की जनता को पत्र लिखकर कहा है कि वह अब खराब स्वास्थ्य के कारण चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। उन्होंने भावुक चिट्ठी लिखते हुए जनता से परिवार को संभालने की अपील भी की है। उन्होंने लिखा ÷दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा है। रायबरेली आकर मेरा परिवार पूरा होता है। मैं जो भी हूं, वह रायबरेली की जनता के कारण हूं। मेरा भरोसा है कि आप हमारे परिवार को संभाल लेंगे। रायबरेली से मेरा पुराना नाता रहा है। परिवार का गहरा रिश्ता रहा है।÷ सोनिया गांधी ने लिखा **सास और जीवन साथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनाव में विषम परिस्थितियों के बाद भी आप चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। मैं यह कभी नहीं भूल सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि मैं जो कुछ हूं आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को हरदम निभाने का प्रयास किया है।** सोनिया गांधी की रायबरेली में पकड़ मजबूत करने में उनके प्रतिनिधि केएल शर्मा की भी बड़ी भूमिका रही। बिना किसी तामझाम के शर्मा ने रायबरेली में कांग्रेस संगठन और जनता के बीच बेहतर सामंजस्य बनाए रखा। वर्ष 2014 और 2019 की मोदी लहर में रायबरेली कांग्रेस के मजबूत दुर्ग के रूप में सामने आई है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र भगवा खेमे के लिए दुरुह क्यों बना हुआ है? सांसद से संगठन के इसी जोड़ ने रायबरेली को कांग्रेस का मजबूत किला बना रखा है। अब देखना है कि सोनिया गांधी की अनुपस्थिति में रायबरेली गांधी परिवार के साथ कितना मजबूत जोड़ दिखाती है।

### बहू ने सहेजी सास की विरासत

- रायबरेली को राजनीतिक कर्मभूमि बनाने की शुरुआत फीरोज गांधी ने की। उन्होंने रायबरेली सीट से 1952 और 1957 में लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीता.
- वर्ष 1960 और 1962 के चुनाव में भी कांग्रेस ने ही रायबरेली लोकसभा सीट जीती। कांग्रेस उम्मीदवार क्रमश: आर. पी. सिंह और बैजनाथ कुरील रायबरेली से सांसद बने।
- वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली लोकसभा सीट से चुनावी राजनीति में पदार्पण किया। वर्ष 1967 और 1971 के लोकसभा चुनाव मे इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद बनीं।
- वर्ष 1977 में इंदिरा गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट पर जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनारायण से हार का सामना करना पड़ा। 1980 में इंदिरा गांधी दोबारा रायबरेली सीट से सांसद चुनी गईं।
- वर्ष 1980 में दो लोकसभा सीटों से जीती इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट छोड़ दी। इस पर हुए लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस के अरुण नेहरू विजयी हुए।
- अरुण नेहरू 1984 में दोबारा रायबरेली से सांसद बने। वर्ष 1989 और 1991 में शीला कौल रायबरेली से सांसद चुनी गईं।
- भाजपा ने पहली बार रायबरेली लोकसभा सीट 1996 में जीती। भाजपा के अशोक सिंह ने वर्ष 1996 और 1998 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली से चुनाव जीता।
- वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सतीश शर्मा ने रायबरेली से जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सोनिया गांधी ने पहली बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीता।
- वर्ष 2006 के लोकसभा उपचुनाव में भी सोनिया गांधी ही विजयी हुईं। इसके बाद 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी ने रायबरेली से लोकसभा पहुंची।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज ब्लॉक सतांव में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज ब्लॉक सतांव रायबरेली में गुरुवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली शिवेंद्र प्रताप सिंह थे। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय के स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया तथा विद्यालय के निपुण हो चुके बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय के समस्त19 पैरामीटर को पूर्ण करने में सहयोग करने हेतु मनेहरू ग्राम सभा के प्रधान सुरेश कुमार यादव को शॉल पहना कर तथा स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ साथ अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय तथा विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सविता सिंह तथा अन्य शिक्षिकाओं रोशनी, शशि, विमलेश, पूजा, वंदना, सविता तथा विवेक की विद्यालय को एक मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित करने हेतु मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों से अपील की कि विद्यालय को और ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु जो जिस स्तर पर है, अपना भरपूर सहयोग दे ताकि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

## नि:शुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण के लिए आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के अधीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के अप्रैल-2024 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में नि:शुल्क एक वर्षीय ''कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण'' कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इस प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (01.04.2024) को होनी चाहिए। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत आशुलिपि, टंकण, हिन्दी, अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, तर्कशक्ति सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एवं एकाउंटेंसी, कम्प्यूटर परिचालन आदि विषयों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलमारन जी ने शुक्रवार को पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा।इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं उनके संचालन की स्थिति,कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि का जायजा लिया।और संबंधित केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त उन्होंने बच्चों के परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगवाने तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा।परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के बैग इत्यादि को रखने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए।बताते चले कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में 17 व 18 को आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होनी है।

# यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, उतारी गई लक्जरी गाड़ियों से काली फिल्म

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने रोडवेज बस स्टाप पर चेकिंग अभियान चला कर उतारी लक्जरी कार से काली फिल्म। यातायात प्रभारी चंद्रभान वर्मा ने कहाकि काली फिल्म लगाकर चलने वाले, हेल्मेट का उपयोग न करने वाले तथा निर्धारित आदेश का पालन ना करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस ने बस स्टाप से अभियान की शुरूआत करते हुए गोलाघाट, डाकखाना चौराहा होते हुए नगर के विभिन्न मार्गो पर चेकिंग लगाकर दो चक्का व चार चक्का वाहनों की जांच की। अभियान में जो वाहन नियमों का उलंघन करते पकड़े गए उनके चालान काटे गए। शुक्रवार को यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने प्रातः से देर शाम तक चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों वाहन चालक को पकड़ा, उनके लाइसेंस, वाहन के अभिलेख देखें गए तथा चार चक्का वाहनों पर काली फिल्म लगाकर चलने वालों पर कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया की अभियान लगातार चलाया जाएगा उन्होंने कहाकि यातायात विभाग वाहन चालकों के लिए जागरूकता अभियान के साथ अपील भी करता रहता है की अपने वाहन का समस्त अभिलेख व लाइसेंस आदि की जांच करने के पश्चात ही यात्रा पर निकले।

# सांसद स्मृति ईरानी का आवास अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में बनकर तैयार, गृह प्रवेश 22 को

जन एक्सप्रेस। अमेठी



केंद्रीय मंत्री व अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी का आवास उनके संसदीय क्षेत्र में बनकर तैयार हो गया है।आगामी बाइस फरवरी को होने जा रहे गृह प्रवेश के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठीवासियों से वादा किया था कि लोगों को अपने सांसद से मिलने के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। वह अमेठी में ही अपना घर बनवा कर जनता की समस्या सुनेंगी। और वह वादा पूरा हो गया है। बताते चलें कि स्मृति ईरानी ने 2021 में अपना घर बनवाने के लिए मेदन मवई गांव में ग्यारह बिस्वा जमीन खरीदी थी।और 29 जुलाई 2021 को उनके पुत्र जौहर इरानी ने विधि विधान से भूमि पूजन किया था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने नींव की ईंट रखी थी।अब उनका घर पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया है। आगामी बाइस फरवरी को वैदिक मंत्रोचार के साथ शुभ मुहूर्त में गृह प्रवेश का कार्यक्रम होगा। इसको लेकर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा आमंत्रण पत्र वितरित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए विशाल भोज का आयोजन किया गया है। भोज में काफी तादात में आम एवं खास लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। गुरुवार को सुबह दस बजे से बारह बजे हवन पूजन का कार्यक्रम होना है। इसके बाद दो बजे से प्रीति भोज होगा। बताया जा रहा है कि स्मृति ईरानी अपने इसी नए घर से अमेठी से आगामी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी। यहीं से चुनाव की रणनीति भी तय होगी। चुनाव लड़ने के साथ ही साथ वो यहां जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। मालूम हो कि इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री के द्वारा अपने घर पर कई कार्यक्रम का आयोजन कराया जा चुका है। हाल ही में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण इसी नए घर पर ही हुआ था।जिसमे स्मृति ईरानी शामिल हुई थीं।

# रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर हो रही वसूली, मंत्रालय ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

रेलवे स्टेशन के कार पार्किंग स्टैंड पर अवैध वसूली की जा रही है। ई-रिक्शा से टैक्स लेने का प्राविधान नहीं होने के बावजूद ठेकेदार का मुंशी सभी ई-रिक्शा चालकों से प्रति चक्कर 30 रुपए वसूल कर रहा। एक्स पर रेल मंत्रालय ने मामले का संज्ञान लेकर डीआरएम लखनऊ को जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर पर कार पार्किंग का ठेका 29 जनवरी को गुजरात के सूरत की दाना इंटरप्राइजेज कंपनी को ठेका दिया गया है।

कंपनी के मालिक मोहम्मद तुफैल हकीक खान ने मुंशी को कार्य भार दे रखा है। आरोप है कि मुंशी अपने आदमियों से स्टेशन परिसर में आने वाले हर ई-रिक्शा से 30 रुपए की वसूली खुलेआम करा रहा है। रेलवे अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब कुछ हो रहा है लेकिन अधिकारी कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। आपको बता दें कि कार पार्किंग के लिए हुए ठेके में स्पष्ट निर्देश है कि पार्किंग में आने वाली कार से दो घंटे के लिए 20 रुपए, 6 घंटे के लिए 30 रुपए, 12 घंटे के लिए 40 रुपए और 24 घंटे के लिए 60 रुपए लिया जाए। इसमें कही भी ई-रिक्शे से टैक्स रेलवे द्वारा नहीं लिया जा रहा। लेकिन मुंशी रेलवे के नियमों को ताक पर रखकर अवैध जबरन वसूली कर रहा। इस मामले में रेल मंत्रालय के निर्देश पर डीआरएम लखनऊ ने जांच कर कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट रेलवे अधिकारियों से तलब की है।

## संपूर्ण समाधान दिवस 17 के बजाय 20 को

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** सत्रह फरवरी शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब बीस फरवरी मंगलवार को होगा। बताते चले कि 17 व 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा एवं 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के कारण संपूर्ण समाधान दिवस बीस फरवरी मंगलवार को आयोजित होगा। इस क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बीस फरवरी को तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा तथा अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 17 व 18 फरवरी 2024 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित होने के कारण सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी 2024 दिन मंगलवार को सम्पन्न किया जायेगा।

# मास्टर राकेश कुमार गुप्ता को पूरे भारत में कराटे मार्शल आर्ट के प्रचार-प्रसार के लिए किया गया नियुक्त

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



लगातार निष्ठापूर्वक खेल एवं समाज में किए गए सेवा कार्य से प्रभावित होकर मास्टर राकेश कुमार गुप्ता को वर्ड मॉडर्न सोतोकान कराटे फ़ेडरेशन का पूरे भारत में कराटे का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपना सदस्य नियुक्त किया, नियुक्ति-पत्र देते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष क्योंसी जसपाल सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र मध्य प्रदेश बिहार आदि राज्यों में कराटे का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपना दिन रात एक कर रहे हैं वह सराहनीय योग्य है मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता इसी प्रकार पूरे भारत में कराटे मार्शल आर्ट का प्रचार-प्रसार करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम जिला क्रीड़ा सचिव अजय सिंह चंदेल जिला ओलंपिक संघ सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला एम एल साहू कराटे एसोसिएशन रायबरेली के सचिव राहुल कुमार पटेल, आशीष जायसवाल, विवेक कुमार वर्मा, शिवानी साहू, प्रशांत सिंह, अल्ताफ खान,अंश श्रीवास्तव, रोहित कुमार, शरद, आदेश सोनकर, छितेंद्र शास्त्री, धर्मवीर प्रजापति के साथ-साथ जनपद के सभी खेल प्रेमियों ने मास्टर गुप्ता को शुभकामनाएं दी, बताते चलें कि 45 वर्षीय मास्टर राकेश कुमार गुप्ता कराटे से फोर्थ डान ब्लैक बेल्ट, कुंग- फू से सेकेंड डान ब्लैक बेल्ट के साथ-साथ अन्य कई मार्शल आर्ट संघों जैसे किक बॉक्सिंग, जु- जित्सु,थांग्ता, वोविनाम ताइक्वांडो आदि से सम्मानित है वर्तमान समय में भारत में इनके हजारों बालक व बालिकाएं शिष्य हैं इन्होंने सहारनपुर से मार्शल आर्ट सिखानें कि शुरुआत की इसके बाद 1997 में रायबरेली में आकर बस गए, रायबरेली में ताइक्वांडो के कुछ पुराने प्रशिक्षकों को छोड़कर बाकी सभी आज के प्रशिक्षक उनके ही शिष्य है जो कि कराटे के साथ-साथ अन्य मार्शल आर्ट को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में विगत 27 वर्षों से देश के अलग-अलग भागों में मार्शल आर्ट सिखा रहे हैं।

# वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका: कृष्ण कुमार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

डाक विभाग अब सिर्फ पत्र ही नहीं पहुँचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से लोगों को घर बैठे बैंकिंग सहित तमाम सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। उक्त उद्गार प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सुलतानपुर में आयोजित **वित्तीय समावेशन महामेला** का शुभारम्भ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। सुलतानपुर मण्डल के डाक अधीक्षक एम. एम. हुसैन ने बताया कि डाक मेले में लोगों द्वारा 30 हज़ार से अधिक बचत खाते और नए जीवन बीमा हेतु 15 लाख से अधिक के प्रीमियम का निवेश किया गया।

इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की। बेटियों को **सुकन्या समृद्धि योजना** की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो **आत्मनिर्भर भारत** की संकल्पना भी साकार होगी। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि आमजन में डाकघर की बचत योजनाएँ बेहद लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली डीबीटी राशि की निकासी के लिए अब किसी को भी बैंक या

# सपा-बसपा कांग्रेस छोड़ 500 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

लोकसभा चुनाव से पहले प्रमुख विपक्षी दल सपा-बसपा और कांग्रेस में भगदड़ मच गई है। शुक्रवार को पांच सौ की संख्या में इन दलों से निकले लोगों ने भाजपा का कमल खिलाने का बीड़ा उठा लिया है। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राजबाबू ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई है। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राज बाबू के नेतृत्व में आज विधानसभा क्षेत्र में मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विभिन्न पार्टियों से आए लगभग 500 लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम के आयोजक सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय ने बताया की सभी विधानसभाओं में ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्हे खुशी है की आज उनकी विधानसभा में पांच सौ से अधिक लोग अलग-अलग पार्टियों को छोड़ कर भाजपा पार्टी में अपनी आस्था दिखाते हुए ज्वाइन किया है। राज बाबू उपाध्याय ने बताया की आने वाले लोकसभा चुनाव में जयसिंहपुर की जनता भारी मतों से भाजपा के पक्ष में अपना वोट देगी।

# देर शाम तक सिंचाई विभाग में शराब की जमती है महफिल

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

सुल्तानपुर में सरकारी विभाग दारू का अड्डा बन गया है। यहां शाम होते शराब की महफिल जम जाती है। ये महफिल बाहरी तत्वों की नहीं बल्कि कर्मचारियों की होती है। जो जाम पर जाम लड़ाते दिखाई देते हैं।

डीएम ऑफिस से महज पचास कदम की दूरी पर ऑफिसर्स कॉलोनी के निकट सिंचाई विभाग का ऑफिस है। जहां का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सिंचाई विभाग के कर्मचारी खुलेआम शाम पांच बचे के बाद ऑफिस के कमरे में शराब की पार्टी मनाते हुए देखे जा रहे हैं। इन्हें न किसी का खौफ है न डर। ढीट ये इतने कि वीडियो बनाने वाले से कह रहे हैं वीडियो बनाकर जहां डालना हो डाल दो कोई हम लोगों का कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। कार्यालय सूत्रों की माने तो ये कोई एक दिन का मामला नहीं है। बल्कि ये हर दिन का किस्सा है। शाम को जैसे ही अधिकारी व स्टॉफ ऑफिस से निकलते हैं वैसे ही कमरे में बोतल खुल जाती है। टेबल पर बोतल के साथ तरह तरह के प्रतिबंधित सामान भी सजे होते हैं। ये दौर रात 9-10 बजे तक चलता है। वीडियो में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेन्द्र और भवानी का होना बताया जा रहा है।

इस बाबत सिंचाई विभाग के अधिकारी राम प्रकाश प्रजापति से जब जानकारी की गई तो उन्होंने मामले के संज्ञान में होने से इनकार किया है। उन्होंने कहा मैने वीडियो देखा नहीं है, अगर ऐसा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** करौंदीकला ब्लॉक क्षेत्र कम्मरपुर ग्राम में स्थित इसरावती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय थाना करौंदीकला के थानाध्यक्ष अकरम खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि के रूप में अकरम खान ने लाभार्थी छात्र /छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया, और स्मार्टफोन के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए, सोशल मीडिया से सम्बन्धित सावधानी, साइबर क्राइम, महिला सशक्तिकरण, दहेज प्रथा, आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए, उज्जवल भविष्य की कामना की।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

बल्दीराय थाना अंतर्गत बिसुईया में सनसनीखेज घटना घटित हुई। यहां एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितयों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दो ही घंटे के भीतर परिवार वालों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए हुए शव का अंतिम संस्कार कर डाला। जिसको लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। गांव निवासी आशुतोष तिवारी (32) का शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर पीपल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। ग्रामीणों ने शव देखा तो वहां भीड़ जमा हो गई। परिवार वालों को गांव के लोगों ने सूचना दिया। जिस पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और शव को पेड़ से उतारकर लेकर घर गए। बताया जा रहा है दो से तीन घंटे के अंदर ही परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर डाला। उधर थानाध्यक्ष आरबी सुमन से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है कि युवक ने आत्महत्या किया है।

लेकिन परिवार की ओर से कोई तहरीर या सूचना नहीं दी गई है। यदि कोई तहरीर प्राप्त होती है तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर मृत युवक आशुतोष तिवारी के फेसबुक एकाउंट की कुछ पोस्टें वायरल हुई हैं। जिसमें आशुतोष ये पूछ रहा है कि मेंटली डिस्टर्ब होने पर क्या करना चाहिए। उसने एक पोस्ट में ये भी लिखा है कि जब मैं मरूंगा तो हंसते हुए मरूंगा। क्योंकि जीते जी मैं रोया बहुत हूं।

# बच्चों की पढ़ाई की नींव मजबूत करेंगे आंगनबाड़ी केंद्र: धर्मेश

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



नई शिक्षा नीति के तहत वर्तमान में प्री-प्राइमरी एजुकेशन पर सरकार की तरफ से बहुत अधिक फोकस किया जा रहा है। सरकार की तरफ से अब गांव-गांव आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। उसकी कड़ी में शुक्रवार को अमावां ब्लॉक के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में एक नए आंगनबाड़ी केंद्र की नींव रखी गई। आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास ब्लॉक के प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार यादव व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता ने किया। बीईओ धर्मेश यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि वर्तमान में बच्चों की नींव आंगनबाड़ी केंद्र से रखी जा रही है। नई शिक्षा नीति के तहत प्री-प्राइमरी एजुकेशन पर अधिक फोकस किया जा रहा है। नौनिहाल घर से निकलने के बाद पहली बार अक्षरों से रूबरू अब आंगनबाड़ी केंद्र में हो रहा है। अब पहले पांच वर्ष में फंडामेंटल की पढ़ाई होगी। इसमें नर्सरी के लिए 4 वर्ष, जूनियर केजी के लिए 5 वर्ष, सीनियर केजी के लिए 6 वर्ष, पहली क्लास के लिए 7 वर्ष, दूसरी क्लास के लिए 8 वर्ष बच्चे की उम्र होनी चाहिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता ने कहा कि सरकार बच्चों की बेहतरी के लिए पढ़ाई पर अधिक फोकस कर रही है। कार्यक्रम का संचालन संकुल नोडल बल्ला नीरज कुमार ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक धर्म कुमारी, शफीकुर्रहमान उर्फ गुड्डू मास्टर, राम प्रकाश अवस्थी, राजेंद्र सिंह, बबिता, उषा, मधु, वंदना, कृष्णाशंकर यादव, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर, रामभरत राजभर, अवनीश, हरविंदर, दुर्गेश, संदीप वर्मा, रजिया, ग्राम प्रधान रामलखन, विनीत मिश्रा, सुल्तान, आदि लोग मौजूद रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 11°C |
| कानपुर | 24°C | 12°C |
| देहरादून | 21°C | 11°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 12°C |

# जीबीसी 4.0 : युवाओं को निवेश और रोजगार की जानकारी देगी योगी की 42 सदस्यीय टीम

✻ यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी और सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय करायेगा। इसके लिए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के 04 और भारतीय वन सेवा के 07 अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) तथा 19 शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय टीम गठित की है। आगामी 17-18 फरवरी को यह टीम अलग-अलग विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी, रोजगार और सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी, साथ ही, युवाओं के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी 4.0 के संबंध में जागरूक करेगी। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर अयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों की 42 सदस्यीय विशेष टीम के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत वर्ष 10-12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से आप सभी सुपरिचित हैं। लगभग ?40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी और सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। आप सभी प्रदेश की इस सफलता के साक्षी रहे हैं, सहयात्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं का प्रदेश है। देश और प्रदेश के समग्र विकास में हमें इन संभावनाओं को जमीन पर उतारना होगा। आप सभी के पास सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वहन किया है। आपके इन अनुभवों से हमारे युवा लाभान्वित हों, इसके लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में हमारा युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे और इसका सीधा लाभ हमारे युवा को होगा। हम अपने युवाओं का कौशल उन्नयन भी कर रहे हैं और उनके लिए रोजगार के अवसर भी बना रहे हैं।



### तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश वापस लौटे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें उत्तर प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी इन्होंने उत्तर प्रदेश लौटने का निर्णय लिया। यहां यह भी समझना होगा कि यह श्रमिक केवल फैक्ट्री में काम ही नहीं करते हैं, यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान भी करते हैं। इसी तरह, कोरोनाकाल में प्रदेश लौटे प्रवासी जनों की हमने स्किल मैपिंग की और यहीं रोजगार मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। यहां अध्ययनरत युवा सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों से सुगमतापूर्वक परिचित हो सकें, इसके लिए सहज व्यवस्था होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों को इसके लिए स्वप्रेरणा से कार्य करना होगा।

### विकास में असमानता एक बड़ी समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। मध्य उत्तर प्रदेश और एनसीआर की तुलना में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड का बहुत कम विकास हुआ था। यहां न तो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम हुआ था न ही लोगों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयास। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। हमने इस असमान विकास की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए ठोस प्रयास किये हैं।

### हर एक जिला इससे लाभान्वित

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा कि इसमें प्रदेश के हर जिले के लिए निवेश मिला है। अब औद्योगिक विकास केवल एनसीआर अथवा कुछ चुनिंदा नगरों तक सीमित नही है, बल्कि हर एक जिला इससे लाभान्वित है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह योजना जिसके लिए बनाई गई है, उसे उसकी जानकारी हो। अच्छी योजनाएं जागरूकता के अभाव में असफल हो जाती हैं। इसलिए सरकार, इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थाओं के बीच सतत संवाद और संपर्क महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से राज्य सरकार आप सभी अनुभवी अधिकारियों और शिक्षाविदों का सहयोग ले रही है।

### युवा योजनाओं से लाभान्वित हो सकें

जीबीसी 4.0 के आयोजन के पूर्व विश्वविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थानों में आप सभी का युवाओं से संवाद महत्वपूर्ण होगा। संवाद करते हुए आप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न नीतियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में वृहद पूंजी निवेश आकर्षित किये जाने की योजनाओं की जानकारी दें। भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से उनका परिचय कराएं। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें ताकि अधिकाधिक युवा योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह समिट किस प्रकार उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी होगा, इस संबंध में मार्गदर्शन करें।

# राज्यसभा चुनाव: नामांकन पत्रों की जांच पूरी, 20 फरवरी तक नामांकन वापस ले सकेंगे उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गई है। जांच में भाजपा के आठ और सपा के तीन प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। उम्मीदवार 20 फरवरी तक नाम वापस ले सकते हैं। राज्यसभा की दस सीटों के लिए चुनाव 26 फरवरी को होगा। बता दें कि दस सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा ने आठवां प्रत्याशी उतार कर मुकाबला रोचक बना दिया है। अब भाजपा को आठवीं सीट के लिए नौ और सपा को तीसरी सीट के लिए तीन वोट का जुगाड़ करना होगा।

### ये है विधानसभा का गणित

यूपी विधानसभा में मौजूदा समय में 403 में से 399 विधायक हैं। एक प्रत्याशी को जिताने के लिए 37 वोट की आवश्यकता है। एनडीए को आठ सीट जीतने के लिए 296 मत चाहिए, उनके पास करीब 287 मतों का इंतज़ाम है। ऐसे में भाजपा को संजय सेठ को राज्यसभा भेजने के लिए नौ वोट और चाहिए। सपा के पास 108 वोट हैं, लेकिन उनके दो विधायक जेल में बंद हैं। उन्हें मतदान की अनुमति मिलने पर संशय हैं। सपा को तीसरा जिताने के लिए 111 वोट चाहिए। यदि कांग्रेस के 2 वोट सपा को मिलते हैं तो भी 3 अतिरिक्त वोट चाहिए।

### बसपा ने अभी तक नहीं खोले हैं पत्ते

राज्यसभा चुनाव में बसपा की एकमात्र वोट पर सबकी नजर है। बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव और उपराष्ट्रपति चुनाव में बसपा ने एनडीए का समर्थन किया था। अब देखना होगा कि राज्यसभा चुनाव में बसपा किसके साथ जाती है। बसपा किसी का समर्थन करती है या तटस्थ रहते हुए मतदान से दूर रहती है। हालांकि बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने राम मंदिर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बधाई प्रस्ताव का भी समर्थन किया था और वह एनडीए विधायकों के साथ राम मंदिर के दर्शन करने भी गए थे।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा का रूट एक बार फिर बदला, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से होकर जाएगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट एक बार फिर बदल गया है। अब यह कानपुर से बुंदेलखंड जाने के बजाय मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मुरादाबाद के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी। हालांकि, अभी प्रशासन की ओर से रूट बदलने संबंधी अनुमति नहीं दी गई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा लखनऊ से उन्नाव, कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश में जानी थी लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह यात्रा 21 को कानपुर में स्थगित हो जाएगी और 22 तथा 23 को यात्रा ब्रेक लेगी फिर 24 को मुरादाबाद से संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी। यात्रा में बदलाव के पीछे मुस्लिम बहुल क्षेत्र को कवर करने की रणनीति बताई जा रही है। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ सी पी राय ने बताया कि मुरादाबाद से आगरा के रूट पर यात्रा के लिए तैयारी शुरू कर दी।



## संदेशखाली मामला चिंताजनक, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : मायावती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला उत्पीड़न के मामले पर मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हाल ही में महिला उत्पीड़न आदि की उजागर हुई घटनाओं को लेकर वहां जारी तनाव व हिंसा अति चिंतनीय है। राज्य सरकार इस मामले में निष्पक्ष होकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे ताकि ऐसी घटनाओं की आगे यहां पुनरावृत्ति न हो सके। बता दें कि संदेशखाली में स्थानीय महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रहीं है। उन्होंने टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

## एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को लॉ एंड आर्डर की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार को आइपीएस अमिताभ ठाकुर को प्रदेश का नया एडीजी कानून व्यवस्था नियुक्त किया गया है। वह अभी एडीजी के साथ ही एसटीएफ की भी जिम्मेदारी देखेंगे। लंबे समय तक यह जिम्मेदारी वरिष्ठ आइपीएस प्रशांत कुमार संभाल रहे थे। वह अब प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं।

# दाने बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा उतरा : अखिलेश

✻ भाजपा पैसे के लालच में गाँव, ग़रीब, किसान, मज़दूर का जो हक़ मार रही थी, वो सब अब धीरे-धीरे ख़त्म होगा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य ने किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके खेती-किसानी से जुड़े कारोबारों पर क़ब्ज़ा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ साधना चाहते थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे। भाजपा पैसे के लालच में गाँव, ग़रीब, किसान, मज़दूर का जो हक़ मार रही थी, वो सब अब धीरे-धीरे ख़त्म होगा। अब ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुंचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ साजिश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना उल्लू सीधा करती है। पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियाँ बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। 'दाने बांटकर खेत लूटनेवाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी! हम सब साथ हैं!



### अन्नदाता भगवान रूपी किसानों का घोर अपमान किया

वहीं, सपा विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर कहा किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को एमएसपी तो दिया नहीं अलबत्ते आंदोलनकारी किसानों के रास्ते में पहले कील-कांटे बिछाए फिर लाठी चार्ज, बुलेट (रबर) से फायरिंग व ड्रोन द्वारा आंसू गैस छोड़कर अन्नदाता भगवान रूपी किसानों का घोर अपमान जरूर किया। केंद्र सरकार के इस अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक कृत्य की घोर निंदा करता हूं।

# आखिर किसके इशारे पर हरियाली की चढ़ाई जा रही बलि

✻ परमिट एवं एनओसी की आड़ में हरियाली की चढ़ाई जा रही बलि

जन एक्सप्रेस | अभिमन्यु कुमार रावत



**लखनऊ।** वन एल आई टी रेंज दुबग्गा के काकोरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों की कटान हो रही है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार काकोरी के अजमत नगर में प्लाटिंग की साइड चमकाने के लिए हरे भरे पेड़ों को रोग ग्रस्त दिखाकर एल आई टी रेंज दुबग्गा के संबंधित अधिकारियों ने लकड़ी माफियाओं को लकड़ी काटने के लिए परमिट दिया है। जबकि जिन पेड़ों की परमिट काटने के लिए दिया है वह फल देने योग्य थे और प्रति वर्ष पेड़ में काफी फल आते हैं, जिन्हें बिना जांच किए रोग ग्रस्त दिखाकर परमिट जारी कर दीजाती है। यही नहीं लकड़ी माफिया लकड़ी काटने के लिए परमिट तो करा लेते हैं पर लकड़ी ले जाने के लिए टीपी नहीं करातें। बिना टीवी कराए टाउन एरिया काकोरी में आरा मशीनों पर सस्ती दामों में लकड़ी बेचकर खुद कमाते हैं और आरा मशीन मालिकों को भी कमवाते हैं। साथ ही सरकार को लाखों रुपए का चुनालगाते हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि वन रेंज दुबग्गा क्षेत्र में जितने भी परमिट दिए जाते हैं उनको टीपी नहीं दी जाती क्योंकि उसी में खेल है और ना ही इन आरा मशीनों पर स्टाक रजिस्टर मौजूद होता है। वही वन रेंज दुबग्गा के दीपक कनौजिया से मिली जानकारी के अनुसार 30 पेड़ों का परमिट है। वन रेंजर ने यह भी बताया कि हमारे उच्च अधिकारी मौके का मुआयना कर चुके हैं।

## अखिल भारतीय किसान महासभा पदाधिकारियों ने मंहगाई को लेकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा थाना गोराही माल रोड पर अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला संयोजक छोटेलाल रावत व सह संयोजक रामसागर जगत एवं कार्यकर्ता द्वारा अपनी मांगों को लेकर इटौंजा थाना गोराही गांव से इटौंजा तक विरोध प्रदर्शन कर पैदल मार्च किया गया। किसान नेता ने कहा कि हम इस ज्ञापन के माध्यम से कहना चाहते हैं कि सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में दिल्ली मार्च कर रहे पंजाब के किसानों के साथ दुश्मनों जैसे व्योहार की कड़ी निन्दा करते हैं निम्न लिखित मांग करते हैं कि (1) किसानों को एमएसपी की गारंटी की जाए, खाद, बीज, पानी सस्ते दर पर उपलब्ध कराए जाए तथा छोटे और मध्यम किसानों के सभी कर्ज माफ किए जाएं(2) बिजली बिल 2022 वापस लिया जाए तथा किसानों को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाए।(3) अन्ना पशुओं से किसानों की फसल को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं. (4) मनरेगा का बजट बढ़ाया जाए, मनरेगा में गरीब परिवारों को वर्ष में दो सौ दिन काम तथा है सौ रुपए दैनिक मजदूरी की गारंटी की जाए। वहीं छोटेलाल रावत जिला संयोजक व रामसागर जगत सह संयोजक ने 9 सूत्री मांगों को लेकर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव को ज्ञापन सौंपा हैं।

## इटौंजा पुलिस ने हरे आम के पेड़ काटने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

✻ पुलिस ने हरे आम के 13 बोटे किये बरामद,रात के अंधेरे में कट रहे थे पेड़

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के सहादतनगर गढ़ा गाँव में हरे आम के पेड़ काटने वाले बजारू पुत्र स्व0 लोटन निवासी ग्राम बगहा उम्र करीब 55 वर्ष को हरे आम के वृक्षों को काटने पर पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि उ0नि0 ओमप्रकाश तिवारी, का0 मो0 जाहिद, का0 मनोज राजवंशी,का0अंकुर कुमार ने सहआदत नगर गढ़ा में रात्रि को बिना परमिशन के आम के पेड़ काटने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि पुलिस ने 13 हरे आम का बोटा व 05 कुन्तल हरे आम की जलौनी लडक़ी व एक चैन्सा मशीन मौके पर बरामद की है। पुलिस ने धारा 4/10 उ0प्र0 बन संरक्षण अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई है।

# प्रदेश में 20 से चलेगा बिजली सेवा व जनसम्पर्क अभियान

✻ विद्युत व्यवस्था के सुदृढीकरण, अनुरक्षण एवं जन समस्याओं के निस्तारण के लिए चलेगा विशेष अभियान

✻ उपभोक्ता और माननीयों से जनसम्पर्क कर लिए जायेंगे फीडबैक व सुझाव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उपभोक्ता देवो भवः की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रदेश के नगर विकास एवम् ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 20 फरवरी से 29 फरवरी तक पूरे प्रदेश में ÷बिजली सेवा एवं जनसम्पर्क अभियान÷ चलाने का निर्देश दिया है। अभियान के दौरान वितरण मण्डल अधीक्षण अभियन्ता स्तर सम्बन्धित मण्डल के कार्यक्षेत्र में आने वाले सांसद, विधायक, महापौर नगर निगम, अध्यक्ष नगर पालिका,नगर पंचायत व उपभोक्ताओं को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अपने कार्यालय या सर्किट हाउस पर आमंत्रित कर उनसे विभाग से सम्बन्धित शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए फीडबैक व सुझाव प्राप्त किये जायेंगे।ऊर्जा मंत्री ने प्रदेशवासियों को उच्च कोटि की निर्बाध विद्युत आपूर्ती मुहैया कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का भी समयबद्ध निस्तारण के लिए हमेशा सजग रहते हैं। माननीयों और उपभोक्ताओं का विभागीय अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनसे व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव लेने के लिए एक 10 दिवसीय अभियान की शुरुआत करने की घोषणा भी की है। बिजली सेवा व जनसम्पर्क अभियान÷ 20 फरवरी से 29 फरवरी प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से चलाया जायेगा। अभियान के दौरान विभाग से सम्बन्धित शिकायतों के प्रभावी निस्तारण एवं उपभोक्ता तथा जन-प्रतिनिधि का फीडबैक व सुझाव प्राप्त किये जायेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधीक्षण अभियन्ता किसी भी एक दिन अपने मण्डल के कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी सांसद, विधायक, महापौर नगर निगम, अध्यक्ष नगर पालिका ,नगर पंचायत के आठ ही उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों के रूप में आरडब्ल्यूएएस, व्यापार मण्डल, कृषकों,मण्डी के प्रतिनिधि, उद्यमियों, पार्षद व ग्राम प्रधानों को अपने कार्यालय या सर्किट हाउस जैसे स्थल पर आमंत्रित किया जायेगा। बैठक के दौरान उनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ता सुविधा से सम्बन्धित कराये जा रहे कार्यों के विषय में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि आरडीएसएस योजना के लॉस रिडक्शन मद में लगभग 13,500 करोड़ रूपये के कार्य कराये जा रहे हैं। आरडीएसएस योजना के एएमआईएसपी स्मार्ट मीटर मद में समस्त उपभोक्ताओं के संयोजन को प्री-पेड स्मार्ट मीटर से करने की योजना बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि बिज़नेस प्लान,अतिरिक्त बिजनेस प्लान ,नगर निकायों की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए भी लगभग 5,000 करोड़ रूपये के कार्य कराये कराये जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 4000-5000 करोड़ रूपये के कार्य प्रस्तावित हैं। आरडीएसएस के मॉर्डनाइजेशन मद में 42,968.55 करोड़ रूपये की कार्य योजना भारत सरकार को प्रेषित की गयी है।उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्वयं अपना बिल बनाने हेतु ट्रस्ट बिलिंग की व्यवस्था तथा नये कनेक्शन लेने, लोड बढ़ाने, बिलों के भुगतान करने इत्यादि कार्यों को भी पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता द्वारा उपरोक्त सभी विषयों के साथ ही यूपीपीसीएल कंस्यूमर ऐप की भी जानकारी बैठक के दौरान दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा विगत 13 फरवरी को सोलर रूफटॉप के लिए घोषित %पीएम- सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की घोषणा की गयी है। इस योजना के अंतर्गत दी जा रही सब्सिडी एवं सरलीकृत नवीन व्यवस्था के बारे में अधीक्षण अभियंता द्वारा सभी को अवगत कराते हुए योजना के प्रचार-प्रसार के साथ ही अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप हेतु आवेदन करने के लिए भी प्रेरित किया जायेगा। जन प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में फीडबैक भी प्राप्त करते हुए स्थानीय मुद्दे जो आवश्यक हों, उन पर भी चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए जायेंगे। अधीक्षण अभियंता द्वारा अभियान के दौरान विभाग की समस्या जैसे बिजली चोरी, बिल रिकवरी जैसे विषयों पर जनप्रतिनिधियों से सहयोग भी मांगा जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# इंडिया गठबंधन भारतीय राजनीति में सबसे विफल प्रयोग



विपक्षी दलों ने इंडिया नामक गठबंधन बना कर नारा दिया था कि जीतेगा इंडिया। विपक्षी दलों ने केंद्र की सत्ता से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का दम भरते हुए कहा था कि हम 400 सीटों पर भाजपा के खिलाफ एक उम्मीदवार उतारेंगे ताकि भाजपा को हराया जा सके। विपक्षी दलों ने दावा किया था कि हम सीट बंटवारे के समय बड़ा दिल दिखाएंगे। लेकिन यह सब दावे तब हवा हवाई हो गये जब यह गठबंधन ही भरभरा कर गिर गया। पहले तो इस गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ही पलटी मार कर वापस एनडीए के पाले में चले गये। फिर राष्ट्रीय लोक दल ने भी एनडीए का दामन थाम लिया। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी इस गठबंधन से किनारा कर लिया। आम आदमी पार्टी ने तो अपने उम्मीदवार भी घोषित करने शुरू कर दिये। अब जम्मू-कश्मीर की प्रमुख पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने भी ऐलान कर दिया है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के अपने बलबूते लड़ेगी। हम आपको बता दें कि विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट होने के प्रयास तो भरसक किये लेकिन आपसी विश्वास की कमी से यह गठजोड़ हमेशा बिखरता चला गया। याद कीजिये जब राष्ट्रपति चुनाव की बात आई थी तब भी विपक्ष एकजुट हुआ था लेकिन ऐन मौके पर सारे बड़े नेता चुनाव लड़ने से पीछे हट गये थे और यशवंत सिन्हा को आगे कर दिया था। ऐसा ही हाल उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी देखने को मिला था जब विपक्षी एकजुटता ऐन चुनाव से पहले बिखर गयी और कोई सशक्त उम्मीदवार देने की बजाय पूर्व राज्यपाल मारग्रेट अल्वा को मैदान में उतार दिया गया था। यही हाल लोकसभा चुनावों से पहले भी देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री पद के अलावा गठबंधन के संयोजक के पद के लिए भी इतने दावेदार थे कि बात बन ही नहीं पाई। यह गठबंधन सिर्फ नाम और नारा तय करने के बाद ही बिखर गया। देखा जाये तो यह भारतीय राजनीति में सबसे विफल प्रयोग था क्योंकि इससे पहले बनने वाले गठबंधनों ने कुछ महीनों और सालों तक की जिंदगी जी लेकिन इंडिया गठबंधन तो मात्र तीन बैठकों के बाद ही टांय टांय फिस्स हो गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की एक प्रमुख पार्टी राकांपा भी टूट चुकी है और इसका बड़ा भाग एनडीए के खाते में जबकि छोटा टुकड़ा विपक्ष के पास बचा है। इसके अलावा चुनाव सिर पर होने के बावजूद राहुल गांधी को दिल्ली में सीट बंटवारे पर चर्चा करने की बजाय दूसरे प्रदेशों में घूमते देख फारुक अब्दुल्ला का माथा भी ठनक गया है और उन्होंने भी इस गठबंधन से किनारा कर लिया है। देखना होगा कि इस गठजोड़ में बचे खुचे दल भी चुनाव घोषणा तक साथ रहते हैं या जल्द ही किनारा करते हुए कांग्रेस को अकेला छोड़ देते हैं। फिलहाल तो इस गठबंधन के बचे हुए घटक दल एक दूसरे से %तू चल मैं आया% कहते दिख रहे हैं। यही नहीं, हाल के दिनों में कांग्रेस के ही कई बड़े नेता पार्टी से किनारा कर चुके हैं और कई नेता किनारा करने की तैयारी में हैं। इससे इंडिया गठबंधन के बचे हुए घटक दलों में यह भी संदेश जा रहा है कि जो पार्टी खुद एकजुट नहीं है वह विपक्षी दलों को कैसे एकजुट रख पायेगी?

## एक्सप्रेस आलेख

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित सरकार हरकत में आई है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला गया है। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए गये हैं जिन पर यदि कोई लटकने की कोशिश करेगा तो उस पर लगी डिवाइस में लगा सायरन बजने लगेगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा था कि कोटा में बच्चों की सुसाइड के लिए उनके माता-पिता जिम्मेदार हैं, क्योंकि परिजन अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा आस लगा लेते हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा

# कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही हैं

छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर-तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा।

एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ के रहने वाले स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चौथा मामला है। इसके अलावा 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही हैं। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही हैं। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम



कोटा में कोचिंग छात्रों के सुसाइड मामलों को लेकर प्रशासन के साथ-साथ पुलिस की स्पेशल सेल भी काम कर रही है। लेकिन फिर भी सुसाइड केस थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकार चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा।

नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानों में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहते हैं, जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से ऊपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*तस्वीर ऐसी बनाना चाहता हूं जो सीधी भी सादी भी बोल दे सारी मन की व्यथा भी। फूलों की दिपमाला सी धूप दीप सी मंत्रोचार सी। जिसे चाह ना हो खुली हर दर्द के लिए जिसकी बांहें हो। नयन जिसके आतुर हो हर पल हर घड़ी प्रभु दर्शन के लिए। हर दिल की पीड़ा घोले आंखों में जिसकी झलकता प्यार हो।*



*हंसी में जिसकी हरसृंगार फूल सा खिलता रुपहला सारा संसार हो।*

-प्रमोद गुप्त

## एक्सप्रेस ज्ञान

*ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 08:16 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 08:46 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ऐन्द्र, 13:43 |
| सूर्योदयः | 06:59 |
| सूर्यास्तः | 18:11 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 09:47-11:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:12-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### आ गया पतझड़ !

*उन्होंने भी आखिरकार ।*
*कर ली अलग राह ।।*
*नया रोज़ बखेड़ा ।*
*जनमानस गवाह ।।*
*अपने दम पर बोल रहे ।*
*लड़ना हमें चुनाव ।।*
*एक एक कर गठबंधन पर ।*
*हो रहा प्रहार ।।*
*दरक रहा है संगठन ।*
*है आया भूचाल ।।*
*कोई रहा है झूम तो ।*
*किसी को मलाल ।।*
*हवा चली है ऐसी ।*
*बाग रहा उजड़ ।।*
*पनपने से पहले ही ।*
*आ गया पतझड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पीसीओएस से पीड़ित महिलाएं डाइट में शामिल करें 5 तरह के फल और डेयरी प्रोडक्ट्स, मिलेगा फायदा



**पॉलीसिस्टिक** ओवरी सिंड्रोम यानी पीसीओएस एक गंभीर बीमारी है, जो महिलाओं के अंडाशय से जुड़ी होती है। पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं के अंडाशय में सिस्ट की समस्या भी हो सकती है। पीसीओएस के कारण महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित होता है, जिससे गर्भधारन करने में मुश्किल होती है और अन्य कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**पपीताः** पपीता विटामिन ए, सी और ई से भरपूर होते हैं और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो पीसीओएस से जुड़ी सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसमें पाचन एंजाइम भी होते हैं, जो पाचन में मदद कर सकते हैं, जिससे पीसीओएस के कारण होने वाली पाचन समस्याओं को कम किया जा सकता है।

**अनारः** इसमें एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो पीसीओएस से जुड़े ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को कम करने में फायदेमंद हैं। अनार पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में मासिक धर्म चक्र को रेगुलर करने और प्रजनन क्षमता में सुधार करने में मदद कर सकता है।

**आंवलाः** आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद करता है, जिससे पीसीओएस कंट्रोल हो सकता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो पीसीओएस के कारण होने वाले एक्ने और पीरियड से जुड़े लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

**खट्टे फल (जैसे- संतरे, कीनू):** खट्टे फलों में विटामिन सी और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो पीसीओएस से जुड़ी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव से निपटने में मदद करते हैं। आप इन फलों का जूस पीने के स्थान पर साबुत खट्टे फलों को खा सकते हैं।

**अनानासः** अनानास में ब्रोमेलैन, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों वाला एक एंजाइम होता है, जो पीसीओएस से जुड़ी समस्या कम करने में मदद कर सकता

**पीसीओएस कंट्रोल करने के लिए खाएं ये डेयरी उत्पाद**

**छाछः** छाछ में फेट और कैलोरी कम मात्रा में होती है, जो पीसीओएस वाले व्यक्तियों के वजन कंट्रोल करने के लिए एक अच्छा विकल्प है। इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और अक्सर पीसीओएस से जुड़ी पाचन समस्याओं को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**घीः** इसमें ओमेगा-3 और ओमेगा-9 फैटी एसिड सहित कई स्वस्थ वसा होते है, जो हार्मोन संतुलन का समर्थन कर सकती है और पीसीओएस से जुड़ी समस्या को कम कर सकती है। लेकिन इसका सेवन कम मात्रा में करने चाहिए। ऐसा करने से ये तृप्ति की भावना को बढ़ावा देने और अनहेल्दी फूड्स खाने की क्रेविंग को कम करने में मदद कर सकता है।

**दूधः** पीसीओएस नियंत्रण के लिए दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है। दूध प्रोटीन, हेल्दी फेट और कार्बोहाइड्रेट का मिश्रण होता है, जो ब्लड फ्लो में शुगर के अवशोषण को धीमा करने में मदद कर सकता है। आयुर्वेद के अनुसार इन फलों और डेयरी उत्पादों का सेवन पीसीओएस के कारण होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष



नरेंद्र तिवारी पत्रकार

# कांग्रेस मुक्त भारत या कांग्रेस युक्त भाजपा

कांग्रेस से भाजपा में गए है। वर्ष 2024 के आम चुनाव का समय जैसे-जैसे निकट आ रहा है। कांग्रेस के अनेकों नेताओं के नाम भाजपा में जाने लिए चल रहे है। मध्यप्रदेश में भी सियासी पारा चढ़ा हुआ है। जबलपुर के महापौर जगतसिंह अन्नू जो कांग्रेस पार्टी से भाजपा में गए।

कांग्रेस और भाजपा की विचारधारा ने समय-समय पर देश को आंदोलित किया है। अब जबकि भाजपा का प्रभाव देश की राजनीति में असर दिखा रहा है। धारा 370 और श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा अन्य पार्टी के बड़े नेताओं को आकर्षित कर रहीं है। हाल में महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, बिश्वशर्मा जो असम राज्य के मुख्यमंत्री है।

**लोकसभा** चुनाव 2024 की अब कभी भी घोषणा हो सकती है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा इसे लेकर काफी उत्साहित है। भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा एक नारा बड़े पुरजोर तरीके से लगाया जा रहा है। मंचीय भाषणों में 'कांग्रेस मुक्त भारत' का यह नारा या श्लोगन खूब चर्चित हो रहा है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस उत्साह के कारण कांग्रेस में भी निराशा का वातावरण बन गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता ने भी कांग्रेस मुक्त भारत के नारे की गूंज को बढ़ा दिया है। किंतु क्या यह असल में होने वाला हैं ? क्या कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में अपने पूर्व के प्रदर्शन से भी कमजोर प्रदर्शन करने जा रही है ? क्या वर्तमान में मोदी लहर पर सवार भाजपा देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल को सबसे कमजोर प्रदर्शन करने की स्थिति में ला खड़े करेगी ? इन सवालों के मध्य एक बड़ा सवाल यह उठता है की क्या भारत को कांग्रेस से मुक्त करने के लिए कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल करने का अभियान सुनियोजित ढंग से एक रणनीति के तहत चलाया जा रहा है। जिस प्रकार से कांग्रेस से नेता भाजपा में जा रहें है, उससे तो ऐसा लगता है की यह श्लोगन कांग्रेस मुक्त भारत के स्थान पर भाजपा युक्त कांग्रेस होता जा रहा है। जिस तेजी से भाजपा का कांग्रेसीकरण हो रहा है। उससे तो यह लगता है की कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। दोनो ही एक ही थैली के चट्टे-बट्टे है। लोकसभा चुनाव के दौरान देश भर में कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला बढ़ने लगेगा। बेशक राजनीतिक दलों से जुड़ाव का सबसे बड़ा कारण उस दल की विचारधारा है। देश में दल तो बहुत है, किंतु प्रमुख राजनीतिक दल के रूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। जो देश का सबसे पुराना राष्ट्रीय दल है। कांग्रेस की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष होकर देश में सभी धर्म, जाति, भाषा का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय एकता स्थापित करने की रही है। कांग्रेस अब भी इस विचारधारा पर कायम है। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने वाला प्रमुख संगठन था। महात्मा गांधी, जवाहर नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, नीलम संजीव रेड्डी, डा राजेंद्र प्रसाद, पंडित शंकर दयाल शर्मा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, सोनिया गांधी, राहुल गांधी इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे है। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के 89 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष है। कांग्रेस का अपना गौरवशाली इतिहास है, राजनैतिक दल के रूप में कांग्रेस ने लंबे समय देश पर शासन किया यूं कहें कि सबसे अधिक समय तक देश की सत्ता में कांग्रेस रही। कांग्रेस को देश की राजनीति में विचारधारात्मक रूप से भाजपा से कठिन चुनौती मिली है। राजनीतिक समीक्षकों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का वर्तमान समय स्वर्णिमकाल है। देश की सता पर विराजित भाजपा के इतिहास को समझने के लिए भारतीय जनसंघ के इतिहास को समझना होगा। अखिल भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्तुम्बर 1951 में दिल्ली में हुई थी। श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के स्थापक सदस्य रहे है। जनसंघ की विचारधारा एकात्म मानववाद से जुड़ी रही है। जनसंघ का 1977 में जनता पार्टी और अन्य दलों में विलय हो गया। जनसंघ के पद चिन्हों को पुन सयोंजित कर 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भाजपा 1984 के आम चुनाव में मात्र 2 लोकसभा सीटों पर ही विजय हो पाई थी। 1998 में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का निर्माण हुआ। अटलबिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी जो एक वर्ष का कार्यकाल ही पूरा कर पाई। इसके बाद अटलजी के नेतृत्व में सरकार बनी जिसने अपना कार्यकाल पूर्ण किया। वर्तमान की फायर ब्रांड भाजपा का उदय गुजरात के मुख्यमंत्री देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के पदार्पण से हुआ। 2014 के आम चुनाव में भाजपा और राजग को भारी सफलता मिली। भाजपा का कारवां बढ़ता जा रहा है। राज्य दर राज्य भाजपा का विजय अभियान जारी है। भाजपा की आधिकारिक विचारधारा एकात्म मानववाद की है। किंतु भाजपा नेता देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और अन्य नेताओं ने गांधीवादी समाजवाद को भी पार्टी की अवधारणा के रूप में स्वीकार किया।

# पुलिस हत्या मानने से कर रही थी इंकार पोस्मार्टम रिपोर्ट ने खोली पुलिस की कलई

**जनपद में लगातार हो रही हत्याओं से दहशत लगातार हो रही हत्याओं से खीरी पुलिस की नाकामी की खुली पोल**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** सात फरवरी को ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी अंकित भार्गव दिल दहला देने वाला हत्याकांड चाहे मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के बउआ गांव के पास युवक का शव खाई में मिला था।गले पर घाव के निशान थे वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी वहीं मोहम्मदी कोतवाली में निकाय चुनाव की रंजिश में दो पक्षों में विवाद दोनों पक्षों से जमकर लाठी,डंडे और ईंट पत्थर चले।धारदार हथियार के हमले से चीख पुकार मच गई, एक की मौत हो गई।समाजवादी पार्टी नेता रमेश यादव की हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।वहीं मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में कंडे पाथने को लेकर हुए विवाद में युवक को उसके घर से खींचकर ले जाकर पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद नीमगांव थाना क्षेत्र का शिवप्रसाद हत्याकांड को तो पुलिस हत्या मानने से इंकार कर रही थी लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने झुठलाई पुलिस की कहानी बताते चलें थाना नीमगांव क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह 45 वर्षीय शिवप्रसाद की हत्या को पुलिस दिनभर खारिज करती रही।क्यों खारिज करती रही इसके पीछे वजह क्या थी लोगों को पुलिस की यह बात गले नहीं उतर रही थी जबकि घटना स्थल पर चारों ओर बिखरे खून को देखकर हर किसी ने हत्या की आशंका जताई इस मामले में सच्चाई तब सामने आई जब देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट जिसमें पुलिस की पटकथा को झुठला दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से वार की वजह के मौत की वजह स्पष्ट हुई मृतक शिवप्रसाद की पत्नी उर्मिला को पुलिस नीमगांव थाने लेकर आई। तो वहां उर्मिला ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया है।उर्मिला का कहना था कि बांके से काटकर पति की हत्या की गई है।पुलिस केस कमजोर करने की कोशिश कर रही है।उन्होंने बताया कि उनकी लिखी तहरीर पुलिस ने अपने पास रख ली है,जबकि अपने मन से दूसरी तहरीर लिखवाई।जिसमें पति की मौत को हत्या की बजाय किसी जंगली जानवर का हमला बताया गया है।देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह साफ हो गया कि कई चोटों,रक्तश्राव और सदमे की वजह से शिवप्रसाद कोमा में चले गए और उनकी मौत हो गई।पीएम रिपोर्ट में धारदार हथियार से आईं चोटों को मौत का कारण बताया गया है। लेकिन पुलिस मामले को मोड़ने में क्यों लगी रहती डकैती चोरी दिखती और हत्या जंगली जानवरों के हमले की वजह से मौत दिखती हर जगह लीपापोती और मामले को घुमाने में माहिर खीरी पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान लग रहे।

# किसान नेता देवेंद्र कुमार पंकज, कामिल उस्मानी और नरेंद्र वर्मा किए गए नजर बंद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ की देखरेख में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर महा महिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी खीरी को देना था मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज थे किसानों को इंडस्ट्रियल एरिया ग्राउंड में एकत्रित किया गया था प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को वहीं से पैदल मार्च करना था लेकिन प्रशासन ने बेहजम रोड स्थित भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज के संपर्क कार्यालय से निकलते ही पुलिस प्रशासन ने घेराबंदी कर पैदल मार्च स्थल पर जाने से रोक दिया और नजर बंद कर दिया किसान नेता ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे इस दौरान प्रशासन ने नायब तहसीलदार खीरी सुनील कुमार को भेज कर ऑफिस के बाहर ज्ञापन ले लिया इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि भाजपा की जालिम सरकार कब तक किसानों का उत्पीड़न करेगी किसान अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे सरकार ने किसानों से जो भी बादे किए थे उसमें एक भी वादा पूरा नहीं किया है सरकार को एमएसपी की गारंटी देनी होगी स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करनी होगी किसान सिर्फ अपना हक मांग रहे हैं और भाजपा की मोदी सरकार किसानों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रही है प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि किसानों के साथ घोर अन्याय और अत्याचार हो रहा है जिसे भारतीय किसान संगठन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार जितना किसानों का उत्पीड़न करेगी उतना ज्यादा किसान ऊग्र होंगे और अपने हकों की लड़ाई निरंतर जारी रखेंगे सरकार के आगे किसान झुकाने वाला नहीं है किसानो की मांगे सरकार को हर हाल में माननी पड़ेगी। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान गाज़ी रामजी वर्मा शैलेश कुमार राजवीर शर्मा शुभम वर्मा सौरभ वर्मा इकबाल अहमद खान अफजाल अहमद चुन मुन्ना अखिलेश कुमार मोहम्मद जैद रामसागर गौतम कपिल वर्मा गणेश जायसवाल नैनो दीक्षित अरुण वर्मा हरि नारायण वर्मा पिंटू आदि किसान मौजूद रहे।

# सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा का दिया संदेश




जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सड़क जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने शहर के संकटा देवी चौराहे पर लघु कार्यक्रम प्रस्तुत कर सड़क सुरक्षा नियमो को अपनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता की प्रेरणा एवम प्रधानाचार्य के निर्देशन में किया गया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक में कक्षा 3,4,5,के बच्चों ने प्रतिभाग किया।छात्र अयंत, पीहू, वर्धन, अथर्व, सदा, रुशाली, वर्णित, विवान, मनकीरत, अंशप्रीत, विराज , श्रेष्ठा , नैतिक और तोषी ने भावपूर्ण और सशक्त प्रस्तुति दी।इस कार्यक्रम में संकटा देवी चौराहे के थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।बच्चों ने उनसे सड़क सुरक्षा को लेकर प्रश्न पूछे एवम उनके कार्य तथा भविष्य को लेकर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।विद्यालय की तरफ से बच्चों द्वारा थानाध्यक्ष महोदय को स्मृति चिन्ह के रूप में पुष्प गुच्छ भेंट किया।बच्चों ने नगरवासियों को सड़क सुरक्षा के नियमो को अपनाने का महत्व समझाया और हेलमेट पहनने का आग्रह किया।

## देवर पर भाभी से मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

भाभी ने अपने देवर पर डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की है। पाली थाने के बाबरपुर गावं निवासी प्रिया मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की दोपहर साढ़े 12 बजे पति राहुल खेत गया था। वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान देवर अनुज घर आया और गाली-गलौज करने लगा। पीछे से सास रामबेटी भी आ गई और वह भी गाली देने लगी। विरोध करने पर अनुज ने धक्का देकर गिरा दिया। और डंडे से पिटाई कर दी। जिसमें सिर पर डंडा लगने से वह चोटिल हो गई है। बताया भागकर कमरे में खुद को बंद करके बचाया।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई मौजूद रहे। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दर्जा राज्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा सभी क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।नारी सशक्तिकरण को लेकर उन्हें आर्थिक सहायता देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है।समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और केडर्स को सम्मानित किया गया। बी डी ओ अश्विनी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया महिलाओ द्वारा चलाए जा रहे हैं समूह को सरकार द्वारा ऋण को न्यूनतम ब्याज दर पर देकर स्वरोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। जिनमें महिलाओं ने छोटे-छोटे स्वरोजगार कर अपनी आय को बढ़ाया है। यह योजना मील का पत्थर साबित हुई है।इस मौके पर बैंक सखी,महिला मेट,विद्युत सखी,बी ओ बुक कीपर,सी एल एफ बुक कीपर समेत बड़ी संख्या में समूह चलाकर स्वरोजगार कर रही महिलाएं मौजूद रही।



# कार्यालय, नगर निगम अयोध्या

## अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना

पत्रांक : 1055/न0नि0अयो0/2023 — दिनांक : 15.02.2024

| | |
|---|---|
| निविदा खरीदने की तिथि | दिनांक 21.02.2024 को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक |
| निविदा बॉक्स में डालने की तिथि | दिनांक 22.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 02.30 बजे |

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | स्वीकृत निविदा धनराशि जी.एस.टी. रहित | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनौरा स्थित पक्का तालाब से त्रिलोकी गंगा तक नाला सफाई, खोदाई व हयूम पाइप का कार्य। | 746333.38 | 632485.92 | 63300.00 | 885.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 2. | साकेतपुरी में स्थित डॉ0 आशाराम, डी0सी0 टण्डन के मकान के सामने पार्क में मिट्टी भराई का कार्य। | 931492.00 | 789400.00 | 79000.00 | 1121.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 3. | गौशाला में जल निकासी हेतु विभिन्न सीलों पर 300 एम0एम0 ह्युम पाइप व लो लैण्ड पर मिट्टी भराई का कार्य। | 568311.60 | 481620.00 | 48200.00 | 708.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 4. | शहनवा स्थित मिर्जापुरमाफी के पास तालाब के सौन्दर्यीकरण व मिट्टी साकेतपुरी स्थित डॉ0 आशाराम, डी0सी0 टण्डन एवं डॉ0 एस0एन0यादव के मकान के सामने पार्क में पोकलैण्ड से डमपर में मिट्टी भराई का कार्य। | 725228.00 | 614600.00 | 61500.00 | 885.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 5. | शहनवां स्थित मिर्जापुर माफी के तालाब के पास सौन्दर्यीकरण व विस्तारित क्षेत्र में सड़कों पर, एम0आर0एफ0 सेन्टर के बगल कूड़े के ढेर पर, साकेत पेट्रोल पम्प आई लव अयोध्या, पूरे हुसैन खां पावर हाउस के पास कूड़े अड्डे पर, पोकलैण्ड से डमपर में गिट्टी भरने का कार्य। | 938454.00 | 795300.00 | 79600.00 | 1121.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 6. | अयोध्या स्थित साकेत पेट्रोल पम्प के सामने व आई लव अयोध्या व एम0आर0एफ0 सेन्टर के बगल कूड़े के ढेर पर मिट्टी गिराकर समतलीकरण का कार्य। | 853907.00 | 723650.00 | 72400.00 | 1062.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 7. | नगर निगम के विस्तारित क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों, आशिफबाग, कौशलपुरी, बनवीरपुर, गजा व मलिकपुर में मिट्टी गिराने का कार्य। | 834201.00 | 706950.00 | 70700.00 | 1003.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 8. | साकेतपुरी कालोनी में स्थित डॉ0 एस0एन0 यादव के घर के सामने पार्क में मिट्टी भराई का कार्य। | 958372.40 | 812180.00 | 81300.00 | 1180.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| 9. | रामपथ मार्ग पर स्थित साइड पटरी पर पुरानी इण्टरलाकिंग टाइल्स उखाड़कर गौशाला के काऊयार्ड में लगाने का कार्य। | 967624.54 | 820020.80 | 82100.00 | 1180.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 30.01.2024 |
| 10. | अश्वनीपुरम वार्ड में शीतला माता मंदिर, पवन निषाद के घर के सामने मंजू गुप्ता एवं राजेश यादव के घर के सामने, विजय श्रीवास्तव के घर के सामने नाली एवं क्रासिंग का निर्माण कार्य। | 396964.27 | 336410.40 | 33700.00 | 472.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 28.01.2024 |
| | **अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)** | | | | | | | |
| 1. | अशफॉक उल्ला खां वार्ड के कम्पोजिट विद्यालय में टाइल्स, नाली व रबरामोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 492570.86 | 417432.94 | 41750.00 | 590.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 30.01.2024 |
| 2. | अशफॉक उल्ला खां वार्ड के कम्पोजिट विद्यालय में टाइल्स का कार्य। | 366424.12 | 310528.92 | 31100.00 | 472.00 | 20 दिन | स्थानीय अवस्थापना /निगम निधि | 30.01.2024 |

नोट- सामान्य निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तें पूर्ववत रहेगी। किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

# जहरीले जंतुओं का बसेरा बना सामुदायिक शौचालय

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

दहशत में ग्रामीण, जिम्मेदार मौन भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत अभियान को देश के सबसे बड़े सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड जंगल कौड़िया के ग्राम सभा एकमा के दबंग ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी ने सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। सरकार के मंशानुरूप जिन लोगों के घरों में शौचालय नहीं है या गांव में बाहर से आने वाले लोगों के उपयोग के गांवों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।




### दोषियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: एडीओ पंचायत

मामले के संबंध में पूछे जाने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रमेश चंद्र ने कहा कि शौचालय ठीक कराया जाएगा और यदि अक्रियाशील अवस्था में केयर टेकर को भुगतान किया गया है,तो किये गए भुगतान की रिकवरी की जाएगी और संबंधित दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम सभा के विकास कार्यों से अनभिज्ञ हैं ग्राम सचिव

सामुदायिक शौचालय में जहरीले सांप, बिच्छू रेंगने व शौचालय को तोड़ कर छोड़े जाने के संबंध में पूछे जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी रीता गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं थी जांच कर व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी, ग्राम पंचायत अधिकारी का बयान स्पष्ट करता है कि वह खुद ग्राम सभा में निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुसार नहीं जाती है और न ही ग्राम सभा के विकास से उन्हें कोई लेना देना है वह सिर्फ ठेकेदार और प्रधान का भुगतान करने और अपना निर्धारित कमीशन प्राप्त करने के लिए जातीं हैं।

### शौचालय में दौड़ते हैं जहरीले जन्तु, दहशत में ग्रामीण

बताते चलें कि ग्राम सभा एकमा में बने सामुदायिक शौचालय में इन दिनों सांप-बिच्छू दौड़ रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय के ईंट और टाइल्स महीनों से उखड़े पड़े हैं जहां ग्रामीणों के प्रयोग करने की बजाय जहरीले जंतुओं का अड्डा बना हुआ है जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। सामुदायिक शौचालय की स्थिति यह है कि ग्रामीण एवं राहगीरों को लघुशंका या शौच करने को किसी दूसरे स्थान पर जाने के लिए मजबूर होते हैं। जबकि शौचालय के केयरटेकर को हर महीने छह हजार रुपया ग्राम निधि से भुगतान भी किया जाता है। फिर भी संबंधित अधिकारी मामले से अनजान है। हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में ग्रामीण रामकेश, पुष्पा, हरिराम आदि ने बताया कई महीनो से शौचालय की टाइल्स और ईट मरम्मत के नाम पर उखाड़ दिया गया है। जिससे शौचालय प्रयोग के लायक नहीं रहा ऐसे में गांव की बहू बेटियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों में एक की मौत-दूसरा गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में उरई राठ मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मुहाना के पास बाइक पर टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़र निवासी मूलचंद 45 वर्ष एक गरीब मजदूर था। जो गुरुवार देर शाम को अपने साथी महावीर 40 वर्ष के साथ मकरेछा में रहने वाले अपने मामा खुमान के घर जा रहा था। जब वह लोग मोहाना के पास से गुजर रहे थे। तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों लोगों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने मूलचंद को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और घटना की सूचना परिजनों को देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अवैध विद्यालय को बंद कराने की उठी मांग

# माध्यमिक की मान्यता के आड़ में प्राथमिक विद्यालय भी किया जा रहा संचालित

जन एक्सप्रेस । आनन्द नगर /महराजगंज

अवैध तरीके से संचालित हो रहे विद्यालय को बंद करने की शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से किया मांग। बताते चलें कि फरेन्दा क्षेत्र के ग्राम सभा बढ़या मुडिला निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र रामहरख, ने बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज सहित अन्य उच्चाधिकारियों को दिए गए पत्रक में उल्लेखित किया है कि गांव में आर0एन0 पब्लिक स्कूल का संचालन प्रबन्धक रमाशंकर पुत्र ठागे द्वारा अवैध तरीके से किया जा रहा है और उपरोक्त विद्यालय की मान्यता केवल कक्षा 6 से 12 तक की है






जबकि विद्यालय कक्षा नर्सरी से इण्टरमीडियट तक संचालित होता है। जबकि नर्सरी से कक्षा पांचवीं की मान्यता विद्यालय को नहीं प्राप्त है।

### बिना मान्यता नर्सरी कक्षा का हो रहा संचालन

शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रांगण में प्रबन्धक द्वारा मनमानी तरीके से विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक का विद्यालय भी संचालन किया जा रहा है। जबकि उन्हें इन कक्षाओं के संचालन करने की मान्यता नहीं मिली है।

### प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी: एबीएसए

इस संबंध में पूछे जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी फरेंदा अगिनीत कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज के द्वारा शिकायती पत्र के संबंध में कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त विद्यालय के प्रबंधक को नोटिस भेज दिया गया है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीपीआरओ के आदेश का मखौल उड़ा रहे एडीओ पंचायत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जनपद के कैंम्पियरगंज ब्लाक में सालों से तैनात एडीओ पंचायत नीरज कुमार गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी के स्थानांतरण आदेश का मखौल उड़ा रहे हैं, लम्बे समय से ब्लाकों में कार्यरत दो एडीओ पंचायत को जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा दूसरे विकास खण्डों में स्थानांतरित करने का आदेश विगत 29 जनवरी 2024 को किया गया परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे दोनों एडीओ पंचायत अभी तक अपने अपने विकास खण्ड में डेरा डाले बैठे हैं।

बताते चलें कि जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 29 जनवरी 2024 को पत्र जारी कर आदेशित किया गया कि एडीओ पंचायत ब्लाक कैंम्पियरगंज और ब्लाक भटहट द्वारा विभिन्न विकास खण्ड में अविलंब अपने कार्य भार ग्रहण किया जाए।

अब सवाल यह उठता है कि क्या डीपीआरओ द्वारा जारी आदेश के बाद क्यों नहीं हुआ ट्रांसफर या जिला पंचायत राज अधिकारी पर भारी पड़ रहे हैं दोनों एडीओ पंचायत या दोनों का स्थानांतरण आदेश सिर्फ दिखावा बन कर रह गया है।

अब देखना यह है कि डीपीआरओ द्वारा जारी किया गया स्थानांतरण आदेश सिर्फ कोरा पन्ना साबित होता है या इन दोनों का स्थानांतरण होता है।

वहीं इस मामले में एडीओ पंचायत ने जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में बेखौफ बताया कि मेरा ट्रांसफर हो चुका हैं लेकिन में कैंम्पियरगंज ब्लाक में ही ड्यूटी कर रहा हूं और करुंगा।

# सरकार की योजनाओं का आम जनमानस को मिले पूर्ण लाभ: केंद्रीय राज्यमंत्री

जन एक्सप्रेस । उरई

केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उन्होंने ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना आदि योजनाओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।




जो धरातल पर दिखाई दें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें।

कहा कि विभाग कार्य योजना बनाते समय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव व प्रस्ताव अवश्य सम्मिलित करें। साथ ही विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इसके अलावा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यों की समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एडीएम संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, सीएमओ डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, पीडी शिवाकांत द्विवेदी व डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेलवे स्टेशन पर दिखी यूपीपी परीक्षार्थियों की भीड़

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** यूपीपी परीक्षा में लड़कों का परीक्षा केंद्र गैर जनपद में बनाया गया है जिस वजह से उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है दूर परीक्षा केंद्र होने की वजह से परीक्षार्थियों एक दिन पहले ही अपने घरों से निकल गए हैं क्योंकि कुछ परीक्षार्थियों का सुबह के वक्त उनका परीक्षा होना है जिस वजह से वह काफी परेशान दिखे वहीं कुछ ऐसे भी परीक्षार्थियों है जो अपने परीक्षा केंद्र के बारे में जानकारी लेते नजर आए यूपी पुलिस के परीक्षा को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में अतिरिक्त बसों को लगाया है जिसे परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। लगभग सभी ट्रेन बस फुल नजर आ रहा है यहां तक की बिहार के अभ्यर्थी भी यूपी पुलिस में नौकरी करने की इच्छुक ऑनलाइन फॉर्म भरकर परीक्षा देने के लिए निकल चुके हैं लंबे समय के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती निकली है जिस वजह से भारी संख्या में अभ्यर्थी ऑनलाइन फॉर्म भरे हैं खास बात यह है की उम्र सीमा में भी छूट मिलने की वजह से अभ्यर्थियों की संख्या और बढ़ गई है।

### सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन, लोगों मे शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व देवरिया जनपद के दो बार लगातार जिलाध्यक्ष रहे राम इकबाल यादव का लखनऊ के एक अस्पताल में शुक्रवार को निधन हो गया वह स्वर्गीय राम इकबाल यादव के तीन बेटे है। जिसमे बड़े बेटे अजय कुमार यादव जो जिला पंचायत सदस्य तो दुसरे अभय यादव पकहा गांव के लगातार दो बार ग्राम प्रधान रहे हैं।वहीं तीसरे बेटे न्वेडा मे इन्जीनियर के पद पर कार्यरत हैं।स्वर्गीय राम इकबाल यादव पथरदेवा ब्लॉक के पकहां गांव के मुल निवासी है। जो हमेशा दबे कुचले लोगों की मदद के साथ साथ सेवा करना उनका मुल उद्देश्य था। जिसके वजह से स्वर्गीय राम इकबाल यादव नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। स्वर्गीय राम इकबाल यादव के निधन की खबर जैसे ही क्षेत्रीय लोगो को मिला तो पुरे क्षेत्र मे मातम छा गम गया। वहीं इनके निधन पर पूर्व मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह पूर्व विधायक गजाला लारी बसपा नेता परवेज आलम पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय बबलु राजेश प्रताप राव बंटी पूर्व सांसद बालेश्वर यादव कनकलता सिंह जिलाध्यक्ष व्यास यादव ,दिलीप यादव आदि हजारों लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकता है जान का खतरा

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर, देवरिया।** सलेमपुर विद्युत विभाग के कर्मचारी अपने कार्यों से हमेशा ही चर्चा में बने रहते है। जैसे विद्युत चेकिंग में बवाल मुकदमा दर्ज मीटर बाबू का बवाल मुकदमा दर्ज आदि, लेकिन इनके लापरवाही से किसी भी व्यक्ति की जान माल का कभी भी नुकसान हो सकता है ।इनकी उदासीनता तो देखिए नगर से सटे सेंट जेवियर्स रोड से आगे जाने पर एक रोड प्रानछपरा ग्राम सभा को जोड़ता है। प्रानछपरा ग्राम सभा को विधुत सप्लाई से जोड़ने वाली 11 हजार वोल्ट का विद्युत पोल स्थित है जो कि जमीन से मात्र कुछ फिट ऊपर ही है यदि कोई गाड़ी ट्रैक्टर ट्राली पिकअप आदि इस रास्ते से जाति है और थोड़ी सी चूक होती है तो इस विद्युत तार से विधुत करेंट लगने और जान माल का खतरा बना हुआ है। इस संदर्भ में स्थानीय निवासियों ने बताया की कई बार संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया है लेकिन अधिकारियों का ध्यान इस तरफनही हो रहा जबतक कोई बड़ी घटना नहीं हो जायेगी तब तक विद्युत विभाग के लोग इस तरफ ध्यान नहीं देंगे। इस संदर्भ में विद्युत विभाग के कर्मचारी से पूछने पर आश्वासन दिया गया कि जल्द इस तार को सही करा दिया जाएगा।

### नाली पर लगा ढक्कन क्षतिग्रस्त नगर पंचायत के अधिकारी मौन, बड़ी दुर्घटना का इंतजार

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया।** सलेमपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष के ढुलमुल कार्य व्यवस्था से सलेमपुर की जनता त्रस्त है। कही नालियां रोड पर बह रही है तो कहीं नगर में कचड़ों का अंबार है। तो कहीं रोड पर लगे नाली के ढक्कन टूटे हैं। नगर के सलेमपुर देवरिया मुख्य मार्ग से सलहाबाद वार्ड नंबर 6 से होते हुए सेंट जेवियर्स स्कूल तक जाने वाली रोड में विधुत उपकेंद्र कार्यालय से मात्र कुछ कदमों पर नाली पर लगा ढक्कन पूर्ण रूप से क्षति ग्रस्त हो चुका है ।लेकिन नगर पंचायत सलेमपुर के जिम्मेदारों की नजर इस रोड पर नहीं पड़ रही है। सलेमपुर नगर पंचायत के कार्यों पर तमाम सवाल उठाए जा रहे है आए दिन नगर पंचायत अपने कार्यों को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है बावजूद नगर पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्यों में सुधार नहीं लाया जा रहा है। यदि नगर पंचायत ऐसे ही उदासीन बना रहा तो रोड के नाली पर लगे क्षतिग्रस्त ढक्कन की वजह से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### मकान गिरने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** गुरूवार की देर रात्रि थानाक्षेत्र कोतवाली देवरिया अन्तर्गत मोहल्ला मेहड़ा पुरवा निवासी जितेन्द्र प्रसाद( जाति-हरिजन, उम्र 26वर्ष) पुत्र स्व0शीतल प्रसाद का पुराना जर्जर मकान अकस्मात गिर गया, जिसमें सो रहे जितेन्द्र प्रसाद व उनकी पत्नी बाबी देवी (उम्र 24 वर्ष) की मकान में दबने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी, तथा उनकी बड़ी साली चन्द्रकला देवी( 28वर्ष) पत्नी चन्दन कुमार निवासिनी विजयीपुर थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज (बिहार प्रान्त) गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा गम्भीर रूप से घायल चन्द्रकला देवी को जिला चिकित्सालय देवरिया लाया गया, जहां चिकित्सको द्वारा उनकी स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफ़र कर दिया गया, जहां पर समाचार लिखे जानें तक उनका इलाज जारी रहा।

### तहसील दिवस का आयोजन 20 को

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया है कि 17 फ़रवरी (शनिवार) को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा तथा 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन के दृष्टिगत तहसील दिवस का आयोजन 20 फ़रवरी, दिन मंगलवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन हेतु व्यवस्थाओं में अधिकांश अधिकारी व्यस्त रहेंगें, जिसके वजह से यह निर्णय लिया गया है।

# देशावरी पान की दुर्दशा देखने बरेजे पहुंचे पूर्व डीजीपी

जन एक्सप्रेस । महोबा

ठंड में पाला लगने से बर्बाद हुए महोबा के देशावरी पान की दुर्दशा देखने के लिए आज उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह पान बरेजे पहुंचे और किसानों से मुलाकात कर उनको ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जीआई टैग प्राप्त महोबा के पान की खेती में लगातार हो रही गिरावट के लिए गलत सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं।

सुलखान सिंह ने बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर के साथ कीरत सागर के नजदीक स्थित पान बरेजों का भ्रमण किया और कहा कि महोबा का देशावरी पान पूरे बुंदेलखंड की शान रहा है। कभी यहां से पान देश-विदेश में जाता था और लाखों लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पान रोजगार से जुड़े थे लेकिन लगातार सरकारी उपेक्षा के चलते धीरे-धीरे पान की खेती मात्र 10 फीसदी बची है। ज्यादातर पान किसान पलायन कर दूसरे काम-धंधे करने को मजबूर हो



रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो भविष्य में पान भी इतिहास का हिस्सा बन जाएगा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि उपेक्षा का आलम यह है कि प्रशासन ने पाले से बर्बाद हुई पान खेती का अभी तक सर्वे नहीं कराया। पहले 500 एकड़ में पान की खेती होती थी जो धीरे-धीरे 20-25 एकड़ में सिमट कर रह गयी है। सरकार ने पान मसाला को बढ़ावा दिया लेकिन औषधीय गुणों से परिपूर्ण पान की खेती करने वाले किसानों को कृषक का दर्जा तक प्रदान नहीं किया। पान किसान प्रेम चैरसिया ने बताया कि अगर हमारे खेत का बीमा होता तो हमें भी ठंड से बर्बाद हुई फसल का भी कुछ मुआवजा मिल जाता। पान का एक खेत तैयार करने में लाखों का खर्च आता है। मध्यप्रदेश में सरकार पान किसानों को बहुत मदद देती है लेकिन उत्तर प्रदेश में हमारे हितों की रक्षा के लिए सरकार कुछ नहीं करती। एक साल पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या यहां आये थे। उन्होंने पान किसानों की समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया था लेकिन हुआ कुछ नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यहां आकर महोबा के पान की तारीफ की थी।

## सीएचसी में फिर चले लात जूते, चर्चित फार्मासिस्ट ने अब वार्डबॉय को पीटा

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक फार्मासिस्ट के कारण सुर्खियों में बना रहता है। बीते दिनों चर्चित फार्मासिस्ट का सफाई कर्मचारी से विवाद हुआ था। जिसके बाद गुरुवार की रात्रि फार्मासिस्ट ने वार्डबॉय के साथ लात जूतों से पिटाई कर दी। पीड़ित वार्डबॉय ने पुलिस से शिकायत कर, कार्रवाई की मांग की है।

सीएचसी कालपी में तैनात पीड़ित वार्डबॉय हरिओम तिवारी पुत्र बुद्धिसगर तिवारी ने कोतवाली में शिकायत करते हुए बताया कि वह गुरुवार को सीएचसी में रात्रि ड्यूटी पर था। रात्रि 9 बजे एक सड़क दुर्घटना में घायल मरीज आया। जिसका प्राथमिक उपचार डॉ. विशाल सचान के निर्देशन में मेरे द्वारा कर दिया गया। इस दौरान फार्मासिस्ट राजकुमार मिश्रा ने बार बार फोन करके मुझे धमकाया और कुछ ही देर में चर्चित फार्मासिस्ट ने हरिओम के साथ लात जूतों से हमला कर दिया। जिसमें चोटें आयीं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं कार्यकारी चिकित्साधीक्षक डॉ. विशाल सचान ने बताया कि स्टाफ में आपस में विवाद का मामला है।

# गबन के मामले में भूमि संरक्षण अधिकारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । उरई

कूट रचित दस्तावेजों के सहारे लाखों की राजकीय धनराशि गलत तरीके से निकालकर गबन करने वाले भूमि संरक्षण अधिकारी शहाबुद्दीन के खिलाफ वर्तमान कृषि अधिकारी गौरव यादव ने कोतवाली में जालसाजी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। गबन का मुकदमा पंजीकृत होने के बाद इस मामले की जांच कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक गौरव मिश्रा ने शुरू कर दी है।

उरई मुख्यालय के भूमि संरक्षण विभाग में 2017 से 2023 तक भूमि संरक्षण विभाग में शहाबुद्दीन भूमि संरक्षण अधिकारी के पद पर तैनात रहे। उनके कार्यकाल में सन 2020 में शासन की तरफ से 4 लाख 46 हजार 880 रुपए की कार्य योजना आई हुई थी। जिसका काम उनके द्वारा कराया जाना था। मगर तत्कालीन भूमि संरक्षण अधिकारी शहाबुद्दीन ने काम न कराते हुए उनके द्वारा कूट रचित तरीके से गलत दस्तावेज तैयार करते हुए रुपए का गबन कर लिया। जब इस कार्य योजना की जांच की गई तो कार्य हुआ ही नहीं और उसकी धनराशि का बंदरबाट हो गया। खुलासा होने के बाद विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र पर डीएम ने सरकारी धनराशि का गबन करने के आरोप में तत्कालीन भूमि संरक्षण अधिकारी शहाबउद्दीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये।

जिस पर कृषि अधिकारी गौरव यादव की शिकायत पर उरई कोतवाली में तत्कालीन भूमि संरक्षण अधिकारी शहाबउद्दीन के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 409 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मामले की जांच उप निरीक्षक गौरव कुमार मिश्रा द्वारा की जा रही है। एफआईआर दर्ज कराने वाले कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि मामला सरकारी धनराशि के गबन का है, शासन के आदेश पर यह मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# एसडीएम ने जुमे की नमाज को लेकर परखी कानून व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । कालपी

एसडीएम हेमंत पटेल ने नगर की अधिकांश मस्जिदों में होने वाली जुमे की नमाज के पूर्व से लेकर बाद तक जायजा लिया। इतना ही नहीं उन्होंने वे वजह एक जगह एकत्रित लोगों को अपना अपना काम करने के लिए कहा। नगर की अतिसंवेदन शील मुस्लिम बाहुल्य बस्ती में बड़ी मस्जिद के पास लगी सुरक्षा टीम से बातचीत की। महमूदपुरा चौकी इंचार्ज से कहा कि एक एक संदिग्ध व्यक्ति पर कड़ाई से नजर रखें और समाज के अच्छे लोगों से मित्रवत व्यवहार के जरिए आम जन मानस में विश्वास जगाएं। कहा कि सभी लोग अपनी अपनी पूजा



पाठ करें, लेकिन कोई भी किसी भी धर्म पर गलत टीका टिप्पणी न करे। सोशल मीडिया में नजर रखी जाये यदि कोई भी गलत टिप्पणी करता हुआ पाया जाए उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा कदौरा व महेवा आदि क्षेत्र के संवेदन शील क्षेत्रों की गोपनीय रिपोर्ट लेते रहे।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, भाई-बहन घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में हमीरपुर जोल्हूपुर नेशनल हाईवे पर बाइक सहादतपुर रोगी के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन निवासी आर्यन 20 वर्ष शुक्रवार की दोपहर अपनी बहन लकी राठौर 25 वर्ष के साथ बाइक से परासन जा रहा था। तभी सहादतपुर रोगी के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

जिससे बाइक में सवार भाई बहन घायल हो गए। राहगीरों ने घायल भाई बहन को सीएचसी पहुचाया। जहां पर उपचार किया गया। इस दौरान फार्मासिस्ट डॉ. श्याम सुंदर ने बताया कि उनका उपचार कर छुट्टी दे दी गई है।

# खाद्य निरीक्षक की खाऊ-कमाऊ नीति के चलते मिलावटखोरों की बल्ले-बल्ले

जन एक्सप्रेस । महोबा

खाद्य निरीक्षक की खाऊ-कमाऊ नीति के चलते शहर का बाजार नकली तथा मिलावटी खाद्य पदार्थो की खुलेआम हो रही है खरीद फरोख्त। शहर मे बगैर रजिस्टेशन के गुटखे की कुछ फैक्ट्रियां संचालित हो रही है। गुटखो के साथ मिश्रित की जाने वाले तम्बाकू अत्यन्त हानिकारण का प्रयोग किया जा रहा है। इसी तरह असली श्याम बीड़ी के स्थान पर नकली श्याम बीडी तथा कथित व्यापारियो द्वारा तैयार कराकर बेची जा रही है। मिलावटखोरो द्वारा सरकार को टैक्स के रूप मे मिलने वाली धनराशि को मिलावटखोरो द्वारा प्रतिमाह लाखो का चूना लगाया जा रहा है। इसी तरह सरसो, तिली तथा




अलसी का मिलावटी तेल धड़ल्ले से कुछ दुकानदारो द्वारा ग्राहको को बेचा जा रहा है। घड़ी साबुन के स्थान पर घरी साबुन तथा खाद्य पदार्थो मे शुद्ध देशी घी मे डालडे की मिलावट, अरहर की दाल मे मटर की दाल की मिलावट की जा रही है। यहॉ तक ही कुछ कम्पनियो द्वारा गेहूँ के आटे मे चावल की टुटी मिलाकर शुद्ध गेहूँ का आटा बताकर बेचा जा रहा है। कुछ कम्पनियो द्वारा बच्चो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तरह तरह के केक और चॉकलेट आदि का बगैर स्वास्थ्य विभाग से परीक्षण कराये बेजी जा रही है इसी तरह नमकीन विभिन्न तरह की अत्यन्त घटिया तेलो से निर्माण कर मिलावटखोरो द्वारा बच्चो और आमजन मानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। खाद्य निरीक्षक मिलावटखोरो के विरूद्ध धड़ पकड़ अभियान चलाये जाने के स्थान पर बंधी माहवारी वसूलकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान रहे है। समय रहते मिलावटखोरो और नकली धूमपान विक्रेताओ के विरूद्ध धड़ पकड़ अभियान न चलाया गया तो इनके सेवन से अंजान लोगो को अपने जान की कीमत चुकाना पड़ सकती है।

# स्कूल में आयोजित हुआ दो दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई बलरामपुर**

रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज महराजगंज कस्बा में दो दिवसीय वार्षिकउत्सव कार्यक्रम व हाईस्कूल इंटर के छात्रों का विदाई समारोह शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम के बीच हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गिरजेश तिवारी व विशिष्ट अतिथि सह विद्यालय निरीक्षक डॉ चंदन पांडे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत कराई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज के वार्षिकउत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नाटकों के माध्यम से जीवन में शिक्षा का महत्व सोशल मीडिया के जाल में फंसा समाज व इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाई। बच्चों ने नाटक के माध्यम से पेड़ों की कटान रोकने के साथ ही प्राकृतिक संरक्षण का संदेश दिया। ट्रैफिक नियमों का पालन व स्वच्छता को लेकर भी छात्र छात्रों ने नाटक प्रस्तुत का स्वास्थ्य यो सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत किया।इस दरमियान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर आगंतुकों व अभिभावकों का मनमोह लिया। थाना प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा



की भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। शिक्षा से अनुशासन की सीख मिलती है। अनुशासित व्यक्ति कभी भी किसी का बुरा नहीं करता। शिक्षा से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। स्कूली शिक्षा के समय बनी आदतें हमेशा साथ रहती है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ चंदन पांडे ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कृति के उचित मेल से सफल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। व्यक्ति के सफल होने में ज्ञान के साथ-साथ श्रेष्ठतर सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यो की शिक्षा का बड़ा योगदान है। साथ ही संस्कारित शिक्षा से विद्यार्थी परिवार के साथ-साथ देश एवं राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यालय के सह प्रबंधक एडवोकेट राजीव मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिष्टाचार एंव सभ्यता के जिन आदर्शों को अपने विद्यालय में सीखा है उसे जीवन में उतारते हुए आगे बढ़े। यहां के छात्र हर क्षेत्र में अग्रणी रहते हैं हमें पूरा विश्वास है कि परीक्षा में सर्वोच्चम प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम समापन के बाद विदाई समारोह में छात्रों में स्कूल में बिताए गए पाल को याद कर भावुक हो गए।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शाहिद ने किया।इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण मिश्रा, प्रवेश कुमार मिश्रा, मोनू सिंह, प्रसून कौ, शैलेन्द्र सिंह, डीपी मिश्रा, शाहिद तमाम शिक्षक अभिभावाक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी ने मंडी समिति मतगणना स्थल का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

**✻ डीएम ने मतगणना स्थल पर पेयजल, शौचालय,साफ सफाई आदि की समुचित व्यवस्था के लिए दिया निर्देश**

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियो के दृष्टिगत डीएम और जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा मतगणना स्थल मंडी समिति का पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होंने काउंटिंग शेड एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं बैरिकेडिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी गेट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग शेड के रिपेयर आदि के लिए टेक्निकल टीम बनाकर जांच कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की रंगाई पुताई आदि समय से कर ली जाए। काउंटिंग स्थल पर लगे सभी हैंडपंप सही करा लिए जाने का निर्देश दिया।

काउंटिंग स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं मंडी समिति की भीतर की सभी सड़के सही करा लिए जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर,अपर एसडीएम संतोष कुमार ओझा,सचिव मंडी समिति, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# '25 हजार की गई सीएम कन्या सुमंगला की धनराशि'

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि में वृद्धि की गई है तथा आवेदन पत्र हेतु कतिपय अभिलेख की संख्या कम की गई है और योजना के आवेदन पत्र क्षेत्रीय कार्मिक (आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) के माध्यम से भरवाया जाना है।

अवगत कराना है कि कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने एवं समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की क्रूप्रथा रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने आदि के उद्देश्य से 2019 में प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना संचालित की जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से



संवाद कार्यक्रम में 30 अगस्त को मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में इस योजना के सभी 6 श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि 15000 रूपये से बढ़कर 25000 रूपये किए जाने का निर्णय लिया गया है।

इसी प्रकार आवेदन पत्र में कतिपय अभिलेख की संख्या भी कम की गई है जिसकी विस्तृत जानकारी जिला प्रोवेशन कार्यालय विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है।

# बलरामपुर चीनी मिल गेट पर श्रमिक संगठनों का धरना-प्रदर्शन

**✻ मिल के कर्मचारियों ने किया कार्य का वहिष्कार**

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की बलरामपुर चीनी मिल की शुगर इकाई गेट पर शुक्रवार को श्रमिक संगठनों का संयुक्त धरना प्रदर्शन दिन भर किया गया। सायंकाल जिला प्रशासन के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार डॉक्टर अनुपम शुक्ला ने ज्ञापन प्राप्त कर ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को मजदूर संगठनों की संयुक्त संघर्ष समिति के आवाहन पर बलरामपुर चीनी मिल गेट पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। मजदूरों ने पूरी तरह से कार्य का बहिष्कार किया और श्रमिक प्रतिनिधियों ने पूरे दिन शासन प्रशासन तथा मिल प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश जताया। 8 सूत्रीय मांग को लेकर किए गए धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में




मिल के मजदूर सम्मिलित हुए और सभी ने सरकार तथा मिल प्रबंधन से मांगों को तत्काल पूरा करने के लिए मांग किया।

धरना प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए भाजपा नेता और जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू भी अपने तमाम समर्थन के साथ पहुंचे। भाजपा युवा नेता अपूर्व प्रताप सिंह अवी ने कहा कि उनका परिवार हमेशा से मजदूरों के साथ रहा है और आज भी है। उन्होंने मिल प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का तत्काल निराकरण नहीं कराया गया तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने श्रमिक प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वह हर लड़ाई में साथ खड़े रहेंगे। इंटक नेता कमलेश शुक्ला व सुधांशु प्रताप सिंह, एचएमएस नेता अशोक कुमार व बैरिस्टर सिंह, बीएमसी के अनूप कुमार तथा सुभाष पांडे व समीर सिंह ने सरकार तथा मिल प्रबंधन से समस्याओं के निराकरण तत्काल वार्ता करके निपटारा करने की मांग की और सलाह दी मिल प्रबंधन समय से मामलों का निरा करण करे जिससे की आक्रोश बढ़ने से रोका जा सके। नेताओं ने कहा कि मिल प्रबंधन के रवैया के कारण मजदूरों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

मजदूर संगठनों के समर्थन में किसान यूनियन भी उतर आया। किसान यूनियन भानू गुट के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा की मिल में काम करने वाले सभी मजदूर किसी न किसी किसी किसान परिवार का बेटा हैं। ऐसे में यदि चीनी मिल मजदूरो का शोषण करती है तो किसान यूनियन भी पुरजोर विरोध करेगा। धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान इंटक से संबंध यूनियन के मंत्री मंगल प्रसाद, एटक से संबंधित यूनियन के मंत्री कमलेश कुमार शुक्ला, एचएमएस से संबंध यूनियन के मंत्री अशोक कुमार, बीएमएस से संबंध यूनियन के मंत्री अनूप शर्मा व सुभाष पांडे किसान यूनियन के जिला संरक्षक डॉक्टर जब्बार अली जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार विश्वकर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, राम सनेही, प्राची यादव, राजरानी, सीताराम व लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में मिल मजदूर मौजूद थे। मंच का संचालन श्रमिक प्रतिनिधि संजय कुमार पांडे ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान भोजपुरी प्रसिद्ध गायक चंद्र प्रकाश पांडे व उनकी टीम ने पूरे दिन अपने लोकगीतों तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से समां बांधे रखा। भोजपुरी गायक श्री पांडे ने बताया कि उन्होंने स्वयं के लिखे गीत प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने बताया कि सभी गीत यहां पहुंचकर वर्तमान स्थिति के अनुसार यहीं पर तैयार किए गए हैं।

## संयुक्त किसान मोर्चा भारतीय किसान यूनियन का भारत बंद आज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के आवाहन पर भारत बन्द के अंतर्गत जनपद अयोध्या में दर्जनों बाजारों को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं) पदाधिकारी ने घूम घूम कर प्रदर्शन करते हुए अपने मांगों के समर्थन में व सरकार विरोधी नारे लगाते हुए बाजारों को बंद कराया। जाहिर है कि एमएसपी पर कानून बनाने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, गन्ने का भुगतान डिजिटल माध्यम से करने, कृषि हेतु बिजली फ्री करने, आदि समस्याओं को लेकर भारत बन्द का वाहन संयुक्त किसान मोर्चा भारतीय किसान यूनियन द्वारा किया गया था। भकियू के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत बीकापुर व मसौधा बाजार में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद कराया गया केएम सुगर मिल मसौधा में गन्ना ले जा रहे किसानों ने भी आज भारत बन्द के तहत गन्ना आपूर्ती न करने का निर्णय लिया। रुदौली बाजार में शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे, रामू चंद्र विश्वकर्मा, राज कुमार यादव, भोला सिंह टाइगर ने बाजार बंद कराई। मिल्कीपुर तहसील में इनायतनगर बाजार को राजेश मिश्रा, बाबूराम तिवारी आदि ने बंद कराया।

# महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

शुक्रवार को अयोध्या धाम में स्थित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर के पास धर्मपथ रोड पर ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा प्रायोजित व उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कपड़े का थैला प्रदान करने के लिए स्वचालित मशीन (ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन) को नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इस मौके पर महापौर जी को उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन की राज्य समन्वयक पूनम झा ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर व ग्रीन गैस लिमिटेड के सी एस आर निर्देश आशुतोष लुंबिनी ने महापौर जी माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने



बताया कि इसका उद्देश्य एंकल प्लास्टिक उपयोग को अस्वीकार कर कपड़े के थैले को स्वीकार करके अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त बनाना है, इस कड़ी में विभिन्न स्थानों पर यह स्वचालित मशीन स्थापित एवं संचालित करने की योजना है।अपने संबोधन में महापौर ने अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे। सार्थक प्रयासों की सराहना की और लोगों से अपील कि अभियान में बढ़-कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर संस्था की राज्य समन्वयक पूनम झा, जिला समन्वयक कार्तिक कुमार ,वित्तीय प्रबंधन आरसी भट्ट, जागरूकता समन्वयक समीर हाशमी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में पूनम झा द्वारा आए हुए अतिथियों एवं कार्यक्रम में सहयोग के लिए महापौर जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुनीत सिंह निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

सिविल लाइन स्थित तहसील परिषद उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक की गई।जिला अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी बनाकर पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर निर्विरोध पुनीत सिंह को चुना गया इसके साथ-साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिव दर्शन वर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर देश दीपक मंत्री के पद पर सौरभ पांडे उप मंत्री



के पद पर पूजा वर्मा कोषाध्यक्ष के पद पर अब्दुल हक अंसारी तथा ऑडिटर के पद पर विजय निषाद को निर्वाचित किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुनीत सिंह ने बताया कि संगठन को बढ़ाने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा इसके साथ-साथ संघ के पदाधिकारी की समस्याओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर दूर करने का प्रयास करूंगा।

# मनवा रे मनवा भजले राम श्री राम जय राम जय जय राम की पुकार से गूंजा अयोध्या

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

तुलसी उद्यान मंच पर कार्यक्रम की शुरूआत जिसमे राजस्थान की गैर नृत्य उकाराम परिहार एवं दल से हुई जिसके बाद एक से बढ़कर एक नृत्य गुजरात राठवा नृत्य राजेश भाई एवं दल यह जनजातीय नृत्य है जिसे परिवार के मांगलिक कार्यों विशेष अवसरों पर किया जाता है जिसके बाद अंजना कुमावत राजस्थान चरी नृत्य मीनु तिवारी प्रयागराज लोक गायन सूर्य प्रकाश दुबे लोक गायन शालिका कंबोज, पंजाब लुड्डी नृत्य पंकज दर्पण मुरादाबाद रामलीला जिसमें रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर भाव के भूखे हैं भगवान को दर्शाया गया।

जिस कार्यक्रम में लोक एवं



जनजाति एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी ने सभी कलाकारों को सराहा इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी पुनः प्रकाश श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक अमित श्रीवास्तव राजेश शर्मा मंच प्रभारी प्रमोद सिंह ,राम जी सिंह लवकुश शर्मा वैभव आदि मौजूद रहे। मंच कोआर्डिनेटर दीपा सिंह रघुवंशी ने यह जानकारी दी।

## सपा ने की बच्चे की मौत पर सीएचसी मसौधा के डॉक्टर और नर्स पर कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नर्स की लापरवाही से बच्चे की मौत का मामला समाजवादी पार्टी ने बच्चे की मौत पर सीएचसी मसौधा के डॉक्टर और नर्स पर कार्रवाई की मांग, शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि जो प्रसव सीएचसी पर नहीं हो सकता था वह प्रसव कराया गया नॉर्मल, 10 हजार रुपए मांगी गई थी रिश्वत, मृतक बच्चे की पिता ने 7 हजार रुपए दी थी रिश्वत, रिश्वत लेकर नॉर्मल कराया गया था प्रसव, प्रसव के दौरान बच्चे की टूट गई थी जांघ की हड्डी, गंभीर होने पर एक निजी अस्पताल में कराया गया था भर्ती, इलाज के दौरान हुई मौत, 3 जनवरी को सीएचसी मसौधा में भर्ती कराई गई थी प्रसूता स्वाति यादव, जिस बच्चे की डेथ हुई थी समझ लिए उसकी हत्या हुई है, हत्या के दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होनी चाहिए।

# विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के विकास में कर्मचारियों की अहम भूमिका: महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार- अयोध्या**

डा. रामप्रसन्न मणिराम महाविद्यालय सराय राशी में अखिल भारतीय कॉलेज एवं विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक व सेमिनार का आयोजन किया गया इस अवसर पर उच्च शिक्षा के विकास के लिए प्रशासनिक कर्मचारी और उनके संगठनों की भूमिका पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासनिक कर्मचारी कॉलेज के समय कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं किसी भी शैक्षणिक संस्थान का विकास काफी हद तक उनके रोजमर्रा के कामकाज में




सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करता है इसलिए हम सब मिलकर ही उच्च शिक्षा संस्थानों को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कॉलेज एवं विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ आर बी सिंह ने कहा कि कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी गण इमारत प्रयोगशालाओं पुस्तकालयों एवं अन्य सुविधाओं सहित परिसर के बुनियादी ढांचे के रखरखाव और विकास कार्यों पर निगरानी रखते हुए बेहतर शिक्षण सीखने का माहौल प्रदान करते हैं तथा प्रवेश परामर्श और कैरियर सेवाओं सहित बेहतर छात्र सुविधा प्रदान करना भी कर्मचारी का दायित्व होता है। नवाबगंज गोंडा के ब्लॉक प्रमुख करण भूषण सिंह ने कर्मचारियों एवं छात्रों के संबंधों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहां की एकजुटता से ही महाविद्यालय का विकास संभव है ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षण संस्थानों के उत्थान के लिए एव बेहतर शिक्षा व्यवस्था की संरचना के लिए कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारियों को और अधिक महत्व देने की आवश्यकता है ताकि वह पूरे मनोयोग से कॉलेज के उत्थान के लिए कार्य कर सके।सेमिनार में देश के प्रत्येक राज्यों से आए विश्वविद्यालय व कॉलेज के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग कर कर्मचारियों के कार्य और व्यवहार पर विस्तार से प्रकाश डाला।


# स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की दूधिया रोशनी से जगमगाया महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट मार्ग

**✻ दो करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से लगाई गई 106 स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट**

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

अयोध्या को सोलर सिटी के रूप मे विकसित करने के लिए यूपी नेडा की ओर से संचालित परियोजना के तहत अयोध्या का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अब जगमगा उठा है। एयरपोर्ट आने जाने वाले यात्रियों को अब अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। एयरपोर्ट जाने वाला लगभग डेढ किलोमीटर मार्ग अब स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की दूधिया रोशनी से नहा उठा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम की नगरी अयोध्या को सोलर सिटी के रूप मे विकसित करने की घोषणा की थी।

इसी घोषणा को अमली जामा पहनाने का दायित्व यूपी नेडा को मिला है। नेडा की और से सरयू नदी के किनारे को स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइटों से जगमगा दिया गया है। अब रात्रि में अयोध्या का नजारा दिव्य दर्शन करा रहा है। अयोध्या के सभी घाट भी



सौर ऊर्जा की लाइट से जगमगा रहे हैं।

अयोध्या दर्शन के लिए देश विदेश से हवाई जहाज से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्रियों को यहाँ पहुंचे पर एयरपोर्ट पर कदम रखते ही नव्य अयोध्या की छवि दिखाई दे और इसकी सुन्दर छवि उनके मनमस्तिष्क मे अमिट छाप बनकर उभरे इसके लिए नेडा ने यहां स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट से एयरपोर्ट व यहां के मार्ग को सजाया है।

**डेढ़ किलोमीटर लम्बी सड़क पर लगाई गई हैं सोलर स्ट्रीट लाइट**

महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या के निकट लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। परियोजना अधिकारी नेडा प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया की 106 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई गई है। प्रत्येक स्मार्ट सोलर लाइट की कीमत लगभग ढाई लाख रुपया है। इस परियोजना पर लगभग 2 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत आई है।

# भाजपा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पर जाकर उनसे सम्पर्क व संवाद करेंगे

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पर जाकर उनसे सम्पर्क व संवाद करेंगे। इसके लिए पार्टी विशेष अभियान चलाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलने वाले अभियान में 1,2 व तीन मार्च को विशेष अभियान रहेगा। लोक सभा लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर सिविल लाइन स्थित केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला को क्षेत्रीय महामंत्री तथा महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सम्बोधित किया।

क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोक सभा लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत लाथार्थियों के आवास पर जाकर पार्टी के सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उनसे सम्पर्क करेंगे। उन्हें प्राप्त सरकारी योजनाओं के लाभ के विषय में जानकारी लेंगे। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जीवन में परिवर्तन की चर्चा करेंगे। तीन दिवसीय विशेष अभियान दिवस पर पार्टी के समस्त पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिं को सूची दी जाएगी जिस के आधार पर लाभार्थियों से सम्पर्क करना है। उनका मोबाइल नंबर तथा सेल्फी सरल एप अपलोड करना होगा। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा चुनाव में विजय का मूल मंत्र सम्पर्क और संवाद है। पदाधिकारियों द्वारा सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी रखना चाहिए।

# हरदोई शाखा नहर पटरियों की मरम्मत कार्य में आड़े आ रहे 402 पेड़ों को काटने की तैयारी

* सामाजिक वानिकी और सिंचाई विभाग करेगा संयुक्त सर्वे सीमांकन
* पेड़ों के मूल्यांकन के बाद नीलामी के लिए वन निगम को भेजी जाएगी फाइल



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** हरदोई शाखा नहर की पटरियों की मरम्मत कार्य में आडे आ रहे लगभग 402 पेड़ों को सामाजिक वानिकी और सिंचाई विभाग संयुक्त सर्वे सीमांकन कर चिन्हित करेगा।वन विभाग की ओर से पेड़ों का मूल्यांकन कर अनुमति मिलने पर शीघ्र ही पेड़ों की नीलामी की जाएगी।सैकड़ो पेड़ कटने से जनपद के एक बड़े क्षेत्रफल से हरियाली का सफाया होगा। बाइफरकेशन से निकलने वाली हरदोई ब्रांच और खारजा नहर से तराई ही नहीं दर्जनों जनपदों के हजारों किसान खेतों की सिंचाई करते हैं।नहरों के रखरखाव और मरम्मत कार्य के लिए सरकार की ओर से करोड़ों रुपए का बजट भी दिया जाता है। इन दिनों करोड़ों रुपए की लागत से हरदोई शाखा नहर के आंतरिक स्लोप में बोल्डर पिचिंग,नहर पटरी मरम्मत,साफ सफाई ,खड़ंजा निर्माण आदि कार्य कराए जा रहे हैं।खारजा नहर की पटरियों पर शीशम,सेंमल,गुटेल,जामुन,अर्जुन,सिरस,शहतूत वेल,ढाक आदि प्रजातियों के दशकों पुराने पेड़ खड़े हुए हैं। वनावरण बढ़ाने के लिए शासन बेहद गंभीर है। तराई के जनपद में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नहर पटरियों की मरम्मत कार्य की आड़ में सैकड़ो पेड़ों को काटने का मसौदा तैयार कर लिया है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता द्वितीय उपखंड बाइफरकेशन हैंड वर्क खंड शारदा ने वन विभाग को भेजे गए पत्र में बताया कि उपखंड हरदोई शाखा नहर पटरी बैंक कि.मी 18.715 से कि.मी 37.010 के बीच नहर के आंतरिक स्लोप में बोल्डर पिचिंग का कार्य कराया जा रहा है।नहर की कच्ची पटरी पर खड़े पेड़ निर्माण कार्य में बाधक बन रहे हैं। पेड़ों को काटे जाने के लिए वन विभाग को भेजे गए पत्र में मूल्यांकन कराने की मांग की गई है।सिंचाई विभाग के पत्राचार पर संयुक्त सर्वे सीमांकन कर पेड़ों को चिन्हित किया जाएगा।मूल्यांकन का कार्य पूर्ण होने के बाद फाइल वन निगम को भेजी जाएगी।अनुमति मिलने पर नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी।

### तीन बार निरस्त हो चुकी फाइल

सिंचाई विभाग के पत्राचार पर सामाजिक वानिकी विभाग की ओर से हरदोई शाखा नहर की पटरियों पर खड़े पेड़ों का तीन बार मूल्यांकन कर फाइल निगम को भेजी जा चुकी है। दशकों पुराने सैकड़ो पेंडो को काटने की अनुमति न मिलने से फाइल निरस्त कर दी गई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पुनः नहर के आंतरिक स्लोप में बोल्डर पिचिंग कार्य में पेड़ों के बाधक बनने का हवाला देते हुए उन्हें काटने की जरूरत बताई है।

> सिंचाई विभाग की और से पत्र प्राप्त हुआ है। सिंचाई और वन विभाग की संयुक्त टीम सर्वे सीमांकन कर पेड़ों को चिन्हित करेगी। जिसके बाद पेड़ों का मूल्यांकन कराया जाएगा।
> -पीयूष मोहन श्रीवास्तव,रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर

# आशाओं ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर सीएचसी में दिया धरना

* प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
* समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन के तत्वाधान में आशा कार्यकत्रियों ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर सीएचसी परिसर में धरना दिया। समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।
दिए गए विज्ञापन बताया कि आशा वर्कों से 50 से अधिक कार्य कराए जाते हैं।जिनका कोई भुगतान नही मिलता, प्रोत्साहन राशि दी जाती है। संघ की जिलाध्यक्ष इदरीशन ने बताया कि आशा कार्यकर्ता लंबे समय से कई समस्याओं का सामना करती चली आ रही है। इनके निस्तारण के लिए कई बार विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन दिए लेकिन सुनवाई नहीं हुई। राज्यकर्मी का दर्जा देने के साथ 21 हजार रुपए प्रति माह मानदेय देने, बकाया भुगतान दिलाने आदि कई मांगों को लेकर शुक्रवार को पूरे प्रदेश में आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर रहीं। इसी क्रम में पूरनपुर सीएचसी पर भी धरना प्रदर्शन किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के इस आंदोलन को भाकपा माले के अफरोज आलम ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन किया। कई घंटे तक आशाएं सीएचसी में मांगों को पूरा कराने की आबाज बुलंद करती रहीं। इसके बाद जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचकर प्रशासनिक अफसर को ज्ञापन दिया। संघ की जिलाध्यक्ष इदरीशन ने बताया कि संघ के उच्च पदाधिकारी के निर्देशन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन नीलम देवी, गीता, माधुरी, सोमरानी, सुनीता, सोमवती, लक्ष्मी, पार्वती, रेनू शुक्ला, मिथलेश, धन देवी सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ताओं के अलावा भाकपा माले के भी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सीएमओ पर भ्रष्टाचार का आरोप, मंडी समिति में व्यापारियों ने फूंका पुतला

* जिला अस्पताल में मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ न मिलने पर भड़के व्यापारी
* स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर लगाए आरोप, जांच और कार्रवाई की उठाई मांग



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय मंत्री विजयपाल विकी के नेतृत्व में तमाम व्यापारी मंडी समिति पूरनपुर में एकत्र हुए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के लचर रवैये के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित व्यापारियों ने सीएमओ का पुतला भी दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों की जांच कराकर उनपर कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कुछ दिन पहले जिला महिला अस्पताल में प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला का उपचार नहीं किया गया। आरोप है कि उससे सुविधा शुल्क मांगा गया। रुपए के अभाव में महिला रोड पर ही तड़पी रही। उसका प्रसव भी रोड पर हो गया लेकिन उपचार न मिलने के अभाव में नवजात की मौत हो गई। आरोप है कि जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों से सुविधा शुल्क वसूल किया जाता है। सुविधा शुल्क न देने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रखा जा रहा है। अस्पताल के अंदर बगैर रुपए दिए कोई कार्य ही नहीं होता है। एक्सरा और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को भटकना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस संबंध में जिला चिकित्साधिकारी से शिकायत की गई लेकिन मिलीभगत के चलते ध्यान नहीं दिया गया। इससे आक्रोशित व्यापारियों ने स्वास्थ्य विभाग में मरीजों को सुविधा देने के नाम पर हो रही अवैध वसूली के विरोध में जिम्मेदारों के खिलाफ प्रदर्शन कर सीएमओ का पुतला दहन किया। विजयपाल विक्की ने बताया कि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने और पुतला दहन करने वालों में विजयपाल विक्की,जमील खान, रिफाकत हुसैन, भोला, रौनक इश्क अहमद, सोनू, किशोर, विकास गुप्ता, बाबा, कार्तिक बाबा सहित तमाम व्यापारी और अन्य लोग शामिल रहे।

# जेठापुर के कंपोजिट विद्यालय से बर्तन सहित हजारों रुपए का सामान चोरी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** परिषदीय कंपोजिट स्कूल में रसोई घर के ताले तोड़कर बर्तन सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह स्कूल पहुंचे शिक्षकों को चोरी होने की जानकारी लगी जिससे उनमें खलबली मच गई। इस बारदात से शुक्रवार को स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिल सका। इंचार्ज शिक्षिका ने विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के साथ पुलिस को तहरीर दी है। नगर समेत देहात क्षेत्र में चोरी की बारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। घरों में चोरी करने के अलावा चोर परिषदीय स्कूलों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। आए दिन चोरी की बारदातें होने से पुलिस की गश्त पर भी सबाल उठ रहे हैं। गुरुवार की रात चोरों ने पूरनपुर के गांव जेठापुरकलां के कंपोजिट स्कूल को निशाना बनाया। चोर स्कूल की दीवार कूदकर अंदर पहुंच गए। उन्होंने रसोईघर के गेट का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। इंचार्ज शिक्षिका रीता सिंह ने बताया कि शुक्रवार को स्कूल पहुंचे तो चोरी होने की जानकारी हुई। रसोईघर के गेट और उसमें रखा संदूक का ताला तोड़कर चोरों द्वारा तीन गैस सिलेंडर, चूल्हा की भट्टी, भगोना समेत छोटे-बड़े बर्तन, 40 किलो से अधिक राशन, हल्दी-मिर्च, स्पोर्ट्स का सामान आदि चोरी कर लिया गया। विभागीय अधिकारी के अलावा पुलिस को सूचना दी गई है। बतादें कि स्कूल के सिलेंडर, बर्तन और राशन चोरी होने से शुक्रवार को एमडीएम भी नहीं बना। ऐसे में बच्चों को दोपहर का भोजन किए बगैर ही शिक्षण कार्य करना पड़ा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच सम्पन्न होगी यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाएं : जिलाधिकारी






जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड की परीक्षा शान्तिपूर्ण नकलविहीन, सकुशल व निर्विघ्न ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु नामित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों बैठक गांधी प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। यू0पी0 बोर्ड परीक्षा जनपद के 76 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा दिनांक 22 फरवरी 2024 से आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 व द्वितीय पाली 2:00 बजे से 5:15 तक आयोजित की जायेगी। हाईस्कूल की परीक्षा में 24,970 व इण्टरमीडिएट परीक्षा में 19,740 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए अगल से स्ट्रांगरूम की व्यवस्था की गई स्ट्रांग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि समस्त परीक्षा केन्द्र हेतु नामित अधिकारी समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे और अपनी निगरानी में सीसीटीवी कैमरे के सामने पेपर खोलने व परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त कापियों के सील कराने का कार्य कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरे नियमित संचालित रहे, परीक्षा पूर्व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुये बुनियादी सुविधाऐं व परीक्षा केन्द्र के मानकों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें, यदि कोई कमी पाई तो तत्काल केन्द्र व्यवस्थापक से ठीक करायें। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर नामित अधिकारियों की पूर्ण जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न हो, यदि कहीं नकल की शिकायत संज्ञानित होती है तो सम्बन्धित पूरी टीम का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये, कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सचल दल प्रतिदिन दिये गये निर्देशानुसार भ्रमणशील रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त कापियों के बण्डलों को संकलन केन्द्र पर कापियां जमा की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न करायें, जिससे परिश्रम करने वाले छात्र/छात्राओं को उनका अच्छा परिणाम प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त अन्य किसी कर्मचारी के पास मोवाइल न रखे और केन्द्र पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह अपना आई कार्ड अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कोई अनावश्यक पाया गया तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कन्ट्रोल रूम नम्बर 05882-299009 पर अवगत करायें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारत बंद के समर्थन में किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर। जंघई रोड स्थित मंडी समिति में शुक्रवार को किसान आंदोलन के समर्थन भारत बंद में संयुक्त किसान मोर्चा जौनपुर ने धरना प्रदर्शन किया। उक्त प्रदर्शन में जूलूस निकाला गया जो मंडी परिसर में भम्रण कर किसानों को अपनी हित की लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक भी किया गया। इस दौरान किसान एकता जिंदाबाद आदि के नारे लगाते हुए किसानों के साथ वादा खिलाफी,एम एस पी कानून न बनाएं जाने,ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के हितों पर कुठाराघात करने वाले कानून, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाने, कृषि दवाओं व उपकरणों से जी एस टी हटाने के साथ ही बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने अनेक मुख्य मुद्दों को भी उठाया गया। वक्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार किसान विरोधी है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, रामनाथ यादव , कल्पना गुप्ता, सुभाष चन्द्र पटेल,बाबू राम, राज कुमार ,राम सूरत आदि लोग मौजूद रहे।




### ट्रेन से कटकर वृद्ध महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत के बेलवाई रेलवे क्रासिंग के समीप बीती देर रात ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात बृद्ध महिला की मौत हो गई। क्षेत्र के बेलवाई स्टेशन के बगल रेलवे क्रासिंग के समीप गुरुवार की रात 12 बजे के करीब 55 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नही हो पाई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने महिला को मार-पीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को चार लोगों ने मार-पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने अपनी बेटी और दामाद के साथ कोतवाली जाकर पुलिस को घटना की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दियोहना निवासी जसोदा देवी पत्नी हीरालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही सर्वेश कुमार छोटे लाल पुत्र गण कुंवरसेन,शिवरानी पत्नी सर्वेश,मरवेन पत्नी कुंवरसेन ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया शोर शराबा सुनकर बेटी लक्ष्मी ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित महिला ने अपनी बेटी लक्ष्मी दामाद रवि के साथ घटना की तहरीर पुलिस को दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# मोबाइल छिनैती का विरोध करना छात्र को पड़ा भारी, बदमाशों ने गर्दन पर किया चाकू से वार

* गौराबादशाहपुर नगर पंचायत के हनुमान मंदिर तारा पोखरी के पास बाईपास पर हुई घटना
* निर्मला देवी फार्मेसी कॉलेज में डी फार्मा का है छात्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

गौराबादशाहपुर बाईपास पर हनुमान मंदिर तारा पोखरी के पास शुक्रवार को दिन दहाड़े हुई वारदात में कॉलेज जा रहे छात्र से दो अज्ञात लोगों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया तथा असफल होने पर उसके गर्दन पर चाकू से प्रहार कर दिया आरोप यह भी है कि उसके सर पर तमंचे की मुठिया से भी प्रहार किया गया। हालांकि पुलिस तमंचे की मुठिया से प्रहार करने की बात से इनकार कर रही है। आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के गोडहरा गांव निवासी दिनेश सिंह का 19 वर्षीय पुत्र हिमांशु सिंह नयनसंड स्थित निर्मला देवी फार्मेसी कॉलेज में डी फार्मा का छात्र है। रोज की भांति वह साइकिल से सुबह कालेज जा रहा था। बाईपास पर स्थित निर्मला देवी हनुमान मंदिर के पास वह रुककर अपने किसी मित्र का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान दो अज्ञात युवक उसके पास बाइक से आकर रुके तथा उसका मोबाइल छीनने लगे। घबराहट में हिमांशु ने मोबाइल को पोखरी में फेंक दिया। जिस पर गुस्साए दोनों अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर हमला कर दिया तथा पटक कर गर्दन को चाकू से रेतने लगे। इसी दौरान दूसरे बदमाश ने उसके सर पर तमंचे की मुठिया से भी प्रहार कर दिया। स्थानीय लोगों की नजर पड़ने पर ललकारते हुए दौड़ाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल हिमांशु को तत्काल इलाज हेतु चोरसंड भिजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी हालत गंभीर परंतु स्थिर बनी हुई है।
घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष चंदन राय ने बताया कि छिनैती या तमंचे के मुठिया से प्रहार जैसी कोई बात नहीं है। फिलहाल छानबीन के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी घटना को लेकर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# सड़कों पर कहीं भी कूड़ा न दिखे, नियमित साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

* सार्वजनिक शौचालय बंद होने पर जताई नाराजगी
* जिले के लोग अपनी दिनचर्या में साफ सफाई की आदत डालें जिलाधिकारी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा मतापुर मोहल्ले में सफाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी पवन कुमार को निर्देश दिया कि सडकों पर कहीं भी कूडा कचरा न दिखे, नियमित रूप से साफ-सफाई होनी चाहिए। 29 फरवरी तक सभी वार्डो में सफाई करा दिया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि खाली प्लाटों में, मुख्य मार्गो पर, सड़को के किनारे खुले में कूड़ा न दिखे। निरीक्षण के दौरान मतापुर में बने सार्वजनिक शौचालय बन्द पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उसे शीघ्र सक्रिय किया जाए। उन्होंने बताया है कि ग्रामीण क्षेंत्रो में भी सफाई का कार्य आज से शुरू हो गया है, जिसका औचक निरीक्षण किया जाएगा। जनपद में स्वच्छ वातावरण का माहौल बनाना हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जनपदवासी स्वयं साफ-सफाई की आदत अपने दिनचर्या में लाए जिससे कि किसी भी प्रकार की संक्रामक बीमारी न फैले।

# पन्द्रह रुपये थाली भोजन योजना प्रेरणादायक, नगरपालिका में शुरू करने का होगा प्रयास: वीरेंद्र सिंह बंटी

* समाजिक संस्था जेडएफएम फाउन्डेशन का प्रेस कांफ्रेंस आयोजित


जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**शाहगंज।** गरीब, मज़लूमों सहित हर वर्ग के लोगों के आज के इस मंहगाई के दौर में मात्र पन्द्रह रुपये थाली भोजन योजना जेडएफएम फाउन्डेशन संगठन का बहुत ही सराहनीय पहल है।जिससे हमे भी प्रेरणा मिली है।इस योजना से प्रेरित होकर नगर पालिका परिषद शाहगंज द्वारा भी पन्द्रह रुपये भोजन थाली योजना को चलाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। उक्त बातें गुरुवार की शाम नगर के भादी खास स्थित जेड एफ एम प्लाजा में ज़ेडएफएम फाउन्डेशन एवं ट्रस्ट द्वारा आयोजित भोज एवं प्रेस कांफ्रेंस नगर पालिका चेयरमैन रचना सिंह पति एवं प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी ने कही। वहीं संस्था के संस्थापक ज़ीशान अहमद खान ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में के द्वारा कहा की संगठन के एकमात्र उद्देश्य सेवा सेवा और सिर्फ सेवा इसमे अगड़ा, पिछड़ा, गरीब, मजबूर जाति धर्म का कोई भेदभाव नही है जो हमारी क्षमता है उसके अनुसार हम हर जरूरतमंद की मदद का प्रयास करते हैं। समाजसेवा में युवाओं की भागीदारी के विषय पर कहा की युवा ही देश की दिशा और दशा बदल सकता है।इतिहास उधर मुड़ जाता है।जिस ओर जवानी चलती है।समय बदल चुका है नौजवान देश की प्रगति के लिए आगे आरहे हैं।और संगठन का नारा भी है आपकी आवाज आपका साथी। वही आयोजक डम्पी तिवारी ने कहा की ज़ेडएफएम फाउन्डेशन ने समय समय पर जरूरतमन्दों की मदद की है। बताते चलें जेडएफएम फाउन्डेशन ने गरीब लड़कियों की शादी में मदद, हैडपम्प लगवाना, निशुल्क चिकित्सा शिविर लगवाना, ठंड में कम्बल वितरण करना, ईद और होली में त्योहार सम्बन्धी खाद्य सामग्री वितरण करना आदि समाजिक कार्य करता रहता है। प्रेस कांफ्रेंस में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवी प्रसाद पुष्पजीवी, डाक्टर फारूक अरशद, रफीक फूलपुरी, शिव कुमार प्रजापति,जसीम खान, उजैर अंसारी, मिनहाज इराकी, शाहनवाज़ अंसारी, सारिम, मो.उमर, अमित विश्वकर्मा, सुजीत भारद्वाज, अदनान मंसूरी,एडवोकेट जावेद आलम, राहुल कुमार अंचल, विशाल सोनी, सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

# अधेड़ किसान को मौत के घाट उतारने के बाद, हाथ पैर बांध कुएं में डाला

जन एक्सप्रेस । ऋषि श्रीवास्तव


मृतक


आरोपी छोटू



**कानपुर नगर।** शहर में शुक्रवार को सुबह के समय साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में उस वक्त सनसनी फ़ैल गई,जब बीती रात पारिवारिक तिलक समारोह में गए हुए अधेड़ किसान का शव कुएं से निकाला गया, आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोगो ने नशेबाजी के चलते धारदार हथियार से हत्या कर घटना को अंजाम दिया है क्योंकि घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्थित कुएं के पास खून के धब्बे मिले हैं पुलिस ने मृतक के शव को बाहर निकलवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जाँच पड़ताल में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बताते चले कि हरिबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर सिंह उम्र 53 वर्षीय साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव के रहने वाले एक किसान थे।बीती गुरुवार की रात वह पारिवारिक तिलक समारोह में शामिल होने गए हुए थे। परिजनों के अनुसार तिलक समारोह में नशेबाजी के चलते उनके गांव के ही रहने वाले छोटू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो कि मारपीट में तब्दील हो गई थी। आरोप है कि छोटू ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हरिबहादुर की हत्या कर घटना को अंजाम देते हुए शव को कुएं में फेंक दिया है। सुबह तक घर न पहुंचने के दौरान जब परिजनों ने खोजबीन करना शुरू की, तो घटनास्थल से कुछ दूरी पर कुएं के पास खून जगह जगह पड़ा हुआ दिखाई दिया है, परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्कायड व फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाते हुए रेस्क्यू कर मृतक के शव को बाहर निकलवाया।

### घटनास्थल से कुछ दूरी तक खून बिखरा पड़ा था

जब पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला तो उस दौरान मृतक के हाथ पैर बंधे हुए थे। साथ ही शरीर में चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले में एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में हत्या की सूचना मिली थी। जहां घटनास्थल से कुछ दूरी तक खून बिखरा पड़ा था। जिस दौरान घटना को अंजाम देने के दौरान शव को कुएं में फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही थी।पुलिस ने रेस्क्यू कर मृतक के शव को बाहर निकलवाते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस डॉग स्कायड व फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाते हुए सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है ग्रामीणों के संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांचकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## शिवराजपुर में आशा वर्करों ने मानदेय वेतन और मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर प्रदेश सरकार से अपनी मांगो को लेकर सीएचसी में आशा वर्करों ने धरना प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को शिवराजपुर सीएचसी में आशा वर्करों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार से कई सूत्री मांग रखी है आशा यूनियन की जिला अध्यक्ष आशा कुशवाहा ने बताया की स्वास्थ्य विभाग में आशा वर्करों से 12 घंटे से अधिक काम करवाया जा रहा ह यहां तक कि आशा बहू गर्भवती महिलाओं के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहती है सेवा करने के लिए अगर रात में भी 2:00 बजे प्रसव पीड़ा हुई तो वह अपने स्वयं के वाहन या एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल तो पहुंचती हैं इसे ज्यादा कोई भी काम स्वास्थ्य विभाग में नहीं करता है फिर भी सरकारी कर्मचारी उनकी तरफ अनदेखी करती हैं और अस्पताल के कर्मचारी भी है हेयदृष्टि से देखते हैं क्योंकि आशा बहू के साथ होने से अस्पताल में कोई भी कर्मचारी दो पैसा नहीं ले पाता है किंतु मानदेय वेतन में कोई बढ़ोतरी नही हो रही है जिसको लेकर शिवराजपुर सीएचसी में सैकड़ों आशा वर्करों ने धरने पर बैठकर सरकार से मानदेय वेतन बढ़ाने की मांग पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए चिकित्सक को ज्ञापन सौंपा है उन्होंने बताया की अगर मानदेय वेतन में बढ़ोतरी नही की गई तो प्रदेश स्तर के संगठनों को मिलाकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में मौजूद निशा कुशवाहा सुमन रेखा पाल, रीता, सुनीता, राधा विभा बेबी पिंकी नीलम आदि एक सैकड़ा से अधिक आशा वर्कर मौजूद रही।

## सभासद ने लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

नगर पालिका गंगाघाट में लेखा लिपिक रहे आई सी मिश्रा 21 मई वर्ष 2021 को सेवानिवृत्त हो गये थे। रिटायर होने के बाद वह अपने कक्ष में ताला लगा दिया और बिना चार्ज दिये कमरे की चाभी लेकर चले गये। जानकारों की माने तो तत्कालीन ईओ सुनील कुमार मिश्रा ने बिना चार्ज और कक्ष की चाभी लिये बगैर उनकी पेंशन भी चालू करा दिये। वर्षों से कमरा बंद होने पर पालिका के कुछ सभासदों ने इसकी जांच कराने के लिये सीएम से लेकर डीएम को पत्र भेजा। साथ ही आरटीआई के जरिये जवाब भी मांगा लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं मिल सकी। इधर पालिका ने लेखालिपिक के कमरे का ताला खुलवा दिया है। वर्तमान लेखा लिपिक लालता प्रसाद सैनी ने बताया कि कमरा खुलने के बाद फाइलों की लिस्ट बनाई जा रही है। कोई भी फाइल गायब मिलती है और कुछ भी मामला प्रकाश में आता है इसकी जानकारी आलाधिकारियों को दी जायेगी। पूर्व सभासद राजेन्द्र गुप्ता और राजू मसवासी ने बताया कि कैशबुक, फर्जी भुगतान से संबंधित फाइलों में गोलमाल किया गया है।

## भारतीय किसान यूनियन के टिकैट गुट ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के तहसील अध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव की अगवाई में सैकड़ो किसानों ने तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रश्मि लांबा व एल.आई.यू ऑफीसर ए.के. सिंह को सौपा, किसानों ने बताया कि हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर पर बैठे किसानों को ससम्मान दिल्ली भेजा जाए जिससे शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर सकें और अपनी बात को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक पहुंच सके या एमएसपी कानून बनाया जाए, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू किया जाए, विद्युत संशोधित अधिनियम को 2020 को वापस लिया जाए। आंदोलन के दरमियान किसानों पर दर्ज मुकदमा वापस किए जाएं, लखीमपुर खीरी कांड में किसानों को मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए, किसानों को शांतिपूर्वक दिल्ली जाने दिया जाए जो किसानों का प्रदर्शन करने का आंदोलन करने का मौका दिया जाए गांव के आवारा पशुओं से किसानों की फसल को बचाया जाए गांव के समरसेबल पानी टंकी की सप्लाई के लिए जो प्लास्टिक पाइप गांव में गलियों में डाले गए हैं और वह नालियां अभी तक पूर्ण रूप से बंद नहीं की गई है।

जिससे आए दिन लोग उसमें गिरकर चोहटिल होते हैं। रास्ते में नाली बना देते हैं। जिससे किसानों को निकलने में परेशानियां होती हैं इस मौके पर राजू अग्निहोत्री, अजीत कुमार, रामदुलारे, महावीर, रमेश, संतोष कुमार, उमाशंकर आदि सैकड़ो की संख्या में बिल्हौर तहसील में पहुंचकर ज्ञापन सौपा।

## डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्रवार को सादर क्षेत्र के परियर चकलवंशी मार्ग पर बरहली के निकट डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। डंपर में बाइक फस जाने चालक वाहन छोड़ भाग निकला। राहगीरों ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगरिया निवासी अंकुश (19) पुत्र कैलाश का बड़ा भाई लवकुश पुलिस भर्ती का पेपर देने अयोध्या जा रहा था जिसे बाइक से उन्नाव स्टेशन छोड़कर वापस घर लौट रहा था। अभी वह ग्राम बरहली के पास पहुंचा ही था तभी पीछे से आ रहे डंपर चालक ने ओवर टेक करने के दौरान उसे टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक डंपर में फसकर क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने युवक को एंबुलेस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद डंपर चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया।

## मरम्मत कार्य के दौरान कटी रही बिजली

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

गुरुवार को बिजली विभाग ने प्रेस विज्ञिप्ति के माध्यम से जानकारी दी थी कि सरैयां स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज में शुक्रवार को मरम्मत कार्य कराया जायेगा। जिसको लेकर शुक्रवार सुबह शाम छह बजे तक बिजली बंद रहेगी। बिजली बंद होने के दौरान सब स्टेशन में पावर परिवर्तक एवं स्वीचयार्ड में मरम्मत कार्य किया जायेगा। कार्य के दौरान फीडर नंबर दो, तीन, चार व पांच की आपूर्ति आठ घंटे गुल रहेगी। जिस पर शुक्रवार को बिजली विभाग के एक्सईएन सूर्योदय कुमार सरैयां स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज पहुंचे। जहां पूर्व निर्धारित मरम्मत के कार्य को लेकर दस बजे सब स्टेशन से नगर के फीडर नंबर दो, तीन, चार व पांच की आपूर्ति बंद की गई। जिसके बाद मरम्मत कार्य किया गया। कार्य के दौरान सुबह विद्युत सब स्टेशन में मरम्मत कार्य किया जायेगा।

## सड़क हादसे में घायल महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**✻ घायल महिला को सी एच सी से ट्रॉमा सेंटर के लिए किया गया था रिफर, निजी हॉस्पिटल में चल रहा था इलाज**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

औरास थाना क्षेत्र में बीते रविवार संडीला- उन्नाव मार्ग पर स्थित धर्मकांटा के पास संडीला तरफ से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति के साथ पीछे बैठी महिला घायल हो गई थी। जिसका ट्रामा सेंटर के बाद परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। औरास थाना कस्बा के मोहल्ला अटल नगर बरुवा टोला निवासी रेशमा(42) पत्नी विजय कुमार बीते रविवार को पति के साथ बाइक से संडीला कपड़ो की खरीददारी करने गई थी। वापस लौटते समय औरास कस्बा स्थित धर्म कांटा दूसरी बाइक पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रेशमा उछलकर सड़क पर सिर के बाल गिर गई थी। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया था। लेकिन परिजन एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे। शुक्रवार सुबह महिला ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। उसकी मौत पर दो बेटे मुकेश व रोहित समेत अन्य परिजन रो रोकर बेहाल हैं। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

## दबंगों ने किसान को पीटा

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन कोतवाली के गांव रहमतपुर पाली में खेत में जानवर चरने की शिकायत करने पर दबंगों ने किसान की जमकर पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट लिख पुलिस जांच कर रही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमतपुर पाली निवासी मनीष पुत्र नन्हके ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसके खेतों में जानवर चर रहे थे। जोकि गांव निवासी अनिल के जानवर थे। बताया कि जब वह इसकी शिकायत करने के लिये वह उसके घर गया तो अनिल ने अपने परिजन सुशील, सनी और लवकुमार के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। जिससे की उसको काफी चोटे आयी और इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया की शिकायती पत्र मिला है। मुकदमा लिख मामले की जांच की जा रही है।

## चूल्हे की चिंगारी ने गृहस्थी को जलाकर किया खाक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




घाटमपुर के पतारा में चुल्हे की चिंगारी से घर पर आग लग गई। घर में रक्खा पुवाल जलने से ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी, चपेट में आने से घर में रक्खा गृहस्थी का सामान समेत बिस्तर और कागजात जलकर राख हो गए। परिजनो ने शोर मचाने के साथ बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा के रहने वाले कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया की शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी शिवाप्यारी घर में चूल्हे पर खाना बन रही थी। इस दौरान चूल्हे की निकली चिंगारी से घर की छत पर रक्खे पुवाल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया।

परिजनों ने पास लगे हैंडपंप में पड़ोसियों की मदद से बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कायवाद शुरू की। ग्रामीणों ने आग बढ़ते देख डायल 112 पर फोनकर घर में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सबस्टेशन समेत घाटमपुर एसडीओ को फोनकर पतारा की विद्युत आपूर्ति बहाल कराई है। जिससे घर पर लगे समर्सिबल से आग बुझाना शुरू किया गया। सूचना मिलते मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया हैं। कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि आग की चपेट में आने से घर में रक्खा गृहस्थी का समान समेत कुछ कागजात जले हैं। जिससे उनका हजारों का नुकसान हुआ हैं। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी आग पर काबू पाया गया है।

## लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे बिठूर क्षेत्र में बने गेस्ट हाउस

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे



**कानपुर नगर।** शादी बारात ही नहीं छोटे-मोटे कार्यक्रमों के लिए भी अब लोग गेस्ट हाउस की तरफ रुख करते हैं। बिठूर थाना क्षेत्र की बात करें तो बिठूर में एक दर्जन से अधिक नए और पुराने मानक विहीन गेस्ट हाउस संचालित हो रहे हैं। इन गेस्ट हाउस के पास फायर एनओसी भी नहीं है। और दूसरी ओर यदि कोई घटना हो जाए तो उससे निपटने की व्यवस्था भी नहीं है। एक ओर जहां यह गेस्ट हाउस मलिक कार्यक्रम आयोजन कर्ताओं से मोटी रकम वसूलते हैं। वहीं दूसरी ओर इन गेस्ट हाउस के अभी तक मानक पूरे नहीं है। आपको बताते चलें कि शादी हो, बर्थडे पार्टी हो, या फिर मुंडन संस्कार, आजकल आदमी अपनी जेब के अनुसार गेस्ट हाउस में कार्यक्रम करने की सोचता है। लेकिन गेस्ट हाउस मालिक कार्यक्रम आयोजित से मोटी रकम तो वसूलते हैं। और सुविधा के नाम पर गेस्ट हाउस मालिक उपभोक्ता को दुर्घटनाओं के आशंका ही दे पाते हैं। बिठूर के लिए गेस्ट हाउस किसी बड़ी घटना को दावत देते हुए नजर आ रहे हैं। गेस्ट हाउस मालिक फायर डिपार्टमेंट से सेटिंग गेटिंग का खेल कर धड़ल्ले से गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे हैं। मजे की बात तो यह है इन गेस्ट हाउस के पास फायर एक्सटिंग्विशर भी उपलब्ध नहीं है। कुछ गेस्ट हाउस तो ऐसे हैं जिनमें कमरे तक नहीं लगे हैं। जिसका फायदा उठाकर चोर चोरी की घटना को भी अंजाम देते हैं। आखिर कर जिला प्रशासन अवैध रूप से संचालित इन मानक नहीं गेस्ट हाउस पर कार्यवाही करेगा।

## एनीमिया दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




भारतीय बाल रोग अकादमी कानपुर द्वारा बाल रोग ओ.पी.डी. हैलेट में विश्व एनीमिया दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर यशवंत कुमार राव ने बताया कि भारत में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं युवा महिलाओं में 50 प्रतिशत से अधिक एनीमिया अर्थात खून की कमी से पीड़ित है। इनमें एनीमिया का मुख्य कारण सही पोषण न मिलने के कारण शरीर में आयरन फोलिक एसिड एवं विटामिन बी12 की कमी होना है। एनीमिया के मुख्य लक्षण कमजोरी एवं थकान लगना, त्वचा का पीला पड़ना, भूख कम लगना, चिडचिडापन, चक्कर आना, दिल की धड़कन तेज होना, सांस फूलना इत्यादि है। कार्यक्रम में एच. ओ. डी. बाल रोग डॉक्टर ए.के. आर्या ने बताया कि बचाव के लिए नियमित संतुलित पोषक आहार जिसमें हरी पत्तेदार सब्जी, गुड़-चना, पीले फल, खजूर इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी।साथ ही बताया कि खाना लोहे के बर्तनों में पकाएं। बच्चों में छह माह के अंतराल में डिवर्मिंग अर्थात् कीड़े की दवाएँ दें। कार्यक्रम में डॉक्टर अमितेश यादव ने बच्चों वा माताओं को आयरन एवं फ़ॉलिक एसिड टेबलेट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में डॉ रूपा डालमिय, डॉ शैलेन्द्र गौतम, डॉक्टर नेहा अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में शिशु माता उपस्थित थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के नानामऊ तिराहे पर बकोठी गांव में ढब्बन कटियार पूर्व प्रत्याशी नानामऊ जिला पंचायत के यहां रहकर खेती-बाड़ी का कार्य देखता था गुरुवार की देर शाम खाना खाने के लिए साथी के साथ नानामऊ तिराहे पर जा रहा था। अंकित पुत्र कमलेश निवासी कुंसी, बांगरमऊ,जिला उन्नाव व अखिलेश निवासी बकोठी दोनों युवक नानामऊ तिराहे पर खाना खाने गए थे

वहां से वापस आते वक्त नसिरापुर गांव जाने वाले रोड के सामने जीटी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए अंधेरा होने की वजह से किसी ने वहां पर नहीं देखा काफी देर बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने अंकित को अमृत घोषित कर दिया जबकि अखिलेश को प्राथमिक उपचार के बाद में रिफर कर दिया गया है। मृतक का शव पंचनामा भरकर कानपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पार्कों में लगा हार्वेस्टिंग सिस्टम, बरसात का पानी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जल्द ही कानपुर की पार्को में बरसात के पानी को एकत्र करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जायेगे। इसके लिए नगर की 10 पार्को को भी चिन्हित कर लिया गया है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से कराया जायेगा।

पनकी तापीय विस्तार परियोजना के निर्माण में बरसाती पानी बचाने की कवायद शुरू कर दी गयी है और इसके लिए शहर की दस पार्को में स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया जायेगा। यह निर्माण कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉसिबिलिटी द्वारा कराया जायेगा। शहर की दस पार्को के पहले इस सिस्टम को लगाये जाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें दो पार्क विजय नगर, एजीएम इंदिरा नगर, तुलसी बिहार उधान पार्क साकेत नगर, केडीए सिग्नेचर ग्रीन्स सिटी विकास नगर, बाला जी पार्क वाई ब्लाक किदवई नगर, अंबेडकरपुरम कल्याणपुर पार्क, हनुमान पार्क कौशलपुरी, माधव वाटिका केशवपुरम कल्याणपुर, आनंदधाम मंदिर पार्क आनंदपूरी। इन पार्को में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लगने के बाद बरसात के दौरान व्यर्थ जाने वाले करोड़ों लीटर पानी को सहेजा जा सकेगा।

## युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

घर वापस जा रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल युवक 102 एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा। सीएचसी पहुंचे परिजन युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराने के लिए लेकर चले गये।

पुरवा थाना क्षेत्र के असावर गांव निवासी पारुल पुत्र जगदाता के मित्र लखनऊ से शुक्रवार को गांव आये थे। जिन्हें शाम को छोड़ने पारुल लालाखेड़ा चौराहे तक गया। वापस घर जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पीछे से आ रही 102 एम्बुलेंस से उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जानकारी पर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे परिजन उसका इलाज निजी अस्पताल में कराने के लिए ले गये।

### मवेशी के हमले से घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के नगवा गांव में मवेशी के हमले से किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। माखी थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी भग्गा (70) पुत्र कन्हई किसानी करता था। गुरुवार को किसान पालतू मवेशी चराने खेत गया था। जहाँ छुट्टा मवेशी ने उस पर हमला कर दिया। वृद्ध किसान को मवेशी ने कई बार पटक कर गम्भीर हालत में घायल कर दिया। आसपास खेतो में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह मवेशी के चंगुल से छुड़ाकर परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहाँ नाजुक हालत में डाक्टर ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ देर रात किसान ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी राजेश्वरी चार बेटे रामप्रसाद, अवधेश, नन्हके व परसुराम रो रो कर बेहाल है। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये परियर घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।



### दवा लेकर लौट रहा युवक बेहोश होकर गिरा, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में दवा लेकर वापस घर लौट रहा युवक अचानक रास्ते में बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे पास के निजी डाक्टर के यहां ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद निवासी शनी (45) पुत्र बाबूलाल कई दिनों से बीमार चल रहा था। उसी की दवा लेने कस्बे में ही डाक्टर के पास गया था। दवा लेकर वापस घर समय कस्बे में ही स्थित गोगा जनरल स्टोर के सामने गिरकर बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे नजदीकी डाक्टर के पास ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटा अहम (7) व बेटी आयुशी (5) व मां सावित्री व पत्नी कुंती सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# देश में बहु-दलीय व्यवस्था खतरे में

## बैंक खाते सीज होने पर खरगे का सड़क पर उतरने का एलान

**हर कांग्रेस कार्यकर्ता आखिरी दम तक लड़ेगा और देश के लोकतंत्र को बचाएगा: राहुल**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते सीज होने पर पार्टी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश में बहु-दलीय व्यवस्था खतरे में है और देश में बहु-दलीय व्यवस्था को बचाने के लिए न्यायपालिका को दखल देना चाहिए। खरगे ने बैंक खाते सीज होने के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का भी एलान किया।

### मोदी सरकार सत्ता के नशे में चूर: मल्लिकार्जुन खरगे

मल्लिकार्जन खरगे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी इंडियन नेशनल कांग्रेस, के खातों को लोकसभा चुनाव से तुरंत पहले सीज कर दिया है। खरगे ने लिखा कि ये लोकतंत्र पर बड़ा हमला है। भाजपा ने असंवैधानिक पैसा इकट्ठा किया है और भाजपा चुनाव में उसका इस्तेमाल करेगी, लेकिन जो पैसा हमने लोगों से चंदा लेकर इकट्ठा किया, उसे सीज कर दिया गया है! खरगे ने कहा कि कांग्रेस सरकार के इस अत्याचार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी और विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यही वजह है कि मैंने कहा है कि देश में भविष्य में कोई चुनाव नहीं होंगे। हम न्यायपालिका से अपील करते हैं कि देश में बहु-दलीय व्यवस्था और लोकतंत्र को बचाया जाए।

### सरकार पर बरसे राहुल गांधी



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के खातों के सीज होने पर कहा कि घबराइए मत मोदी जी, कांग्रेस ताकत और पैसे का नाम नहीं है, बल्कि ये लोगों की ताकत है। हम आपकी तानाशाही से नहीं झुकेंगे। हर कांग्रेस कार्यकर्ता आपसे आखिरी दम तक लड़ेगा और देश के लोकतंत्र को बचाएगा।

### अजय माकन बोले, देश में लोकतंत्र भी सीज हो गया है



शुक्रवार को कांग्रेस नेता अजय माकन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आयकर विभाग ने उनकी पार्टी के कई बैंक खातों को सीज कर दिया है और 210 करोड़ रुपये की रिकवरी निकाली है। अजय माकन ने आरोप लगाया कि फर्जी आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आजय माकन ने आरोप लगाए कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी के खाते सीज नहीं हुए हैं बल्कि देश में लोकतंत्र सीज हो गया है। अजय माकन ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब चुनाव के एलान से दो हफ्ते पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। आपको अभी भी लगता है कि देश में लोकतंत्र जिंदा है? आपको ऐसा नहीं लगता कि देश एक दलीय व्यवस्था की तरफ बढ़ रहा है, जहां सिर्फ एक ही पार्टी की चलेगी।

#### भाजपा पर लगाए आरोप

माकन ने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले को लेकर आयकर अपीलीय अधिकरण का रुख किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायपालिका लोकतंत्र की रक्षा करेगी। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्या वे यही चाहते हैं कि देश में सिर्फ एक ही पार्टी रहे। उन्होंने कहा कि अगर किसी के खाते सील होने चाहिए तो भारतीय जनता पार्टी के होने चाहिए क्योंकि उन्होंने असंवैधानिक चुनावी बॉन्ड के जरिए कॉर्पोरेट जगत से पैसे लिए हैं।

#### 'हमारे पास बिजली का बिल भरने के पैसे भी नहीं'

कांग्रेस के ट्रेजरर माकन ने कहा कि अभी कांग्रेस के पास खर्च करने के लिए पैसे तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास बिजली के बिल देने के लिए, अपने कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए तक राशि नहीं बची है। उन्होंने कहा कि इससे हर चीज पर प्रभाव पड़ेगा। न सिर्फ न्याय यात्रा, बल्कि सभी तरह की राजनीतिक गतिविधियां प्रभावित होंगी।





बेटियां हैं प्रदेश की शान
उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर दें पूरा ध्यान

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजना में देय लाभ की
कुल धनराशि रु. 15,000/- को
वित्तीय वर्ष 2024-25 से बढ़ाकर रु. 25,000/-
किया गया है।

योजनांतर्गत 6 श्रेणियों में देय धनराशि में निम्नवत् वृद्धि की गई है:-

| श्रेणी | श्रेणी का विवरण | वर्तमान में देय धनराशि | वित्तीय वर्ष 2024-25 से देय धनराशि |
|---|---|---|---|
| प्रथम श्रेणी | जन्म पर | रु. 2,000/- | रु. 5,000/- |
| द्वितीय श्रेणी | एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर | रु. 1,000/- | रु. 2,000/- |
| तृतीय श्रेणी | कक्षा-1 में प्रवेश पर | रु. 2,000/- | रु. 3,000/- |
| चतुर्थ श्रेणी | कक्षा-6 में प्रवेश पर | रु. 2,000/- | रु. 3,000/- |
| पंचम श्रेणी | कक्षा-9 में प्रवेश पर | रु. 3,000/- | रु. 5,000/- |
| षष्टम श्रेणी | 10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर | रु. 5,000/- | रु. 7,000/- |
| कुल | | रु. 15,000/- | रु. 25,000/- |

— योजना की पात्रता हेतु अर्हताएं —

• उत्तर प्रदेश का स्थायी निवास प्रमाण पत्र • परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रु. 3.00 लाख • अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ • परिवार में अधिकतम दो बच्चे

वेबपोर्टल https://www.mksy.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

— उद्देश्य —

• कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना • समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना • बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना • बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना • बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना • बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना

@upwcd @upmahilakalyan upmahilakalyan upmahilakalyan

महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


# पीएम मोदी की डिग्री: अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को हाईकोर्ट से झटका

## मानहानि मामले में समन रद्द करने की याचिका खारिज




**दोनों नेताओं ने इस मामले में अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अहमदबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिकाओं को खारिज कर दिया। दरअसल, आम आदमी पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री को लेकर कथित तौर पर टिप्पणी की थी। इसके बाद इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया गया। दोनों नेताओं ने इस मामले में अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। केजरीवाल और सिंह ने अपनी याचिकाओं में गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मामले में एक निचली अदालत के समन और समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिकाओं को खारिज करने के सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। समन को रद्द करने की मांग करते हुए दोनों नेताओं ने कहा था कि गुजरात विश्वविद्यालय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष मानहानि का मामला दायर नहीं कर सकता है और इसके बजाय उसे सत्र अदालत जाना चाहिए। अर्जियां खारिज करते हुए न्यायमूर्ति हसमुख सुथार ने आप के दोनों नेताओं को निचली अदालत के समक्ष अपनी दलीलें पेश करने का निर्देश दिया।

### एक के बाद एक झटका

मेट्रोपोलिटन अदालत ने केजरीवाल और सिंह को पिछले साल 15 अप्रैल को मानहानि मामले में तलब किया था। इसके बाद दोनों नेताओं ने सत्र अदालत में एक पुनरीक्षण आवेदन दायर कर समन को चुनौती दी थी। हालांकि, सत्र अदालत ने समन को बरकरार रखा, जिसके बाद उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से भी उनको निराशा ही हाथ लगी। इस बीच, दोनों नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया और शीर्ष अदालत ने भी उनकी याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने बाद में सत्र अदालत को निर्देश दिया कि वह मामले को नई पीठ को सौंपने के बाद 10 दिनों के भीतर सुनवाई पूरी करे।

### क्या है पीएम डिग्री मामला

पीएम की डिग्री की जानकारी मांगने वाला मामला सात साल पुराना है। दरअसल अप्रैल 2016 में, केंद्रीय सूचना आयोग ने केजरीवाल से उनके चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) के बारे में जानकारी मांगी थी। इसी दौरान केजरीवाल ने आयोग से कहा था कि वह सीआईसी को अपने बारे में आवश्यक जानकारी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि पीएम को भी उनकी शैक्षिक डिग्री के विवरण का खुलासा करने के लिए कहा जाना चाहिए। केजरीवाल के जवाब को सीआईसी ने बतौर एक नागरिक का आरटीआई आवेदन माना। इसके बाद तत्कालीन मुख्य सूचना आयुक्त एम श्रीधर आचार्युलु ने प्रधानमंत्री कार्यालय को दिल्ली विश्वविद्यालय और गुजरात विश्वविद्यालय से पीएम मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियों की विशिष्ट संख्या और वर्ष प्रदान करने का निर्देश दिया। यह आदेश इसलिए दिया गया था कि पीएम से संबंधित कोई भी दस्तावेज खोजने और प्रदान करने में आसानी हो।

#### गुजरात यूनिवर्सिटी ने दर्ज कराई शिकायत

गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 500 के तहत मामला दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस और ट्विटर हैंडल पर अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इससे प्रतिष्ठित संस्थान की छवि को नुकसान हुआ है।

# मोदी सरकार: कानूनी गारंटी नहीं मगर एमएसपी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, कृषि क्षेत्र की माली हालत सुधारने पर हुआ काम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



आंदोलनरत किसानों और सरकार के बीच गतिरोध सुलझाने में सबसे बड़ा पेच एमएसपी पर खरीद पर कानूनी गारंटी है। हालांकि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में एमएसपी में न सिर्फ रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई, बल्कि सरकारी खरीददारी के दायरे में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए हैं। 10 साल में अन्न भंडारण क्षमता में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। 10 साल में धान के एमएसपी पर करीब 64 फीसदी व गेहूं पर 58 फीसदी की वृद्धि हुई। मोदी सरकार ने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के 10 साल की तुलना में धान पर किसानों को 7.78 लाख करोड़ और गेहूं पर करीब 3.18 लाख करोड़ का अधिक भुगतान किया है। यूपीए सरकार में धान के एमएसपी पर 4,40,496.78 करोड़ की तुलना में मोदी सरकार में 12,18,156 करोड़ से अधिक राशि खर्च की गई। गेहूं पर यूपीए सरकार में करीब 2,26,813 करोड़, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 5,44,332 करोड़ खर्च किए गए।


### 100 फीसदी बढ़ी क्षमता

मोदी सरकार के कार्यकाल में अन्न भंडारण क्षमता में भी सौ फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा सरकार ने बीते साल सहकारिता क्षेत्र में 700 लाख टन अन्न भंडारण क्षमता विकसित करने की योजना शुरू की।

### ये भी प्रयास किए गए

श्रीअन्न मतलब मोटे अनाज की मांग दुनिया में बढ़ रही है। बीते साल पीएम मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित हुआ।

# सीएजी रिपोर्ट का दावा, कालेश्वरम है आर्थिक रूप से कमजोर, 1.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना की कालेश्वरम परियोजना पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने एक निराशाजनक रिपोर्ट पेश की है। इसमें कहा गया है कि यह शुरू से ही आर्थिक रूप से किसी भी काम की नहीं थी। इसमें भारी लागत वृद्धि, ठेकेदारों को मिलने वाले संभावित अनुचित लाभ और इसमें शामिल खराब योजना का विवरण दिया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया कि दुनिया की सबसे बड़ी मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई परियोजना के रूप में चर्चित कालेश्वरम परियोजना की लागत अब 1.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। लेकिन, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने अनुमान लगाया है कि यह 81,911 करोड़ रुपये है। पिछली बीआरएस सरकार की प्रमुख परियोजना के प्रदर्शन ऑडिट पर सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा में पेश की गई थी। सीएजी ने यह भी पाया कि यह परियोजना शुरू से ही आर्थिक रूप से अलाभकारी थी। खासकर पिछले साल मेदिगड्डा बैराज के कुछ घाटों के डूबने के बाद कालेश्वरम परियोजना विवादों में घिर गई है।

### क्या कहती है रिपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक परियोजना (मार्च 2022) पर किए गए 86,788.06 करोड़ रुपये के कुल व्यय में से, 55,807.86 करोड़ रुपये (64.3 प्रतिशत) का व्यय (कालेश्वरम सिंचाई परियोजना निगम लिमिटेड) द्वारा उठाए गए ऑफ-बजट उधार (ओबीबी) से पूरा किया गया था। इसके साथ ही परियोजना का लाभ-लागत अनुपात (बीसीआर) बढ़ा दिया गया था। 81,911.01 करोड़ रुपये की कम बताई गई परियोजना लागत के साथ भी, बीसीआर 0.75 बैठता है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि नवीनतम संभावित परियोजना लागत (1,47,427.41 करोड़ रुपये) को ध्यान में रखते हुए, बीसीआर 0.52 बैठता है।

### चुनाव में हार का कारण माना जा रहा बैराज में नुकसान

राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) ने नवंबर में पाया कि मेडीगड्डा बैराज गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। जब तक इसे पूरी तरह से पुनर्निर्मित नहीं किया जाता तब तक यह बेकार हो जाता है। हाल के विधानसभा चुनावों में बीआरएस की हार का एक बड़ा कारण बैराज को हुए नुकसान को माना जा रहा है।

### क्या है कालेश्वर परियोजना

बता दें कि कालेश्वरम परियोजना तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा तैयार की गई डॉ. बी आर अंबेडकर प्राणहिता-चेवेल्ला सुजला श्रवणथी लिफ्ट सिंचाई योजना (पीसीएसएस परियोजना) की एक शाखा है। सीएजी रिपोर्ट के कार्यकारी सारांश में कहा गया है कि तेलंगाना सरकार ने पूरी परियोजना के लिए प्रशासनिक मंजूरी नहीं दी है। इसके बजाय अलग-अलग मंजूरी जारी की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)